RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 180
नई दिल्ली, रविवार, 7 मई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





शिवराज ने मप्र में द केरला स्टोरी को कर मुक्त किया
राष्ट्रीय-11


# मणिपुर हिंसा: 54 ने गंवाई जान

## किरेन रिजिजू ने शांति की अपील के साथ जातीय समुदायों के बीच संवाद शुरू करने का किया अनुरोध

● इंफाल घाटी में शांति बहाली शुरू, शुक्रवार की रात दो मुठभेड़ों में पांच उग्रवादी मारे गए, आईआरबी के दो जवान जख्मी

**एजेंसी।** इंफाल



इंफाल में एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता करते हिंसा ग्रस्त मणिपुर के मुख्यमंत्री बी बीरेन सिंह

**मणिपुर** में हुई जातीय हिंसा में मरने वालों की संख्या बढ़कर 54 हो गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इंफाल घाटी में शनिवार को जनजीवन सामान्य होता नजर आया क्योंकि दुकानें एवं बाजार फिर से खुले और सड़कों पर कार भी चलती दिखीं। हालांकि गैर आधिकारिक सूत्रों के अनुसार हिंसा में 100 से अधिक लोग मारे गए हैं ओर 200 से अधिक घायल हुए हैं।

पुलिस ने बताया कि चुराचांदपुर जिले में शुक्रवार रात दो अलग-अलग मुठभेड़ों में पांच उग्रवादी मारे गए और इंडिया रिजर्व बटालियन के दो जवान घायल हो गए। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने पूर्वोत्तर राज्य में शांति की अपील के साथ-साथ जातीय समुदायों के बीच एक संवाद शुरू करने की अपील की। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने दिल्ली में एक कार्यक्रम के इतर कहा, कई लोगों की जान चली गई है और संपत्ति को नुकसान हुआ है। चाहे मेइती हों या कुकी, दोनों एक ही राज्य के हैं और उन्हें एक साथ रहने की जरूरत है... समाज तभी प्रगति कर सकता है जब शांति हो। सेना और केंद्रीय पुलिस बलों को हवाई मार्ग से लाकर मणिपुर में सुरक्षा बलों की संख्या बढ़ाई गई है। वहीं यह चीज तब स्पष्ट नजर आई जब पीटीआई-भाषा की टीम ने प्रमुख सड़कों और क्षेत्रों का दौरा किया। छात्रों समेत करीब 500 लोग इंफाल हवाईअड्डे पर नजर आए जो हिंसा प्रभावित राज्य से हवाई मार्ग से बाहर निकलने की कोशिश में हैं। इंफाल घाटी और उसके आसपास के पहाड़ी जिलों में भड़के दंगों के शरणार्थियों के (शेष पेज 9)

### नीट-यूजी की परीक्षा स्थगित नई तारीख जल्द

**नई दिल्ली।** मणिपुर में कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए सात मई को होने वाली मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी को स्थगित कर दिया गया है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को यह घोषणा की। एनटीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जिन उम्मीदवारों का परीक्षा केंद्र मणिपुर में है, उनके लिए नई तारीख की घोषणा जल्द की जाएगी। इससे पहले दिन में, केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री राजकुमार रंजन सिंह ने एनटीए को मणिपुर में मौजूदा स्थिति को ध्यान में रखते हुए परीक्षा स्थगित करने के लिए पत्र लिखा था।

# भाजपा की ओर से लोग लड़ रहे कर्नाटक चुनावः मोदी

● कहा-बेंगलुरु में रोड शो के दौरान उन्हें जो अपार जनसमर्थन मिला है, उससे उन्हें यह भरोसा हुआ, लोगों का प्रेम और जुड़ाव अतुलनीय है

**एजेंसी।** बादामी (कर्नाटक)

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि बेंगलुरु में रोड शो के दौरान उन्हें जो अपार जनसमर्थन मिला है, उसने उन्हें विश्वास दिलाया है कि कर्नाटक में 2023 का विधानसभा चुनाव भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से लोग लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु में उन्होंने जो प्रेम और जुड़ाव देखा, वह अतुलनीय है। मोदी ने चुनावी राज्य कर्नाटक के बागलकोट जिले में यहां एक जनसभा में कहा, आज सुबह, मैं बेंगलुरु में जनता जर्नादन के दर्शन के लिए गया।

लोगों ने मुझे काफी प्रेम और स्नेह दिया। विधानसभा चुनाव के तहत 10 मई को वोट डाले जाएंगे, जबकि मतगणना 13 मई को होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि बेंगलुरु में 25 किलोमीटर लंबे रोड शो के दौरान उनका काफिला जिस रास्ते से गुजरा, उसके दोनों ओर लोग खड़े थे। उन्होंने कहा कि सड़क के दोनों ओर लोग अपने परिवारों के साथ खड़े थे। उन्होंने कहा कि दिव्यांग जन तथा अपने नवजात शिशुओं के साथ महिलाएं भी खड़ी थीं। मोदी ने कहा, मैंने बेंगलुरु में जो कुछ देखा, उसके आधार पर मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि यह चुनाव न तो मोदी लड़ रहे हैं, न भाजपा के नेता या हमारे उम्मीदवार लड़ रहे हैं, बल्कि यह चुनाव कर्नाटक के लोग भाजपा की ओर से लड़ रहे हैं। मुझे दिख रहा है कि चुनाव का पूरा नियंत्रण लोगों के हाथों में है। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल (शेष पेज 9)



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को बेंगलुरु में भव्य रोड शो किया। भाजपा के सूत्रों के मुताबिक, बेंगलुरु दक्षिण के सोमेश्वर भवन आरबीआई ग्राउंड से मल्लेश्वरम के सांके टैंक तक का यह रोड शो लगभग तीन घंटे में पूरा हुआ। रोड शो के दौरान कई जगहों पर हनुमान के चित्र वाला भगवा झंडा भी नजर आया है। लोगों ने नारे लगाकर मोदी का स्वागत किया।

### आतंकवाद को पीएम से बेहतर समझता हूं: राहुल

**पायनियर समाचार सेवा।** बेलगावी

**आतंकवाद** के विषय को लेकर कांग्रेस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए हमले के बाद पलटवार करते हुए शनिवार को राहुल गांधी ने कहा कि आतंकवादियों ने उनकी दादी इंदिरा गांधी और पिता राजीव गांधी की हत्या की थी। ऐसे में वह आतंकवाद को प्रधानमंत्री मोदी से बेहतर समझते हैं। उन्होंने यहां चुनावी सभा में यह भी कहा कि प्रधानमंत्री को बहाने बनाने के बजाय कर्नाटक के युवाओं को यह बताना चाहिए कि उन्होंने पिछले तीन वर्षों में प्रदेश में 40 प्रतिशत कमीशन के खिलाफ क्या किया? राहुल गांधी ने कहा कि मेरे परिवार के लोगों को आतंकवादियों ने मारा है। मेरी दादी को मारा, मेरे पिता को मारा है। आतंकवाद क्या होता है, यह क्या करता है, इस बात को प्रधानमंत्री से बेहतर मैं समझता हूं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कर्नाटक विधानसभा चुनाव में फिल्म द केरल स्टोरी को लेकर जारी विवाद का उल्लेख करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा था और आरोप लगाया था कि वह समाज को तहस-नहस (शेष पेज 9)

### निर्वाचन आयोग ने कर्नाटक कांग्रेस को नोटिस जारी किया

**नई दिल्ली(भाषा)।** निर्वाचन आयोग ने भाजपा के खिलाफ अखबारों में प्रकाशित भ्रष्टाचार रेट कार्ड विज्ञापनों को लेकर कांग्रेस की कर्नाटक इकाई को नोटिस जारी किया और कहा कि आरोपों को साबित करने के लिए रविवार शाम तक अनुभवजन्य साक्ष्य उपलब्ध कराए जाएं। भारतीय जनता पार्टी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद शनिवार को नोटिस जारी किया गया। आदर्श आचार संहिता, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम और भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों का हवाला देते हुए निर्वाचन आयोग ने कहा कि यह ''प्रथम दृष्टयौ प्रतीत होता है कि कांग्रेस ने विज्ञापन प्रकाशित कर आदर्श संहिता के प्रावधान का उल्लंघन किया है। कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले, कांग्रेस ने 2019 और 2023 के बीच राज्य में भ्रष्टाचार दरें को सूचीबद्ध करते हुए पोस्टर और विज्ञापन जारी किए तथा भाजपा सरकार को (शेष पेज 9)

# खालिस्तानी आतंकी पंजवार की लाहौर में हत्या

● केसीएफ-पंजवार ग्रुप का प्रमुख था परमजीत सिंह, बाइक सवार बंदूकधारियों ने की फायरिंग, गार्ड जख्मी

● मादक पदार्थ और हथियारों की तस्करी में शामिल था और जुलाई 2020 में उसे आतंकवादी घोषित किया गया था

**एजेंसी।** लाहौर/चंडीगढ़



**वांछित** आतंकवादी और खालिस्तान कमांडो फोर्स (केसीएफ-पंजवार समूह) के प्रमुख परमजीत सिंह पंजवार की शनिवार को पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर में दो अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। यह जानकारी पुलिस ने दी।

पंजवार (63) प्रतिबंधित खालिस्तान कमांडो फोर्स-पंजवार समूह का नेतृत्व कर रहा था और मादक पदार्थ एवं हथियारों की तस्करी और अन्य आतंकी गतिविधियों में शामिल था, जब उसे जुलाई 2020 में भारत द्वारा गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत एक आतंकवादी घोषित किया गया था। पाकिस्तान की पंजाब पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई को बताया कि वह लाहौर में तोखर नियाज बेग के पास सनफ्लावर हाउसिंग सोसाइटी, नवाब टाउन के पार्क में अपने गार्ड के साथ टहल रहा था, जहां वह रहता था।

उन्होंने बताया कि उसी दौरान दो हमलावरों ने उस पर गोलियां चलाईं और एक मोटरसाइकिल से फरार हो गए। पंजवार और उसके सुरक्षा गार्ड को अस्पताल ले जाया गया जहां पंजवार को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि उसके गार्ड की हालत गंभीर बताई जा रही है। अधिकारी ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर कहा, बंदूकधारियों ने पंजवार के सिर में गोली मारी। आईएसआई, मिलिट्री इंटेलिजेंस (एमआई) और काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट सहित पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों ने इलाके की घेराबंदी करके जांच शुरू कर दी है। मीडिया को अपराध स्थल पर जाने की अनुमति नहीं है। शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया गया है।

भारत के पंजाब में तरनतारन जिले का रहने वाला पंजवार मादक पदार्थ और हथियारों की तस्करी में शामिल था और जुलाई 2020 में उसे गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत एक आतंकवादी घोषित किया गया था। वह 1986 में केसीएफ में शामिल हुआ था। बाद में वह संगठन का प्रमुख बन गया और पाकिस्तान चला गया। केसीएफ को यूएपीए के तहत एक आतंकवादी संगठन के तौर पर सूचीबद्ध किया गया था। हालांकि पंजवार पिछले कुछ वर्षों से निष्क्रिय था लेकिन वह लाहौर से संचालन कर रहा था और पाकिस्तान में युवाओं के लिए हथियार प्रशिक्षण की व्यवस्था करने में (शेष पेज 9)

# हुक्का बार में नाबालिग की गोली मारकर हत्या

● वारदात में स्थानीय बदमाशों का हाथ होने का शक, एक किशोर आरोपी की पहचान: पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**दक्षिणी-पूर्वी** दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके में शनिवार को एक हुक्का बार में 17 वर्षीय लड़के की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। झगड़े में एक अन्य युवक घायल हो गया। वारदात में संलिप्त एक नाबालिग आरोपी की पहचान हो गई है। कालकाजी थाने में दोपहर बाद सवा तीन बजे घटना के संबंध में पीसीआर कॉल की गई।

पुलिस फौरन गोविंदपुरी एक्सटेंशन में मौके पर पहुंची, जहां एक बिल्डिंग के पहले फ्लोर पर गुपचुप तरीके से हुक्का बार चल रहा था। यह हुक्का बार 1 अप्रैल को बंद कर दिया गया था, लेकिन अवैध रूप से अब भी इसमें गतिविधियां जारी थीं। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण पूर्व) राजेश देव ने बताया कि मौके पर पहुंचने पर पुलिस को फर्श पर खून और टिश्यू बिखरे मिले।

पीड़ित कुणाल को उस समय एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया जा चुका था। उसके सिर में गोली लगी थी। राजेश देव ने कहा कि जब पुलिस अस्पताल पहुंची तो पता चला कि उसे मृत घोषित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि एक अन्य युवक राहुल को भी पैर में गहरी चोट लगी। उसे भी अस्पताल लाया गया था। पुलिस को प्रारंभिक जांच (शेष पेज 9)

# राजौरी में आतंकवादी ढेर, रक्षामंत्री ने लिया सुरक्षा स्थिति का जायजा

● आतंकियों की धरपकड़ के लिए सेना ने संयुक्त अभियान किया और तेज

**पायनियर समाचार सेवा।** राजौरी/जम्मू



राजौरी में सुरक्षा बलों से भेंट करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**जम्मू-कश्मीर** के राजौरी जिले के घने जंगली क्षेत्र में जारी आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने शनिवार को एक आतंकवादी को मार गिराया। माना जाता है कि मारा गया आतंकी इस साल की शुरुआत में धांगड़ी गांव में आम लोगों पर हुए हमले में शामिल था।

इस बीच, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिलों-राजौरी और पुंछ में सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया। राजौरी में जारी अभियान के दौरान शुक्रवार को आतंकवादियों द्वारा किए गए विस्फोट में सेना के पांच जवान शहीद और मेजर रैंक के एक अधिकारी घायल हो गए थे। आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े संगठन पीपुल्स एंटी फासिस्ट फ्रंट (पीएएफएफ) ने शुक्रवार के हमले की जिम्मेदारी ली है। जम्मू में सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल देवेंद्र आनंद ने बताया कि राजौरी सेक्टर के कांडी वन में जारी सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के संयुक्त अभियान में शनिवार सुबह करीब सात बजे आतंकवादियों की घेराबंदी की गई। इसके बाद हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी को ढेर कर दिया गया और एक आतंकवादी संभवत: घायल हुआ है। प्रवक्ता ने कहा कि मारे गए आतंकवादी के पास से एके-56 राइफल, चार मैगजीन, 56 गोलियां, नौ एमएम का एक पिस्तौल, उसके तीन मैगजीन और तीन ग्रेनेड बरामद किए गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि मारे गए आतंकवादी की पहचान के लिए बुलाए गए बथुनी गांव के कुछ लोगों ने कहा कि वह क्षेत्र में सक्रिय आतंकी समूह का हिस्सा था। माना जाता है (शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### क्रिकेटर नीतीश की पत्नी का पीछा किया, दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान नीतीश राणा की पत्नी साची मारवाह का कथित तौर पर पीछा करने और उन्हें परेशान करने के आरोप में पश्चिमी दिल्ली में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मारवाह ने इस संबंध में शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर आरोपियों द्वारा परेशान किए जाने का वीडियो पोस्ट किया था। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) घनश्याम बंसल ने बताया कि गुरुवार की रात करीब साढ़े आठ बजे क्रिकेटर नीतीश की पत्नी साची मारवाह ड्राइवर के साथ अपनी कार से छतरपुर से घर वापस जा रही थीं। इस दौरान कीर्ति नगर इलाके में लाल बत्ती के पास बाइकसवार दो लोगों ने तेज गति से उनकी कार को पार किया और सामने लाकर मोटरसाइकिल रोक दी। इसके बाद दोनों ने उन्हें घूरना शुरू कर दिया और उनकी कार पर हाथ फेरा। आरोपियों की पहचान पांडव नगर निवासी चैतन्य शिवम (18) और पटेल नगर निवासी विवेक (18) के रूप में हुई है। कीर्ति नगर थाने में विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर आरोपियों को पकड़ लिया गया है।

# भव्य समारोह में ब्रिटेन के महाराजा बने चार्ल्स तृतीय

● समारोह को दिया गया बहु-धार्मिक स्वरूप

**भाषा।** लंदन



लंदन में ब्रिटेन के महाराजा बनने के बाद जनता का अभिवादन करते महाराजा चार्ल्स और महारानी कैमिला

**लंदन** के वेस्टमिंस्टर एबे में शनिवार को एक भव्य समारोह को बहु-धार्मिक स्वरूप देते हुए पारंपरिक रस्म के साथ चार्ल्स तृतीय का ब्रिटेन के 40वें महाराजा के रूप में आधिकारिक राज्याभिषेक किया गया। उनकी मां, महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की 70 वर्ष पहले की गई यादगार ताजपोशी की तरह यह समारोह भी आयोजित किया गया।

प्रभु महाराजा की रक्षा करे के उद्घोष और गिरजाघर के घंटे की ध्वनि के बीच चार्ल्स तृतीय (74) को 360 साल पुराना सेंट एडवर्ड का रत्न जड़ित औपचारिक रूप से पहनाया गया। इसके बाद चार्ल्स और उनकी पत्नी, महारानी कैमिला (75) ने लंदन में बकिंघम पैलेस की बालकनी में खड़े होकर सैकड़ों लोगों का अभिवादन किया, जो उनकी एक झलक पाने के लिए बारिश की परवाह नहीं करते हुए घंटों से वहां एकत्र थे। चार्ल्स और कैमिला के साथ प्रिंस एंड प्रिंसेज वेल्स, विलियम और केट तथा शाही परिवार के कुछ अन्य सदस्य भी थे। एबे पहुंचने पर चार्ल्स का अभिवादन किया गया, जिनमें कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष और समुदायों के प्रतिनिधि भी शामिल थे। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और उनकी पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ ने इस ऐतिहासिक अवसर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया। ताज पहनाने की परंपरा पुरानी है, जो धार्मिक महत्व रखती है।

यह रस्म काफी पवित्र और पारंपरिक है, जो आज के समय महाराजा की भूमिका को प्रदर्शित करती है और भविष्य की ओर देखती है। धार्मिक समारोह में पांच चरण होते हैं: मान्यता, शपथ, अभिषेक, संस्कार और ताज पहनाना तथा सिंहासनरूढ़ करना। शाही राजकीय ताज या राज मुकुट, वह ताज है जिसे महाराजा ने ताजपोशी समारोह के अंत में 17वीं सदी के, सेंट एडवर्ड के ताज की जगह पहना। शाही राजकीय ताज का उपयोग संसद सत्र के शुरू होने जैसे अवसरों पर भी किया जाता है। मौसम खराब रहने के कारण रॉयल एयर फोर्स का फ्लाईपास्ट संक्षिप्त कर दिया गया। समारोह का समापन सेना के बैंड द्वारा ब्रिटेन के राष्ट्रगान की धुन बजाने के साथ हुआ। इससे पहले, दो घंटे तक चली करीब हजार वर्ष पुरानी धार्मिक रस्म की शुरुआत बकिंघम पैलेस की बालकनी में खड़े होकर सैकड़ों लोगों का अभिवादन तृतीय द्वारा कैंटरबरी के आर्चबिशप के समक्ष पद की शपथ लेने के साथ शुरू हुई, जिसमें ब्रिटेन के प्रथम हिंदू प्रधानमंत्री ऋषि सुनक द्वारा एक धार्मिक ग्रंथ पढ़ा जाना भी शामिल है।

धार्मिक समारोह में चार्ल्स और उनकी पत्नी कैमिला द्वारा पद की साथ-साथ शपथ लेने के लिए ईश्वर को साक्षी मानते हुए सांकेतिक रूप से फिर से विवाह करना भी शामिल है। हिंदू, सिख, मुस्लिम, बौद्ध और यहूदी समुदायों के प्रतिनिधियों ने चार्ल्स की ताजपोशी से पहले एबे में एक जुलूस निकाला तथा समारोह के दौरान ब्रिटिश संसद के उच्च सदन हाउस ऑफ लॉर्ड्स के भारतीय मूल के सदस्यों ने चार्ल्स को पारंपरिक लिबास आदि वस्तुएं सौंपी। ब्रिटिश सिख एवं ब्रिटेन की संसद के सदस्य लॉर्ड इंदरजीत सिंह ने राज्याभिषेक के दौरान चार्ल्स तृतीय को एक दस्ताना सौंपा। यह मूल रूप से एक ईसाई समारोह में विभिन्न धर्मों को महत्व दिए जाने को प्रदर्शित करता है। सिंह ने ऐतिहासिक समारोह से पहले एक साक्षात्कार में कहा, मेरे लिए यह काफी सम्मान की बात है, लेकिन इससे भी कहीं अधिक इस देश में और भारत में सिख समुदाय के लिए गौरव की बात है।

यह महाराजा की समावेशिता की दृष्टि को मान्यता देता है। वहीं, समारोह में मुस्लिम समुदाय का प्रतिनिधित्व कर रहे भारतीय-गुयाना मूल के लॉर्ड सैयद कमाल ने ब्रेसलेट सौंपा। हिंदू समुदाय का प्रतिनिधित्व कर रहे लॉड नरेंद्र बाबूभाई पटेल ने अंगूठी सौंपी और यहूदी समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले बैरोनेस गिलान मेरन ने महाराजा के को शाही लिबास सौंपा। राज्याभिषेक के बाद, चार्ल्स और कैमिला शाही बग्घी डायमंड जुबली स्टेट कोच में सवार होकर वेस्टमिंस्टर पैलेस से एबे पहुंचे। उनके साथ (शेष पेज 9)

# 250 लोग संभालते थे अनिल दुजाना का काला कारोबार

## 40 मोबाइल नंबरों से खुलेंगे 150 करोड़ की अवैध संपत्तियों के राज, इन दिनों गैंगस्टर शहजाद से चल रहा था विवाद

● यूपी एसटीएफ ने बताया कि दुजाना विवादित संपत्तियों के विवादों में धन वसूली करता था



**पायनियर समचार सेवा।** नोएडा

कुख्यात अनिल दुजाना ने 21 सालों तक खौफ पैदा करके करीब 150 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति कमाई थी। यह पूरी संपत्ति अवैध है।

अभी तक की जांच में यह भी पता चला है कि अनिल दुजाना के करीबी 250 लोग हैं। जो उसके नाम पर रंगदारी मांगते हैं और आतंक फैलाते हैं, लेकिन अनिल दुजाना की मौत के बाद पूरा गैंग शांत हो गया है। फिर भी पुलिस इन 250 लोगों को निकालकर लाएगी। इनकी कुंडली निकाली जा रही है। विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक अनिल दुजाना के पास एक मोबाइल फोन मिला है। जिसमें करीब 40 लोगों के कांटेक्ट नंबर हैं। अब यूपी एसटीएफ पुलिस और अन्य एजेंसी इस बात का पता लगाने में लग गई है कि ये 40 लोग कहां पर हैं, क्या करते हैं, अनिल दुजाना से कैसे संपर्क हैं और अनिल दुजाना के लिए कैसे काम करते हैं, यूपी एसटीएफ ने बताया कि अनिल दुजाना एक शातिर किस्म का अपराधी था, जो अपने गैंग के सदस्यों की रंजिश और उनके आर्थिक लाभ को ध्यान में रखकर अपना गैंग चलाता था। लगातार गैंग में नए सदस्य जोड़ता रहता था।

दूसरे गैंग के साथ मिलकर भी अपराध करता था। अपने प्रतिद्वंदी और आर्थिक लाभ के लिए नृशंस हत्याएं करवाता था। अनिल दुजाना का जुड़ाव रणदीप भाटी रिठौरी गैंग से है। साथ ही मुकीम काला गैंग से भी अनिल दुजाना की घनिष्ठता है। शुरुआती दौर में अनिल दुजाना, रणदीप भाटी गैंग के लिए हत्या करता था, लेकिन बाद में उसने अपना मजबूत गैंग बना लिया था।

यूपी एसटीएफ ने बताया कि अनिल दुजाना विवादित संपत्तियों के विवादों में धन वसूली करता था। जिसमें शहजाद मामा और चंद्रपाल बंबावड़ उसके सहयोगी थे। यह लोग विवादित संपत्तियों से जुड़ी पार्टियों की मुलाकात अनिल दुजाना से करवाते थे। फिलहाल शहजाद मामा से पैसे के बंटवारे को लेकर अनिल दुजाना की नाराजगी चल रही थी।

बादलपुर कस्बे में अनिल दुजाना के लिए तहबाजारी की वसूली बिल्लू दुजाना करता था। इस पैसे की बेईमानी को लेकर अनिल दुजाना से बिल्लू की अनबन हो गई। एसटीएफ के मुताबिक सिकंदराबाद में एक विवादित संपत्ति को लेकर खिज्जू ने अनिल दुजाना को पैसे नहीं दिए।

इस पर तेजू और अनिल दुजाना के बीच भी अनबन हो गई। फिलहाल अनिल दुजाना का काम उसका भाई मेनपाल, बबलू, चंद्रपाल बंबावड़, हरेंद्र प्रधान, शालू, सुनील दुजाना, अनिल दुजाना और कुलदीप नागर देख रहे हैं। यूपी एसटीएफ ने एक वकील को भी गैंग के लिए पैसों के लेनदेन और पैरोकारी में शामिल बताया है। गैंगस्टर की खास बात यह थी कि वह जिसे भी अपने गैंग में शामिल करता था, पहले उसे जय दादी सती के नाम से शपथ दिलाता था।

उसका मानना था कि यह शपथ लेने के बाद कोई भी गैंग सदस्य उसके साथ विश्वासघात नहीं करेगा। जेडीएस उसका कोड बन चुका था, जिससे गैंग का हर सदस्य वाकिफ था। इसके अलावा वह जब भी जेल से बाहर आता था तब अपने गांव दुजाना में जाकर जय दादी सती मंदिर में पूजा भी करता था।

अनिल दुजाना जब भी किसी की हत्या करता या फिर किसी अन्य आपराधिक वारदात को अंजाम देता तो कहता था कि जय दादी सती, हो गया काम। उसकी गाड़ी पर भी जेडीएस लिखा था। बताया जाता है कि एक समय ऐया था कि दुजाना के खौफ वाले इलाकों में लोग जेडीएस देख घर तक छोड़ देते थे।

# आम्रपाली समूह के चैयरमेन की जमानत याचिका खारिज, सुप्रीम कोर्ट बोला- जेल का लें आनंद

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



सुप्रीम कोर्ट ने आम्रपाली समूह के चैयरमेन अनिल कुमार शर्मा की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आम्रपाली समूह के अनिल कुमार शर्मा ने हजारों खरीदारों को धोखा दिया है, ऐसे में अनिल कुमार शर्मा को जमानत नहीं मिलेगी।

अनिल शर्मा करीब 4 सालों से जेल में बंद है। कुछ समय पहले बीमारी के नाम पर अनिल शर्मा को जमानत मिली थी। कुछ दिनों के लिए अनिल शर्मा बाहर आया था, लेकिन दोबारा से जेल चला गया है। इस मामले में जब खुलासा हुआ तो पता चला कि अनिल कुमार शर्मा ने हजारों घर खरीदारों को धोखा देते हुए करोड़ों रुपए हड़पे हैं।

यह फैसला जस्टिस अजय रस्तोगी और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी ने सुनाया है। फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने कहा, यह साधारण धोखाधड़ी का मामला नहीं है। हजारों घर खरीदारों की दुर्दशा देखिए। आपको हमारी सहानुभूति नहीं मिल सकती। बेहतर होगा कि आप जेल में रहने का आनंद लें। आपने जो किया, उस बारे में अदालत को अच्छी तरीके से पता है। आपने जो गड़बड़ी की है, हम उससे बाहर निकलने का रास्ता नहीं खोज पा सकते हैं। आपको बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर आम्रपाली के चेयरमैन अनिल शर्मा को गिरफ्तार किया गया था। अनिल शर्मा के साथ उनके दो साथियों को गिरफ्तार किया गया था। यह कार्रवाई हजारों करोड़ के फर्जीवाड़े के मामले में की गई। अनिल और उनके साथियों के खिलाफ 38 से भी ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं।

# नोएडा में लगातार घट रहे कोविड के मामले

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● 35 मरीज ठीक हुए, अभी नौ अस्पताल में भर्ती



नोएडा में 24 घंटे में 11 कोरोना के मरीज सामने आए है। वहीं 35 मरीज ठीक हुए है। 150 सक्रिय मामले है जिसमें से नौ मरीजों का इलाज अस्पताल में किया जा रहा है। 24 घंटे में 655 सैंपल लिए गए। वहीं एक सप्ताह में पहली बार ऐसा हुआ है कि कोई भी बच्चा कोरोना पॉजिटिव नहीं है। अब तक 493 रोगियों की मौत हुई है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि लोग मास्क पहनें और सामाजिक दूरी का पालन करें। यदि किसी व्यक्ति में कोरोना के लक्षण हैं तो वे जांच जरूर कराएं। सरकारी अस्पतालों में कोरोना की निशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध है।

कोरोना की पुष्टि होने पर स्थिति के आधार पर या तो अस्पताल में इलाज कराए या होम आइसोलेशन में रहें। 30 अप्रैल को अस्पतालों में जहां कोरोना संक्रमित 27 रोगी भर्ती थे, वहीं शनिवार को यह संख्या घटकर 9 हो गई। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार किसी भी मरीज की हालत गंभीर नहीं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि कोरोना पीड़ित मरीजों के संपर्क में रहे लोगों की कांटेक्ट ट्रेसिंग की जा रही है। इनमें से जिन लोगों को बुखार और सर्दी.जुकाम है, उनकी कोरोना जांच कराई जा रही है। होम आइसोलेशन मरीजों से उनके स्वास्थ्य का अपडेट लिया जा रहा है। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ जुगल किशोर ने कहा कि ओमिक्रॉन का नया वैरिएंट तेजी से फैलने वाला है। यह वैरिएंट प्रतिरोधक क्षमता को चमका देने में सक्षम है। जितने लोगों को इससे संक्रमण होना था, हो चुका है। इनमें से कुछ में लक्षण बिल्कुल नहीं आए, जबकि बाकी को सामान्य सर्दी जुकाम और बुखार हुआ था।

## संक्षिप्त समाचार

### डीपीएसजी इंटरनेशनल में नई छात्र समिति गठित



**गाजियाबाद।** डासना स्थित डीपीएसजी इंटरनेशनल स्कूल में सत्र 2023-24 के लिए नई छात्र समिति के गठन के लिए पदरोहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवस पर 10वीं और 12वीं के छात्रों ने 'खिलता उजियारा' थीम सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। कार्यक्रम में डीपीएसजी ऑफ स्कूल के डायरेक्टर राजेश खन्ना, नवीन ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल के डायरेक्टर अनिल तोमर तथा क्रानटाँस कंपनी के मैनिजिंग डायरेक्टर रणजीत सिंह राय मौजूद थे। बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में डॉ. अनिल तोमर ने बच्चों को टाइम मैनेजमेंट और टीम स्पिरिट्स के बारे में बताया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सोमा सिंह और प्रॉक्टर रेखा गुलेरिया का विशेष योगदान रहा।

### नारद जयंती पर युवा महोत्सव का आयोजन



**गाजियाबाद।** देवर्षि नारद के प्राकट्योत्सव के अवसर पर राजेंद्र नगर, में भक्तिमय युवा महोत्सव का नरेश भैया (श्रीमन नारदीय भगवत निकुंज) के तत्वाधान में भव्य आयोजन किया गया। महोत्सव में युवा कृष्ण भक्तों के द्वारा भजन संकीर्तन के साथ संत गोस्वामी तुलसीदास के चरित्र का नाट्य मंचन, बाल भक्तों के द्वारा गीता के श्लोक का वाचन किया गया। इस अवसर पर वृंदावन के अनिरुद्धाचार्य महाराज एवं इंद्रेश महाराज ने अमृत धारा का प्रवाह किया। ज्ञात रहे कि नरेश भैया के तत्वाधान में शालीमार गार्डेन (गणेशपुरी) में श्री राधामाधव मंदिर में युवान बालकों में अध्यात्मिक ज्ञान एवं संस्कार का सृजन किया जा रहा है।

### रालोद प्रत्याशी पर आपित्तजनक टिप्पणी

**गाजियाबाद।** मुरादनगर नपाप से अध्यक्ष पद के लिए रालोद प्रत्याशी सलमा के पति इमरान एडवोकेट के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपित्तजनक टिप्पणी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। शादाबा सैफ ी के ट्विटर हैंडल से गाजियाबाद पुलिस व डीसीपी ग्रामीण रवि कुमार को ट्वीट किया गया है कि यह लड़का लोकदल गठबंधन प्रत्याशी सलमा के पति एडवोकेट इमराल व धर्म विशेष के खिलाफ आपित्तजनक टिप्पणी करके माहौल खराब करने का प्रयास कर रहा है।


सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतदद्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/ गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अनिल कुमार चानना, रजनी बाला, जीएफ-1, प्लॉट नंबर 93, सेक्टर-6, वैशाली, गाजियाबाद-201010 खाता : LBGHZ00001461837 | फ्लैट नंबर जीएफ 1, भू तल, छत के अधिकार नहीं, प्लॉट नंबर 93, सेक्टर-6, वैशाली, गाजियाबाद | 13-03-2023 रू. 5,90,077/- | 09.01. 2023 |
| 2. | पंकज राणा, धन सिंह राणा, फ्लैट नंबर एस-149 ए, इंद्रप्रस्थ आशियाना योजना, लोनी, गाजियाबाद-201102 खाता :- LBGHZ00004943275 | फ्लैट नंबर यूजी 3, अपर ग्राउंड फ्लोर, एलआईजी टाइप, एलएचएस फ्रंट साइड, प्लॉट नंबर डी-990, इंद्रप्रस्थ, जीडीए योजना, गाजियाबाद | 13-03-2023 रू. 8,03,904/- | 03.01. 2023 |
| 3. | रीमा सरकार, अम्बर सरकार, डी 1/0389, वसंत कुंज, दिल्ली-110070 खाता :- LBDEL00002080684 | फ्लैट नंबर 508, छठा तल, नर्मदा टावर, वृंदावन ग्रीन्स, प्लॉट नंबर -1, फेज-2, मथुरा | 13-03-2023 रू. 5,59,853/- | 09.01. 2023 |
| 4. | सिमरप्रीत सिंह, हरमीन कौर, कम्पेयर इन्फोबेस लिमिटेड, 142, चरक सदन, विकास पुरी, दिल्ली-110018 खाता : LBDEL00001851079 | यूनिट नंबर एच-092, जेपी ग्रीन्स स्पोर्ट्स सिटी, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा | 13-03-2023 रू. 8,56,058/ | 30.01. 2023 |
| 5. | प्रदीप कुमार सिन्हा, भारती सिन्हा, 608, अरावली, कौशाम्बी, गाजियाबाद-201010 खाता : LBDEL00001411686 | फ्लैट नंबर जी 4, अपर ग्राउंड फ्लोर, छत के अधिकार नहीं, बैक साइड, प्लॉट नंबर ज्ञान खंड-आई/245, इंदिरापुरम, गाजियाबाद | 13-03-2023 रू. 6,00,550/ | 09.01. 2023 |
| 6. | राकेश, पारस शर्मा, मकान नंबर 1677, गली नंबर 13, राजगढ़ कालोनी, गांधी नगर, राजगढ़ कालोनी, ईस्ट दिल्ली, राजगढ़ कालोनी, दिल्ली, दिल्ली 110031 खाता : LBNOD00005147580 | फ्लैट नंबर 10105, प्रथम तल, ब्लॉक एल, गौड़ सिटी 7वां एवेन्यू, प्लॉट नंबर जीएच-01, सेक्टर-4, ग्रेटर नोएडा, नोएडा | 13 03 2023 रू. 5,24,002/- | 30.11. 2022 |
| 7. | सिम्मी विज, राजेश कुमार विज, जेजी 1/8 ए, विकासपुरी दिल्ली, विकासपुरी, दिल्ली-110018 खाता :- LBDEL00004913388 | प्लॉट नंबर एफ 64, तृतीय तल, छत के अधिकार सहित, ब्लॉक एफ, विकासपुरी, दिल्ली | 13-03-2023 रू. 43,56,293/ | 03.01. 2023 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 06 मई, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखाकार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉटनंबर 23, न्यूरोहतक रोड, करोलबाग, दिल्ली-110005

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुन र्निर्माण तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत यह सूचना (दीवान हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित अधोवर्णित समूह के संबंध में) डीएचएफएल तथा निम्नलिखित कर्जदार(रों) के बीचहुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में प्रतिभूति के प्रवर्तन के विषय में जारी की जार ही है। उक्तकर्जदार/रों ने उनके द्वारा प्रतिभूत लेनदार से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित सूचना भेजी गई थी, जो बिना सुपुर्दगीवाप सप्राप्त की जाचु की है और इसलिए एतद् द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम/ऋण खाता संख्या (डीएचएफएल ओल्ड एलएएन एवं आईसीआईसीआई न्यू एलएएन) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | चांद कुरेशी, मुबीन, एस-221/157, एफ/एफ, गलीनंबर 5, विष्णु गार्डन, दिल्ली, खाता संख्या :- क्यूजैडजीआरएन00005005938 | सम्पत्ति सं. एस-221/77-78, अपरग्राउंड फ्लोर, प्लॉट नंबर 77-78 का भाग, खसरा नंबर 20/13, ग्राम खयाला, विष्णुगार्डन, गली नंबर 1, दिल्ली-121007 | 08-04-2023 रू. 21,79,793/- | 10-10-2022 |
| 2. | राहुल, मंजू, 16/738, गली नंबर 9, एच ब्लॉक, बापानगर, करोलबाग, मिलिटरी रोड, दिल्ली, खाता संख्या :- क्यूजैडजेएनके00004999579 | गली नंबर 7, ग्राम बिंदापुर, विश्वासपार्क, दिल्ली-121007 | 08-04-2023 रू. 15,24,724/- | 08-08-2022 |
| 3. | शंकर साहा, गंगादेवी, 61/2 बी, अनारकली गार्डन, जगतपुरी, दिल्ली खाता संख्या :- क्यूजैडजीआरएन00005003379 | सम्पत्ति सं. बी-44, प्रथम तल, ग्राम खुरेजी खास, जगतपुरी, इलाका शाहदरा, दिल्ली-121007 | 08-04-2023 रू. 14,07,897/- | 08-11-2022 |
| 4. | हरि किशन राय, बीनूराय, एस/ओराजेन्द्र प्रसाद राय, डब्ल्यू65/195, इंद्राकैम्प नंबर 3, विकासपुरी, तिलक नगर, दिल्ली खाता संख्या :- क्यूजैडडीईएल00004997807 | के एच नंबर 904 से 911, ग्राम नवादा, ब्लॉक-अनाना, दिल्ली-110059 | 08-04-2023 रू. 12,06,587/- | 09-01-2023 |
| 5. | सुखेंदु पाल, मुनमुन पाल, 64, डीब्लॉक, गलीनंबर 9, महावीर एन्क्लेव 3, दिल्ली खाता संख्या :- क्यूजैडजीआरएन00005002524 | सम्पत्ति सं. एफ-383, गली नंबर 87, प्लॉट नंबर 383, खसरा 111/1, फेज 3/1, ग्राम पालम, महावीर एन्क्लेवपार्ट-III, दिल्ली-100023 | 08-04-2023 रू. 9,29,157/- | 08-08-2022 |
| 6. | विनोद झा, रंजीत कुमार झा, सरस्वती देवी, 23 एल-1437, निकट पानी की टंकी, मंगोल पुरी, नॉर्थवेस्ट दिल्ली, दिल्ली खाता संख्या :- क्यूजैडजेएनके00005023880 | सम्पत्ति सं. 628, तृतीय तल, छत के साथ, रोहिणी, दिल्ली-110085 | 08-04-2023 रू. 8,82,310/- | 11-07-2022 |
| 7. | सुभाष चंद, सुनीता देवी, मकान नंबर 81, मुंडका ग्राम, नांगलोई, दिल्ली, खाता संख्या :- क्यूजैडडीईएल00004999218 | 506, 5वां तल, टावर-सी 4, ऐवलोनहोम्स, अलवर बाईपास, भिवाडी, राजस्थान-301707 | 08-04-2023 रू. 6,95,703/- | 03-08-2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जारहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

प्राधिकृतअधिकारीस्थान : दिल्ली
तिथि : 06-05-2023
एनसीआरआईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


# नोएडा एयरपोर्ट से फिल्म सिटी के बीच चलेगी पॉड-टैक्सी

● परियोजना पर 641 करोड़ रुपये होंगे खर्च



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

यमुना प्राधिकरण के द्वारा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से फिल्म सिटी तक पॉड टैक्सी चलाई जाएगी। इस कॉरिडोर की लंबाई 14.1 किलोमीटर का होगा और इस पर 641.53 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

यह पॉड टैक्सी यमुना प्राधिकरण के सभी इंडस्ट्रियल सेक्टर से होकर गुजरेगा। दरअसल, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से फिल्म सिटी तक पॉड टैक्सी परियोजना प्रस्तावित है। इसके लिए डीपीआर तैयार हो चुकी है और जमीन प्राधिकरण के पास उपलब्ध है।

पॉड टैक्सी परियोजना से पहले प्राधिकरण के द्वारा जापान, कोरिया और लंदन में संचालित पॉड टैक्सी परियोजना का अध्ययन भी कर लिया गया है। यमुना विकास प्राधिकरण के सीईओ अरुण वीर सिंह ने बताया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से फिल्म सिटी सेक्टर-21 तक पॉड टैक्सी परियोजना प्रस्तावित है। यह यमुना प्राधिकरण के सभी सेक्टरों से गुजरते हुए फिल्म सिटी पहुंचेगी। इस कॉरिडोर की लंबाई 14.1 किलोमीटर का होगी और इस पर 641.53 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसकी डीपीआर तैयार कर कर उत्तर प्रदेश सरकार के सामने रखी गई थी, जिसके जापान, कोरिया और लंदन देशों में संचालित पॉड टैक्सी परियोजना का अध्ययन करने के लिए बोला गया था। प्राधिकरण के द्वारा प्रस्तावित अन्य देशों में पॉड टैक्सी परियोजना का अध्ययन कर लिया गया है।

सीईओ अरुण वीर सिंह ने बताया कि शासन के सामने डीपीआर प्रस्तुति के समय कमेटी ने पहले उन देशों का अध्ययन करने के लिए बोला गया। जहां पर यह पॉड टैक्सी चल रही है। जिन देशों जापान, साउथ कोरिया और लंदन में पॉड टैक्सी चल रही है उसका अध्ययन करा लिया गया है। यमुना प्राधिकरण में इंडियन पोर्ट रेल एंड रोपवे कॉरपोरेट लिमिटेड आईआरपीसीएल के साथ प्राधिकरण में अधिकारियों की बैठक हुई है। जिसके बाद इसको अप्रूवल के लिए शासन के पास जल्द ही भेज दिया जाएगा।

अरुण वीर सिंह ने बताया कि इस परियोजना के लिए जमीन प्राधिकरण के पास उपलब्ध है डीपीआर तैयार हो चुकी है शासन से अनुमति मिलते के साथ ही इस पर जल्द कार्य शुरू हो जाएगा। यमुना प्राधिकरण में पोर्ट टैक्सी के लिए नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से फिल्म सिटी तक 14.1 किलोमीटर का कॉरिडोर बनाया जाएगा।

## पुलिस ने हुक्का बार पर छापा मारकर दो पकड़े

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाने के एसएचओ देवपाल सिंह पुण्डीर की टीम ने सोशल मीडिया पर वायरल होने वाली वीडियो के आधार पर वसुंधरा स्थित डबास प्लॉजा में स्थित लुक्स सैलून के अंदर छापा मारकर वहां अवैध रूप से सचालित किए जा रहे हुक्का बार का भंडाफोड़ कर दिया। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने हुक्का बार संचालक सहित दो को गिरफ्तार कर लिया और मौके से कई हुक्के व पाईप, हुक्के की प्लेट, कॉइल पैकेट व तंबाकू समेत अन्य सामग्री बरामद की।


**PUBLIC NOTICE**

**Plot No. 39, Block-BP, Pocket-3, Bindapur, Dwarka, Delhi**

That our client Jagdish Prasad, proposes to purchases the above said property from Mange Ram Bansal s/o late Ram Chander Bansal, who has assured our client that he is absolute owner in possession of the above said property vide Relinquishment deed No. 10754 dated 28.04.23, executed by Pawan Bansal, Raj Bala and Kamlesh Garg in his favour. The said property previously allotted by DDA to Ram Chander Bansal vide Conveyance deed vide No.1572 dated 23.02.22 who died intestate on 15.06.22 and left behind Mange Ram Bansal, Pawan Bansal, Raj Bala and Kamlesh Garg as only legal heirs.

Under the circumstances, notice is hereby given to the General Public, Bank/Financial institutions or other person/s, organization/s, company/ies, government authority/ies, having any claim, rights, title, or any interest of any nature whatsoever into or upon the said property, is hereby called upon to make the same known, in writing with documentary evidence by registered AD Post to the undersigned at the address mentioned hereinbelow within 07 days of the publication of this notice and in the event no response having been received to the notice, the title of Mange Ram Bansal to the said property shall be deemed to be clear of any claim, charge or encumbrance of any nature whatsoever and any subsequent claim shall not bind our client in any manner whatsoever.

Kumar Abhishek
Advocate
Legal Access
132A, Anarkali Complex,
Jhandewalan Ext. New Delhi


# एनआरआई से तंत्र-मंत्र के नाम पर 2.75 करोड़ की ठगी

● इलाज के नाम पर किया था फर्जीवाड़ा, दो गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



ग्रेटर नोएडा की बीटा 2 पुलिस ने एक अमेरिकन एनआरआई से तंत्र-मंत्र कर इलाज करने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह लोग 8 अप्रैल से फरार चल रहे थे। पुलिस इनके गिरोह के 4 सदस्यों को पहले ही जेल भेज चुकी है।

इन लोगों ने अमेरिकी एनआरआई को करीब 10 महीने तक एक कमरे में बंधक बनाकर रखा और उसके साथ ठगी की घटना को अंजाम दिया। अमेरिकन एनआरआई से इलाज के नाम पर ठगी करने के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने अल्फा 1 मेट्रो स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस दौरान उत्तराखंड निवासी वीरेंद्र प्रसाद और मुरादाबाद निवासी जयपाल को गिरफ्तार किया है।

दरअसल, 7 अप्रैल को वादी किरण शर्मा द्वारा मेल कर शिकायत दी गई कि मेरे पति संजय शर्मा मूल रूप से पंजाब के रहने वाले हैं। फिलहाल यह ग्रेटर नोएडा एनआरआई सिटी में रह रहे हैं। उनको कुछ लोगों ने तंत्र-मंत्र करके इलाज करने के नाम पर उनके ही फ्लैट पर बंधक बना कर उनसे वह लोग करोड़ों रुपए ठग चुके हैं। इस सूचना के बाद पुलिस ने उनके फ्लैट पर छापेमारी की और उनके पति को उनके चंगुल से छुड़ाया और एक महिला सहित 4 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी साद मिया खान ने बताया कि वादी किरण शर्मा के पति संजय शर्मा की मुलाकात मार्च 2022 में हिमांशु व उसकी पत्नी मोनी उर्फ मोना से गार्डन गेलेरिया स्थित क्लब में हुई थी। जहां पर संजय शर्मा ने अपनी हार्ट की बीमारी के बारे में हिमांशु को बताया तो हिंमांशु व उसकी पत्नी ने भरोसा दिलाया कि हमारे गुरूजी मौहम्मद फैजान जो मुरादाबाद के रहने वाले हैं, जिनके अंदर तंत्र मंत्र की दैवीय शक्तियां हैं, वो आपको ठीक कर देंगे।

संजय शर्मा ने विश्वास करके उन्हें अपना ग्रेटर नोएडा का पता दे दिया। फिर कुछ दिन बाद अप्रैल 2022 में हिमांशु, उसकी पत्नी मोना अपने गुरू मौहम्मद फैजान व उसकी पत्नी जोहा व विशाल और जोशी के साथ संजय शर्मा के घर आ गए। तंत्र-मंत्र का प्रपंच करके संजय शर्मा को अपनी बातों में फसाकर एक कमरे में कैद कर लिया। फैजान की निगरानी में संजय शर्मा को रखा गया।


सांकेतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ओएनोमेल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड/ मीना आर्य/ दानी राम/ अमित सांवल/ रमेश आर्य/ प्रियंका पाण्डेय/ दानी राम/ '032505007794 | प्लॉट नंबर 3148/1 रहीम नगर, देदौली लखनऊ 226001/ 01 मई 2023 | नवंबर 18, 2022/ रु. 19,71,559.75/- | नोएडा/ लखनऊ |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : मई 06, 2023**
**स्थान : नोएडा**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**


## वीआईपी नंबर की बोली लगाकर युवक गायब

**नोएडा।** अब वीआईपी नंबर के चक्कर में फर्जीवाड़ा भी शुरू हो गया है। परिवहन विभाग में एक युवक ने कंपनी की तरफ से 0001 एक नंबर पर 9.57 लाख रुपए की बोली लगा दी। अब इस मामले को 5 दिन से ज्यादा हो गए हैं, लेकिन युवक ने कोई नोएडा परिवहन विभाग के दफ्तर में नहीं आया है।

नोएडा परिवहन विभाग ने 0001 नंबर के लिए एक युवक ने कंपनी की तरफ से 9.57 लाख रुपए की बोली लगाई थी। बोली कुल 10 लोगों ने लगाई थी, लेकिन इतनी ज्यादा रुपए लगने के बाद सभी ने अपना हाथ पीछे हटा लिया था। बोली लगी हुई को करीब 5 दिन हो गए हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# सड़क हादसा: पेड़ से टकराई कार पति-पत्नी और बच्चे की मौत

● आगरा से दिल्ली लौटते समय शनिवार सुबह पांच बजे नोएडा में हुआ हादसा, यूपी के सीएम योगी ने दुख जताया




पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/नोएडा

आगरा से वैवाहिक समारोह में शामिल होकर दिल्ली लौट रहे परिवार की कार शनिवार सुबह नोएडा में पेड़ से टकरा गई। हादसे में पति-पत्नी और उनके तीन महीने के बच्चे की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

नोएडा पुलिस आयुक्त के प्रवक्ता ने बताया कि दिल्ली निवासी कार्तिक गुप्ता (25) अपनी पत्नी शिवानी गुप्ता (23), साली शीतल शर्मा (18), बुआ सुमन गुप्ता और तीन महीने के अपने बेटे के साथ आगरा जिले में एक विवाह समारोह में शामिल होने के बाद कार से शनिवार सुबह करीब पांच बजे नोएडा एक्सप्रेसवे होते हुए दिल्ली जा रहे थे।

उन्होंने बताया कि सेक्टर 160 के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई। घटना में गंभीर रूप से घायल कार्तिक गुप्ता और उनकी साली शीतल शर्मा को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया, जहां कार्तिक गुप्ता को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। प्रवक्ता ने बताया कि कार्तिक के तीन महीने के बच्चे और सुमन गुप्ता को फेलिक्स अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। कार्तिक की पत्नी शिवानी को जेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन डॉक्टर उन्हें भी नहीं बचा सके।

पुलिस का कहना है कि मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई। पंचायत नामा भरकर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

पुलिस ने आशंका जताई है कि ड्राइवर को झपकी लगने की वजह से हादसा हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को राहत कार्य में तेजी लाने और घायलों का समुचित उपचार कराने का निर्देश दिया है।

# 85 करोड़ की ड्रग जब्त, महिला समेत 6 गिरफ्तार

● दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ को दो अभियानों में मिली सफलता

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने दो अलग-अलग अभियानों में एक महिला समेत छह लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 85 करोड़ रुपए से अधिक के मादक पदार्थ बरामद किए हैं। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों के मुताबिक आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के रहने वाले लखपत सिंह (43), सुरेश (24) और प्रकाश पुरी (39) के अलावा उत्तराखंड के दाल चंद (36), असम की रहने वाली तस्लीमा बेगम (38) और दिल्ली के रहने वाले रवि प्रकाश (34) के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के पास से 101.62 किलोग्राम अफीम और दो किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 85 करोड़ रुपए बताई जा रही है। इसके अलावा आरोपियों के पास से हवाला के 7.50 लाख रुपये जब्त किया।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक 23 अप्रैल को चलाए गए पहले अभियान में पुलिस को एक गुप्त सूचना मिली कि लखपत और सुरेश दाल चंद के एक जानकार को अफीम की आपूर्ति करने के लिए अपने ट्रक में सुबह 10 बजे के आसपास संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर जाएंगे। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ के विशेष आयुक्त एचजीएस धालीवाल ने कहा, छापेमारी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। लखपत के कब्जे से कुल 5.31 किलो अफीम बरामद की गई और 96.31 किलो अफीम, जिसे नारियलों से भरी 682 बोरियों के बीच छुपाकर रखा गया था, उसे ट्रक से बरामद किया गया। पुलिस ने कहा कि आरोपियों के बयानों के आधार पर एक टीम उत्तराखंड के किच्छा गई और गिरोह के प्रमुख सदस्य दाल चंद को गिरफ्तार कर लिया।

बाद में गिरोह के एक अन्य सदस्य पुरी को उत्तर प्रदेश के बरेली से गिरफ्तार किया गया और उसके घर से 7.5 लाख रुपए जब्त किए गए। एचजीएस धालीवाल ने कहा कि लखपत ने पुलिस को बताया कि वह पिछले पांच-छह साल से मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल था।

बरामद की गई अफीम को उसने दाल चंद के निर्देश पर झारखंड के आपूर्तिकर्ता से खरीदा था।

उसने बताया कि चंद ने उन्हें झारखंड के विभिन्न स्थानों से खेप प्राप्त करने का निर्देश दिया। वह अफीम को नारियल की बोरियों के बीच छुपा कर रखता था।

# भाजपा ने केजरीवाल के खिलाफ शुरू किया 'झूठा कहीं का' अभियान




● सीएम आवास के नवीनीकरण पर गलत तरीके से 45 करोड़ खर्च का आरोप, लोगों को दिखाएंगे 27 मिनट का वीडियो

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ झूठा कहीं का अभियान के तहत शनिवार को 14 विशेष वैन रवाना किए। पार्टी ने बताया कि ये वाहन पूरे शहर में यात्रा करेंगे और पिछले आठ साल में आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख केजरीवाल के झूठ और यू-टर्न के बारे में 27 मिनट का वीडियो दिखाएंगे। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेव ने कहा कि अगले चार सप्ताह में ये वैन 4,200 जगहों की यात्रा करेंगे। आप पर हमला तेज करते हुए भाजपा ने केजरीवाल के सरकारी आवास (6, फ्लैगस्टाफ रोड, सिविल लाइंस) की 45 करोड़ रुपये की लागत से मरम्मत में घोटाले का आरोप लगाया। ऐसा आरोप है कि विभिन्न मदों में खर्च को जानबूझकर 10 करोड़ रुपये से कम रखा गया ताकि उन्हें उपराज्यपाल की निगरानी से बचाया जा सके। भाजपा ने केजरीवाल से इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अपना आवास खोलें और जनता को देखने दें कि अंदर क्या है।

आप ने भाजपा पर आरोप लगाया है कि वह मुख्य मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए यह मुद्दा उठा रही है। उसने प्रधानमंत्री के आवास और भाजपा शासित प्रदेशों में मुख्यमंत्रियों के आवास पर हुए खर्च का मुद्दा उठाकर पार्टी और केजरीवाल का बचाव किया है। प्रदेश में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं वीरेन्द्र सचदेवा, बैजयंत पांडा, रामवीर सिंह बिधूड़ी और हर्षवर्धन ने संयुक्त रूप से झूठा कहीं का अभियान की शुरूआत की और पार्टी कार्यालय से इन वीडियो वैनों को हरी झंडी दिखाई। भाजपा का कहना है कि अभियान का लक्ष्य पिछले आठ साल में केजरीवाल के झूठ और यू-टर्न का पर्दाफाश करना है।

प्रदेश इकाई के प्रभारी पांडा ने कहा कि दिल्ली वालों की गाढ़ी कमाई लूटकर अपना महल बनाने में केजरीवाल द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की गूंज अब दिल्ली के हर घर में सुनाई देगी। पांडा ने कहा कि वीडियो वैन दिल्ली के 14 जिलों में घूमेंगे और केजरीवाल के झूठ, धोखे और भ्रष्टाचार की कहानी कहेंगे। उन्होंने कहा, टीवी पर एक करोड़ रुपए खर्च करने वाले केजरीवाल कहीं से भी आम आदमी नजर नहीं आते हैं।

# सुकेश का दावा : सीएम बंगले के फर्नीचर, क्रॉकरी के पैसे दिए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

महाठग सुकेश चंद्रशेखर ने उपराज्यपाल को लिखे एक और लेटर में दावा किया है कि सीएम अरविंद केजरीवाल के बंगले के सौंदर्यीकरण में उसकी प्रमुख भूमिका रही है।

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मंडोली जेल में बंद सुकेश ने दावा किया कि केजरीवाल के बंगले में फर्नीचर से लेकर क्रॉकरी तक पर लाखों रुपये खर्च किया है। सुकेश ने अपने पत्र में लिखा कि सीएम आवास में लगे फर्नीचर को सत्येंद्र जैन और केजरीवाल ने पसंद किया था। उनके फोटो मैंने उन्हें व्हाट्सएप और फेस टाइम चैट के जरिए उनके मोबाइल पर भेजा था। सुकेश कई फर्नीचर की सूची का भी जिक्र पत्र में किया है।

इनमें विजनायर 12 सीटर डाइनिंग टेबल जिसका रंग ऑलिव ग्रीन कीमत कीमत 45 लाख, विजनायर ड्रेसिंग टेबल कीमत 34 लाख रुपये, विजनायर के 7 आईने कीमत 18 लाख रुपये, रग्स, बेडस्प्रेड्स और तकिए कुल 30 पीस जो राल्फ लॉरेन के थे कीमत 28 लाख, पामराई की तीन दीवार घड़ियां 45 लाख रुपये कीमत के शामिल हैं। सुकेश का दावा है कि उसने ये जो फर्नीचर बताए हैं ये सब उसने खुद मुंबई और दिल्ली से खरीदे हैं।

# जामिया ने घोषित किया 12वीं की बोर्ड परीक्षा का परिणाम, सानिया परवीन बनीं टॉपर

● 94.4 प्रतिशत अंक किए हासिल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) ने शनिवार को विज्ञान, कला और वाणिज्य संकाय की 12वीं कक्षा की नियमित बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित किया।

बोर्ड परीक्षा में सानिया परवीन ने 94.4 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा में पहला स्थान हासिल किया है। जेएमआई ने एक बयान में कहा कि तीनों संकाय में शामिल कुल छात्रों में से 48.51 प्रतिशत लड़के और 51.49 प्रतिशत लड़कियां थीं। विज्ञान संकाय में सानिया परवीन ने 94.4 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा में पहला स्थान हासिल किया है।



वहीं, आतिशान अली ने 93.2 फीसदी अंक लेकर दूसरा और अदीब अली ने 93 फीसदी अंक हासिल कर तीसरा स्थान हासिल किया। बयान के मुताबिक, कला संकाय में अक्सा अकदाश ने 95.8 फीसदी अंकों के साथ पहली रैंक हासिल की है। वहीं, फिजा बानो ने 95.6 फीसदी अंक हासिल कर दूसरा और हनीफा फिरदौस ने 95 फीसदी अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इसके मुताबिक, वाणिज्य संकाय में मोहम्मद अरमान, साफिया नूर और रिदा खान ने क्रमश: पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया है। मोहम्मद अरमान ने 93.4 प्रतिशत, साफिया नूर ने 90.6 प्रतिशत और रिदा खान ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। जामिया की कुलपति नजमा अख्तर ने छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## राहुल गांधी का छात्रावास में दौरा अनधिकृत : डीयू

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के एक छात्रावास में अचानक और अनधिकृत दौरे से सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता पैदा हुई और विश्वविद्यालय के अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। डीयू ने कहा कि छात्रावास प्रशासन और सुरक्षाकर्मियों ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों को इस बारे में सूचित किया। डीयू ने कहा कि राहुल गांधी, कई बाहरी लोगों के साथ बिना किसी पूर्व सूचना के पांच मई को दोपहर के भोजन के समय स्नातकोत्तर छात्रावास में अचानक और अनधिकृत रूप से प्रवेश कर गए।

# चर्च ने भी बढ़ाया यमुना सफाई के लिए हाथ

● मंदिर के पुजारियों व मस्जिदों के इमामों की तरह पादरी भी फैलाएंगे नदी की साफ-सफाई के लिए जागरूकता

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपराज्यपाल वीके सक्सेना की अपील के बाद दिल्ली के कुछ गिरिजाघरों के पादरियों ने यमुना नदी के कायाकल्प के प्रयासों में मदद के लिए हाथ मिलाने का फैसला किया है।

इससे पहले शहर में कई मंदिरों के पुजारी और मस्जिदों के इमाम एलजी द्वारा नदी को साफ करने और दिल्ली में कचरे के ढेर को हटाने में मदद करने की पहल में शामिल हो चुके हैं। दिल्ली के चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया (सीएनआई) सूबा ने शनिवार को एक अपील जारी कर सभी पादरियों, उपयाजकों, प्रचारकों और ऑर्डिनेंड्स से चर्चों में रविवार की सेवा के दौरान यमुना कायाकल्प और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के संदेश को फैलाने के लिए कहा। दिल्ली धर्मप्रांत के धर्माध्यक्ष पॉल स्वरूप द्वारा जारी अपील में कहा गया है कि दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना द्वारा शुरू किए गए अभियान के सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं।



उन्होंने दिल्ली के लोगों और वास्तव में चर्च से अपील की है कि वे यमुना के कायाकल्प और कचरे के पहाड़ों को समाप्त करने के लिए किए जा रहे प्रयासों का समर्थन करें। सक्सेना शहर में यमुना प्रदूषण और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के मुद्दों से निपटने के लिए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) द्वारा गठित उच्च स्तरीय समितियों के प्रमुख हैं।

चर्च लोगों से सूखे और गीले कचरे को अलग करने, यमुना में कचरा न फेंकने, रिसाइकल और पुन: उपयोग करने और नालियों में कचरा फेंकने से बचने की अपील करेंगे। एलजी द्वारा दिल्ली के लोगों से साफ-सफाई की इस मुहिम में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील के बाद विभिन्न समूहों और संगठनों ने उनके साथ आने का ऐलान किया है।

# बारिश से मौसम सुहाना, सामान्य से चार डिग्री कम रहा तापमान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में शनिवार को बारिश हुई और न्यूनतम तापमान 20.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से चार डिग्री कम है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी।

सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता 63 प्रतिशत दर्ज की गई। पूर्वी, मध्य, दक्षिण-पूर्वी दिल्ली और शहर के अन्य हिस्सों में बारिश हुई। आईएमडी ने दिन में हल्की बारिश होने या बूंदाबांदी के साथ आमतौर पर बादल छाए रहने और अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों से पता चलता है कि दिल्ली में सुबह करीब नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) खराब श्रेणी में (239) दर्ज किया गया।

शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा , 51 और 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 बीच मध्यम , 201 से 300 के बीच खराब , 301 से 400 के बीच बेहद खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है। अभी कुछ दिन आसमान में बादल छाये जाने की उम्मीद जताई जा रही है।

# लंबित परियोजनाओं को समय से पूरा करने के निर्देश

● महरौली आर्कियोलॉजी पार्क में एलजी और लेखी का दौरा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने शनिवार को विदेश और संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी के साथ महरौली स्थित पुरातत्व पार्क में कई ऐतिहासिक और पुरातात्विक स्थलों का दौरा किया।

एलजी ने संबंधित अधिकारियों से विरासत स्थल में और आसपास से अतिक्रमणों को हटाने और संरक्षण कार्यों को समयबद्ध योजना के अनुसार करने के निर्देश दिए। एलजी ने अधिकारियों से मरम्मत और जीर्णोद्धार कार्यों में विशेष ध्यान देने के साथ यहां मिले नक्काशीदार पत्थरों और अवशेषों को अलग करने के साथ संग्रहालय में संरक्षित करने के भी निर्देश दिए। जहां इन अवशेषों का प्रदर्शन किया जाएगा। महरौली पुरातत्व पार्क दौरे में सक्सेना और लेखी के साथ दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई), दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। एलजी ने महरौली पुरातत्व पार्क में प्रसिद्ध कुतुबमीनार के अलावा बलबन का मकबरा, कमाली-जमाली मस्जिद और अन्य ऐतिहासिक संरचनाओं का निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होंने संरक्षित संजय वन स्थित 'बाओलिस' का भी दौरा किया।


महरौली स्थित पुरातत्व पार्क का दौरा करते उपराज्यपाल।

सक्सेना ने कहा कि इन स्थानों का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण एएसआई, डीडीए और अन्य संबंधित अधिकारियों के बीच समन्वय के साथ समयबद्ध तरीके से किया जाना है। राज्यमंत्री व सांसद लेखी ने एलजी को मध्ययुगीन शासक बलबन के मकबरे, कमाली-जमाली, राजों की बावली और अन्य ऐतिहासिक संरचनाओं और जल निकायों के जीर्णोद्धार और विकास के लिए उपाय सुझाए। सक्सेना ने संजय वन में जल निकायों के जीर्णोद्धार कार्यों में तेजी लाने के भी निर्देश दिए।

# टिल्लू तेजपुरिया की हत्या से सबक, तिहाड़ जेल में होगा क्यूआरटी का गठन

● मामले में जेल के 8 कर्मियों को किया गया है निलंबित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

तिहाड़ जेल में गैंगस्टर टिल्लू तेजपुरिया की हत्या मामले में जेल विभाग ने 8 लोगों के सस्पेंड होने के एक दिन बाद त्वरित प्रक्रिया बल (क्यूआरटी) गठित करने की घोषणा की। ताकि भविष्य में इस तरह की घटना से तत्परता से निबटा जा सके।

एक वरिष्ठ जेल अधिकारी ने बताया कि तेजपुरिया की हत्या के समय जेल का सायरन काम नहीं कर रहा था। ज्ञात रहे कि सायरन का उपयोग सुरक्षा बलों को आपात स्थिति की जानकारी देने के लिए किया जाता है।

अधिकारी ने बताया कि क्यूआरटी में दिल्ली जेल विभाग के साथ सीआरपीएफ और आईटीबीपी के कर्मचारी होंगे। इन टीमों को हाईरिस्क वाले बैरकों में तैनात किया जाएगा ताकि लड़ाई झगड़ा या किसी भी तरह की वारदात होने पर टीम हालात को संभाल सके।

तेजपुरिया की हत्या तिहाड़ जेल में मंगलवार सुबह विरोधी गोगी गैंग के चार सदस्यों दीपक उर्फ तीतर, योगेश उर्फ टूंडा, राजेश और रियाज खान ने 92 बार हमला कर कर दी थी। अधिकारी ने बताया कि इन चारों को चार अलग अलग जेलों मंडोली, तिहाड़ और रोहिणी में ले जाया गया है। एक जेल अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि विभागीय कार्रवाई में आठ कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया गया। अधिकारी ने कहा कि तमिलनाडु विशेष पुलिस के साथ बैठक में वारदात के समय मौजूद पुलिस कर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई पर सहमति जताई। ज्ञात रहे कि तमिलनाडु की विशेष पुलिस जेल परिसर को सुरक्षा प्रदान करती है।



तिहाड़ जेल की सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि तेजपुरिया पर दूसरी बार हमला सुरक्षा बलों के सामने हुआ जब वे उसे ले जा रहे थे। वीडियो में साफ दिख रहा है कि दूसरी बार हमला होने पर तेजपुरिया को पैर हिलाते हुए देखा जा सकता है। फुटेज में, तमाशबीन बने सुरक्षाकर्मी की मौजूदगी में हमलावरों ने गैंगस्टर पर लगातार हमला किया।

इस संबंध में तिहाड़ जेल के महानिदेशक संजय बेनीवाल ने शुक्रवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मुलाकात कर इस मामले की विस्तृत रिपोर्ट सौंपी।

# जंतर-मंतर पर खाप महापंचायत आज, प्रदर्शन को मिलेगी धार

## डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृजभूषण के खिलाफ प्रदर्शन करने वाले पहलवानों को रविवार की महापंचायत सफल होने की उम्मीद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे पहलवानों को उम्मीद है कि रविवार को जंतर-मंतर पर होने वाली खाप महापंचायत सफल होगी और इससे और अधिक समर्थन मिलेगा।

बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक सहित शीर्ष पहलवान 23 अप्रैल से यहां जंतर-मंतर पर भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं और एक नाबालिग सहित सात पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के आरोप में उनकी गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। विनेश ने शनिवार को कहा कि जंतर मंतर पर हमारे धरने का आज 14वां दिन है। तथ्य यह है कि आप लोग (समर्थक) यहां हैं और हम भी यहां हैं। हम उन सभी को धन्यवाद देना चाहते हैं जो यहां हमारे साथ यहां बैठे हैं और हमारा समर्थन कर रहे हैं। इंसाफ की इस लड़ाई में हमारे साथ खड़े होने के लिए हम पूरे देश का शुक्रिया अदा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि हम इस लड़ाई में सफलता हासिल करेंगे ताकि सच्चाई की जीत हो। विनेश ने समर्थकों से रविवार को शांतिपूर्ण रहने का आग्रह किया ताकि बुरे तत्व विरोध प्रदर्शन को विफल नहीं कर सके। एशियाई खेलों की इस स्वर्ण पदक विजेता ने कहा, कल, गांवों, खाप पंचायतों, किसान और मजदूर संघों, छात्र संगठनों से बहुत सारे लोगों के हमारे समर्थन में आने की उम्मीद है।



पत्रकारों के बातचीत करतीं विनेश फोगाट, साथ में साक्षी मलिक व बजरंग पुनिया।

हम सभी से शांतिपूर्ण रहने की अपील करते हैं। हमारी सफलता एक शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर निर्भर करेगी। हम कल यहां आने वाले सभी जो अनुरोध करते है कि अधिकारियों और पुलिस के साथ सहयोग करें।

इस पहलवान ने कहा, हम पुलिस से भी अनुरोध करते हैं कि कल हमारे समर्थकों को न रोकें। ओलंपिक पदक विजेता बजरंग ने देशवासियों से प्रदर्शनकारी पहलवानों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए रविवार को कैंडल मार्च निकालने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हम सभी भारतीयों से सात मई को शाम सात बजे कैंडल लाइट (मोमबत्ती) मार्च निकालने का अनुरोध करते हैं।

एक अन्य ओलंपिक पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने कहा कि उन्होंने अभी भविष्य की रणनीति तय नहीं की है क्योंकि उनके वकील अभी भी इस पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार निचली अदालत में जाने का फैसला दिल्ली पुलिस द्वारा जांच में तेजी लाने और सभी शिकायतकर्ताओं के बयान दर्ज करने के बाद ही लिया जा सकता है। उन्होंने कहा, हमने अपने वकीलों के साथ चर्चा की है।

## देशभर में प्रदर्शन करेगा एसकेएम

**नई दिल्ली। संयुक्त किसान मोर्चा ( एसकेएम ) ने शनिवार को घोषणा की कि वह पहलवानों के समर्थन में देशभर में प्रदर्शन करेगा। इस कड़ी में रविवार को सैकड़ों किसानों के साथ जंतर मंतर पहुंचेंगे। इसके अलावा 11 से 18 मई तक सभी राज्यों की राजधानी, जिला मुख्यालयों और तालुकों में प्रदर्शन किया जाएगा।**



गुरुग्राम में गुजरात दिवस पर आयोजित समारोह में दीप प्रज्जवलित करते केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला।

# गुरुग्राम में बनेगा आपदा प्रबंधन का इंटरनेशनल प्लेटफॉर्मः पुरुषोत्तम रुपाला

### केंद्रीय पशुपालन मंत्री ने गुरुग्राम में गुजरात दिवस कार्यक्रम में कही यह बात

### केंद्रीय मंत्री ने सरदार पटेल, महात्मा से की मोदी व अमित शाह की तुलना

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**एक** भारत श्रेष्ठ भारत मुहिम के तहत गुरुग्राम में भाजपा के गुरुकमल कार्यालय में आयोजित गुजरात स्थापना दिवस समारोह में कहा कि पहले डिजास्टर की बात होती थी, मैनेजमेंट पर ध्यान नहीं दिया जाता था। अब डिजास्टर मैनेजमेंट पर काम होता है। डिजास्टर मैनेजमेंट का इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म भारत में बनेगा। भारत में भी आपके गुरुग्राम में बनेगा। इससे यहां का नाम और ऊंचा हो जाएगा।

समारोह में गरबा, डांडिया और राधा-कृष्ण की लीलाओं की धूम रही। केंद्रीय पशुपालन मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला भी इस कार्यक्रम के कायल हो गये। केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला ने राम-राम, जय श्रीकृष्ण के उद्‌बोधन के साथ अपना संबोधन शुरू किया। उन्होंने हरियाणा वालों को भी गुजरात में हरियाणा दिवस मनाने का न्यौता दे दिया। पुरुषोत्तम रुपाला ने कहा कि सेना में हरियाणा की हिस्सेदारी से देश गौरवान्वित है। गुजरात में सरदार पटेल के स्टेच्यू ऑफ यूनिटी में भी हरियाणा के किसानों का लोहा लगा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा गुजरात का बड़ा भाई है। हम सब साथ मिलकर रहेंगे, बेहतर काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि जिस समय में देश को तोड़ने की बातें हो रही हैं। कई नेता विश्व में भारत की बदनामी करते हैं। ऐसे दौर में भारत को जोड़ने वाला यह कार्यक्रम करारा जवाब है। उन्होंने कहा कि आज विश्व को पांचजन्य ध्वनि की जरूरत है। जिसे श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र में दिया था। अपने भाषण के बीच में भगवान श्रीकृष्ण का गुजराती में गीत गाते हुए पुरुषोत्तम रुपाला ने कहा कि एक भारत सरदार पटेल ने बनाया था और श्रेष्ठ भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बनाया है। दोनों राज्यों में पशुओं के प्रति प्रेम की बात करते हुए रुपाला ने कहा कि पशुओं का यहां बहुत आदर होता है।

उन्होंने कहा कि जिस तरह से सरदार पटेल, महात्मा गांधी की जोड़ी ने अंग्रेजी हुकूमत की जड़ें हिलाई, ठीक उसी प्रकार अब अमृतकाल में नरेंद्र मोदी व अमित शाह की जोड़ी ने देश को श्रेष्ठ बना दिया है। विश्व में भारत की योग विद्या का डंका बज रहा है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां सूर्य जाता है, वहां-वहां सूर्य नमस्कार होने लगा है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण ही संभव हो पाया है। आयुर्वेद को लेकर केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला ने कहा कि अयुर्वेद का विश्व का केंद्र जामनगर गुजरात को माना गया है। हमारे साथ स्पर्धा में चाइना भी था, जिसे हमने पछाड़ दिया। पर्यावरण संरक्षण विभाग हरियाणा प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत मुहिम के सह-संयोजक नवीन गोयल ने सभी अतिथियों का गुजराती समाज के लोगों के साथ मिलकर स्वागत किया। इस अवसर पर हरियाणा प्रदेश संगठन मंत्री रविंद्र राजू, हरियाणा पर्यटन के चेयरमैन अरविंद यादव, ऊषा प्रियदर्शी, सुनील कोहली, महेश यादव, रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल, समाजसेवी आरपी सिंह चौहान, अत्तर सिंह संधू, अशोक सेन, प्रद्युम्न जांघू, वंदना सिंह समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

# गुरुग्राम में शिक्षाविद्, पत्रकारों छात्रों के बीच महर्षि नारद के जीवन पर हुआ चिंतन, मनन



गुरुग्राम में महर्षि नारद जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में पत्रकारों को सम्मानित करते अतिथि।

### विश्व संवाद केंद्र और जर्नलिस्ट एसोसिएशन की ओर से किया गया आयोजन

**गुरुग्राम।** देवर्षि नारद जयंती के उपलक्ष्य में शनिवार को विश्व संवाद केंद्र एवं जर्नलिस्ट एसोसिएशन, गुरुग्राम के संयुक्त तत्वावधान में विचार संगोष्ठी एवं पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित किया गया। संगोष्ठी का विषय-वैश्विक मीडिया में भारत रहा, जिस पर अतिथियों, विशेषज्ञों ने खुलकर अपनी बात रखी। यहां पत्रकारिता के समक्ष चुनौतियों पर भी बात हुई। पत्रकारिता के सिद्धांतों पर भी चर्चा हुई। साथ ही पत्रकारिता के विद्यार्थियों की जिज्ञासा से भरे प्रश्नों के भी उचित जवाब दिए गए।

विश्व संवाद केंद्र हरियाणा एवं जर्नलिस्ट एसोसिएशन गुरुग्राम की ओर से ये सांझा कार्यक्रम सेक्टर-14 के राजकीय कन्या महाविद्यालय में आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षाविद् डा. अशोक दिवाकर ने की। मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध शिक्षाविद् एवं पत्रकार प्रो. (डा.) रमा मौजूद रहीं वहीं मुख्य अतिथि के रूप में सीएसआर ट्रस्ट हरियाणा के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी ने शिरकत की। मुख्य वक्ता डा. रमा ने कहा कि हमारे देश में नारद ही नहीं, इतिहास के साथ भी अन्याय हुआ है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता समाज का दर्पण है। पत्रकारिता में पारदर्शिता ऐसी ना हो कि समाज, राष्ट्र का अहित हो। पत्रकारिता सबसे पहला स्तंभ है, जब यह मजबूत होगा तो लोकतंत्र मजबूत होगा। यह कमजोर हुआ तो राष्ट्र कमजोर होगा। डा. रमा ने कहा कि हम गीता के ज्ञान के देश के लोग हैं। हमें प्रेस की आजादी पर सोचना होगा। प्रेस की आजादी पर अंकुश नहीं लगना चाहिए।

अपने संबोधन में कार्यक्रम अध्यक्ष डा. अशोक दिवाकर ने कहा कि महर्षि नारद जैसे बुद्धिमान बहुत कम हुए है। वे हर लोक में विचरण कर सकते थे। उनके जैसी तकनीक आज हमारे पास नहीं है। वो छंद शास्त्र के बड़े विद्वान थे। मुख्य अतिथि बोधराज सीकरी ने कहा कि पत्रकारिता टीआरपी के लिए नहीं होनी चाहिए। पत्रकारिता का एक उद्देश्य होना चाहिए। राष्ट्र के प्रति भाव होना चाहिए। पारदर्शिता की पत्रकारिता होनी चाहिए।

जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय यादव ने सभी को नारद जयंती की बधाई देते हुए कहा कि हम सभी का एकमात्र प्रयास रहना चाहिए कि हम अपनी पत्रकारिता के माध्यम से समाज का हित करते रहें। समाज को पत्रकारिता का लाभ हो। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद पत्रकारिता के विद्यार्थियों से कहा कि हमने नारद जी का सिर्फ नारायण-नारायण सुना है। उससे आगे हम शायद कुछ नहीं जानते। हमें नारद जी के बारे में हकीकत पढ़ने और पढ़ाने की जरूरत है, तभी भ्रांतियां दूर होंगी। संजय यादव ने यह भी कहा कि अगले वर्ष नारद जयंती का कार्यक्रम और भी बड़े स्तर पर आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में गुरुग्राम विश्वविद्यालय में पत्रकारिता के प्राध्यापक राकेश योगी ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी। इस अवसर गुरुग्राम के पत्रकारों को सम्मानित भी किया गया।

## अधिवक्ता से मारपीट मामले में पुलिस ने एक और आरोपी काबू किया

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शहर** थाना पुलिस ने अधिवक्ता के साथ मारपीट मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जल्द ही तीसरे आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए छापामारी की जा रही है। अधिवक्ता पर पुरानी रंजिश के चलते हमला किया था। शहर चौकी पुलिस ने गुरुवार को अधिवक्ता मनोज गोयल पर बीच बाजार में हुआ जान लेवा हमला विवाद में एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जिसकी पहचान रविन्द्र उर्फ लक्की निवासी गांव लाखूवास के रूप में हुई है। अधिवक्ता पर डंडा से जान लेवा हमला करने वाला आरोपी ओमबीर निवासी हरिओम कॉलोनी सोहना को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस इस मारपीट मामले में संलिप्त तीसरा आरोपी हंपी उर्फ सुमेर निवासी जिला नूह का गांव बारौटा निवासी को गिरफ्तार करने के लिए उसके घर कई बार छापेमारी की जा चुकी है। मामले की जांच कर रहे एएसआई अमीचंद ने बताया कि जल्द ही तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

> **गिरफ्तार** किए गए दोनों आरोपियों को कच्ची जमानत पर छोड़ दिया है। तीसरे आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।
>
> **सुनील कुमार**
> **( थाना प्रभारी शहर सोहना )**

**कंधा टकराने से हुई थी रंजिश :** अधिवक्ता मनोज गोयल पर हुए जानलेवा हमले में आरोपी ओमबीर के मन में रंजिश करीब 6 माह पहले तहसील परिसर में आमने सामने हुए टकराव से हुई थी। तहसील परिसर में ओमबीर का कंधा वकील मनोज गोयल से भीड़ गया था। अधिवक्ता के हाथों से इस दौरान फाइलें जमीन पर गिर गई थीं। जिसको लेकर मनोज व ओमबीर में तू तड़ाक हो गई थी। इस तू तड़ाक के दौरान ओमबीर को काफी शर्मिंदगी महसूस करनी पड़ीं थी। इसी शर्मिंदगी का बदला लेने के उद्‌देश्य से अधिवक्ता के साथ मारपीट की गई थी।

## मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले में 101 बीपीएल कार्ड धारक पहुंचे

### मेले में ग्रामीण क्षेत्र से 64 और शहरी क्षेत्र से 37 बीपीएल कार्ड धारक पहुंचे

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**मुख्यमंत्री** अंत्योदय परिवार उत्थान योजना मेले में 293 में से 101 बीपीएल कार्ड धारक ही पहुंचे। बीपीएल कार्ड धारकों को रोजगार उपलब्धता के लिए करीब 50 विभागों की तरफ से 18 बूथ लगाएं गए। शनिवार को स्थानीय देवीलाल खेल स्टेडियम में लगा मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले में पंचायत विभाग की तरफ से खंड की 35 ग्राम पंचायतों से 191 बीपीएल कार्ड धारकों को रोजगार प्राप्ति के लिए बुलाया गया था। जबकि शहरी क्षेत्र में नगर परिषद की तरफ से 102 लाभार्थियों को सूचित किया गया था। ग्रामीण क्षेत्र से 64 और शहरी क्षेत्र से 37 बीपीएल कार्ड धारक पहुंचे। जिन्हे मेले में मौजूद करीब 50 विभागों के अधिकारियों ने रोजगार प्राप्त करने के तरीके व नियम बताएं गए। लाभ लेने वालों के मौके पर ही फार्म भरे गए। मेले में पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं की संख्या अधिक थी। जिनमें विधवा महिलाएं अधिक थीं। जिन्हें अपना परिवार चलाने के लिए रोजगार की आवश्यकता है। इस अवसर पर पंचायत विभाग की तरफ से बीडीपीओ परमेन्द्रा सिंह, नगर परिषद सचिव राजेश मेहता अपनी-अपनी टीम के साथ मौजूद थे। मेले में आयुष्मान कार्ड वितरण और उससे मिलने वाले स्वास्थ्य लाभ की जानकारी दी गई। आयुष्मान कार्ड धारक को कौन-कौन से सरकारी और निजी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकती है।



सोहना के देवीलाल खेल स्टेडियम में शनिवार को लगे मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले में बूथ पर बैठे सरकारी विभाग के अधिकारियों से पूछताछ करते एसडीएम प्रदीप मलिक।

**आर्थिक रूप से कमजोर परिवार उत्थान :** इस अवसर पर सोहना एसडीएम प्रदीप मलिक ने बताया कि मेला लगाने का उद्‌देश्य आर्थिक रूप से कमजोर व बीपीएल परिवारों के उत्थान के लिए लगाया जाता है। जिससे ऐसे परिवार अपने परिवार की आय को बढ़ाए। उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार आए।

## हुडदंग पड़ा महंगा गिरफ्तार

**मेवात।** शराब पीकर सार्वजनिक स्थान पर सरेआम हुड़दंग करने वाले छह आरोपियों को सदर थाना नूह पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आपको बता दें कि नूह पुलिस नशा तस्करी व नशाखोरी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है।

सदर थाना नूह प्रभारी राजबीर ने बताया की ऐसी किसी भी तरह की गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी क्रम में शराब पीकर पब्लिक पैलेस में हुड़दंग करने वाले छह मनचले आरोपियों को गिरफ्तार कर कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की गई है। दरअसल युवाओं में नशे का चलन तेजी से बढ़ रहा है।

इसके अलावा गलत संगत में पड़कर सामाजिक बुराइयों से लेकर अपराध की तरफ भी युवा तेजी से आकर्षित हो रहा है। खाकी की ऐसे युवाओं की हर हरकत पर नजर है। ऐसे ही आधा दर्जन युवाओं को पब्लिक पैलेस पर हुडदंग महंगा पड़ गया।

## क्रीमिलेयर के नाम पर पिछड़ा वर्ग के अधिकारों का हनन कर रही सरकार : घोड़ेला

**गुरुग्राम।** बरवाला से पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामनिवास घोड़ेला ने कहा कि मौजूदा गठबंधन सरकार का पिछड़ा वर्ग ही नहीं, बल्कि सभी वगोज़ का मोह भंग हो गया है। पिछड़ा वर्ग पर क्रीमिलेयर की तलवार लटका कर अधिकारों का हनन किया जा रहा है, जिससे पिछड़ा वर्ग में रोष है। पिछड़ा वर्ग के अधिकारों की आवाज को बुलंद करने के लिए 22 मई को कैथल में पिछड़ा वर्ग सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन को लेकर प्रदेश भर में जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को यहां जारी बयान में रामनिवास घोड़ेला ने कहा कि पिछड़ा वर्ग सरकार से मांग है कि क्रीमिलेयर की सीमा छह लाख से बढ़ाकर फिर से दस लाख कि जाए। इसमें छोटे दुकानदार, तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों का वेतन शामिल नहीं होना चाहिए। उन्होंने पिछड़ा वर्ग की जातीय जनगणना करवाने की मांग की।

पूर्व विधायक ने पिछड़ा वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण देने व नौकरियों में बैकलाग भरने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग के स्कूली बच्चों को वजीफा मिलने में दिक्कत आ रही है। सरकार छात्रों का वजीफा 50 से बढ़ाकर 100 रुपये तथा 600 रुपये से बढ़ाकर 1200 रुपये करे। इसके अलावा वजीफा मिलने में आने वाली दिक्कतों का समाधान चंडीगढ़ की बजाय स्थानीय स्तर पर हो।



पूर्व विधायक रामनिवास घोड़ेला।

घोड़ेला ने सरकार को चेतावनी दी कि अगर पिछड़ा समाज की मांगे नहीं मानी गई तो दिसंबर में हिसार में एक बड़ी रैली होगी, जिसमें विपक्ष के सभी बड़े नेता शामिल होंगे। जंतर-मंतर पर पहलवानों के धरने पर चिंता व्यक्त करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि हमारे देश की आन-बान और शान बेटियों की आवाज दबाई जा रही है। इस सरकार में भाजपा नेताओं पर लगने वाले आरोपों को एसआईटी बैठाकर समाप्त कर दिया जाता है, लेकिन यदि किसी विपक्षी नेता पर आरोप लगता है तो उसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया जाता है।

### बीजेपी सरकार ने एससी, बीसी को नहीं दी एक इंच जमीन

**घोड़ेला** ने कहा कि हुड्डा सरकार ने एससी, बीसी को 100-100 गज के प्लाट दिए थे, लेकिन भाजपा सरकार ने पिछड़ा वर्ग को एक इंच जगह भी नहीं दी। कौशल रोजगार निगम में हो रही भर्तियों में भी पिछड़ा वर्ग को आरक्षण नहीं दिया जा रहा है जोकि असंवैधानिक है।

## सोना मशीनरीः अनाज आधारित डिस्टिलरी ग्राहकों की सीधे और सहायक कंपनियों के माध्यम से सेवाएं देने वाली प्रमुख ओईएम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**सोना** मशीनरी 27 से अधिक साल पुरानी ओरिजिनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर (ओईएम) कंपनी है, जो सीधे और अपनी सहायक कंपनियों के माध्यम से अपने अनाज आधारित डिस्टिलरी ग्राहकों को सेवाएं दे रही हैं। इन सहायक कंपनियों में कैन इंजीनियरिंग सॉल्यूशंस शामिल है। जिसने ग्राहकों के लिए व्यापक समाधान पेश करने की अपनी प्रतिबद्धता की घोषणा की है।

कंपनी सभी आवश्यक मशीनों, प्रोजेक्ट ड्रॉइंग्स, ढांचा निर्माण से संबंधित प्रोजेक्ट-साइट ग्राउंडवर्क, मशीनों की स्थापना, संयंत्रों की कमीशनिंग, और इसी तरह की अन्य सेवाओं की आपूर्ति करती है। सोना मशीनरी के प्रबंध निदेशक और सीईओ वासु नरेन ने कहा, "हमारा मिशन अपने ग्राहकों को उनकी अनाज आधारित डिस्टिलरी परियोजना की जरूरतों के लिए सर्वोत्तम समाधान प्रदान करना है।" "हम अपने ग्राहकों के सामने आने वाली चुनौतियों को समझते हैं। उन्हें सफल होने के लिए जो भी आवश्यक है, वह सभी उपकरण और समर्थन प्रदान करने के लिए अथक काम करते हैं। हमें अपने काम पर गर्व है और हर बार हमने ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने का प्रयास किया है।" सोना मशीनरी के 'इन-हाउस मैन्युफैक्चर्ड' समाधानों की विस्तृत श्रृंखला में ग्रेन प्रोसेसिंग, क्लीनिंग, मिलिंग, मटेरियल हैंडलिंग और अन्य मशीनें शामिल हैं। एक सलाहकार के रूप में अपनी सहायक कंपनी कैन इंजीनियरिंग सॉल्यूशंस के माध्यम से यह इस प्रतिस्पर्धी अनाज आधारित डिस्टिलरी उद्योग में अपने ज्ञान और विशेषज्ञता के माध्यम से ग्राहकों को आगे बढ़ने में मदद करती है।

नरेन ने कहा, "सोना मशीनरी में हम अपने ग्राहकों को उनकी डिस्टिलरी परियोजनाओं की सभी जरूरतों के लिए वन-स्टॉप-शॉप प्रदान करने में विश्वास करते हैं। हमारे विशेषज्ञों की टीम हमारे ग्राहकों के साथ मिलकर काम करती है ताकि उनकी विशिष्ट जरूरतों को समझ सके और उन्हें उनकी विशिष्ट जरूरतों को पूरा करने के लिए आवश्यक समाधान दे सके। हम परियोजना के संपूर्ण जीवनचक्र के दौरान असाधारण ग्राहक सेवा और सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सनातन धर्म ही सब से बड़ा धर्म : विरेंद्र यादव



**गुरुग्राम।** कृष्णा नगर बसई रोड पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह कथा समस्त कालोनी वासियों के सहयोग से कराई जा रही है। कथा का शुभारंभ कलश यात्रा निकाल कर किया गया। श्रीमद् भागवत कथा का वाचन करने गोवर्धन से पधारे नीरज कृष्ण ठाकुर और उनकी टीम द्वारा किया जा रहा है। कथा के दूसरे दिन विरेन्द्र यादव चेयरमैन ने ठाकुर जी महाराज और व्यास पीठ पर विराजमान श्री नीरज कृष्ण ठाकुर को तिलक स्वागत किया। विरेन्द्र यादव चेयरमैन ने कथा में उपस्थित श्याम प्रेमियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह हम सब के लिए बड़े गौरव व सौभाग्य की बात है कि हमारी कालोनी में पहली बार श्रीमद्भागवत कथा हो रही है। इसके लिए में समस्त कालोनी वासियों को बधाई व साधुवाद देता हूं। इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए, ताकि हमारी आने वाली नई पीढ़ी को धर्म के प्रति जागरूक और ज्ञान होता रहे। कथा में श्री कृष्ण भगवान और श्री राधे रानी के लीलाओं का वर्णन सुनने को मिलेगा। इस सृष्टि में यदि कोई पूर्ण हुआ है तो वह कृष्ण भगवान ही है। जिसने इस संसार में निस्वार्थ भाव से प्रेम करना सिखाया और इस संसार को प्रेम का संदेश दिया।

### एचपीएससी की नवनियुक्त सदस्य ममता यादव को दी बधाई



एचपीएससी की नवनियुक्त सदस्य ममता यादव का स्वागत करते सुंदर लाल।

**गुरुग्राम।** हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) में ममता यादव को सदस्य बनाए जाने पर अहीरवाल में खुशी का माहौल है। मूलरूप से रेवाड़ी की रहने वाली ममता यादव को इस पद के लिए शुभकामनाएं देने पंचायती राज प्रकोष्ठ भाजपा के जिला संयोजक सरपंच सुंदर लाल यादव पहुंचे। ममता यादव को इस नए दायित्व की बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा में मेहनती कार्यकर्ताओं का सदा सम्मान होता है। सरकार ने उन्हें एचपीएससी में सदस्य बनाकर अहीरवाल का मान बढ़ाया प्रदेश के सर्वोच्च संवैधानिक आयोग मे ममता यादव की नियुक्ति हमें अत्यंत आनंद और हर्ष का अनुभव करा रही हैं। सुंदर लाल ने कहा कि हरियाणा में पारदर्शिता के साथ नौकरियां दी जा रही हैं। बिना पर्ची, बिना खर्ची के एचसीएस तक की नियुक्तियां हुई हैं। गरीब आदमी के बच्चों के भी बड़े पदों पर चयन हुए हैं। यही बड़ा बदलाव भाजपा की मनोहर सरकार में देखने को मिल रहा है। भ्रष्टाचार पर लगाया लगायी जा रही है। सुंदर लाल ने कहा कि भ्रष्टाचार को लेकर सरकार जीरो टोलरेंस की नीति अपना रही है। किसी भी पद पर कोई भी प्रभावशाली व्यक्ति बैठा हो, अगर उसकी कहीं संलिप्तता पाई जाती है तो उस पर तुरंत कार्यवाही होती है। उन्होंने कहा कि भाई-भतीजावाद से अलग सरकार ने कीर्तिमान स्थापित किए हैं। भ्रष्टाचारियों पर शिकंजा कसा गया है। लूट-खसोट करने वाले बदमाशों पर कड़ी कार्रवाई की गई है। किसी भी तरह के अपराध में संलिप्त लोगों की धरपकड़ करके उन्हें जेलों में डाला गया है। इस अवसर पर संजय यादव एमडी फिल्बी रियल इस्टेट, दलजीत यादव ख्वासपुर, राहुल यादव भी मौजूद रहे।

## ब्राह्मण वेलफेयर एसोसिएशन ने लगाया मेडिकल कैंप



मेडिकल कैंप शिविर का शुभारंभ करते अतिथि।

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**ब्राह्मण** वेलफेयर एसोसिएशन, गुड़गांव विकास मंच व ग्राम पंचायत जुडौला के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय माध्यमिक स्कूल ग्राम जुडौला पातली में एक मेडिकल कैंप मेदांता अस्पताल के सहयोग से लगाया गया, जिसमें सैंकड़ों ग्रामीणों ने कैंप का लाभ उठाया।

संस्था के प्रमुख अजय शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर मेडिकल के कैंप में बीपी, रैंडम, ब्लड शुगर, ईसीजी, बीएमडी, एक्स-रे आदि की निशुल्क जांच की गई। इस मौके पर वरिष्ठ चिकित्सकों के साथ-साथ जनरल फिजिशियन व दांतो के डॉक्टरों द्वारा चेकअप किया गया। मरीजों को निशुल्क परामर्श भी दिया गया। मेडिकल कैंप का उद्‌घाटन हेड़ा-हेड़ी गौशाला के संचालक श्रीश्री 1008 स्वामी राज गिरी जी महाराज व गोभक्त वेद प्रकाश यादव बादशाहपुर ने किया। सरपंच शिशांत जांगड़ा ने स्वामीजी को गांव की तरफ से शाल ओढ़ाया। गो भक्त राव वेद प्रकाश बादशाहपुर को पगड़ी पहनाकर व शाल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया गया। इस मौके पर गुड़गांव विकास मंच की पूर्व अध्यक्ष डॉ. पुष्पा धनकड़, समाजसेवी मनीष कौशिक, समाजसेवी सोनू कौशिक आदि मौजूद थे।

## अरावली में अवैध निर्माणों के खिलाफ नगर परिषद चलाएगी तोड़ फोड़ अभियान

### नप प्रशासन जुटा है कल सोमवार को अवैध निर्माण गिराने को लेकर तैयारी में

### फार्म हाउस मालिक अवैध निर्माणों के बचाव को राजनीतिक सहारा लेने में जुटे

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद ने फिर से रायसीना से लगती अरावली पहाड़ी में अवैध निर्माणों को गिराने के लिए कमर कस ली है। परिषद प्रशासन सोमवार को अरावली पहाडी में चल रहे अवैध निर्माणों के ध्वस्त करने के लिए चढ़ाई करेगा। वहीं अवैध निर्माण चलाने वाले फार्म हाउस मालिकों में हड़कंप मचा है।

रायसीना से लगती अरावली पहाड़ी क्षेत्र के अंसल सीमा के अंदर चल रहे अवैध निर्माणों को गिराने के लिए नगर परिषद प्रशासन एक बार फिर से लामबंद होने लगा है। नगर परिषद के प्रशासनिक अधिकारी के उनके निशाने पर कितने फार्म हाउस होंगे।

इसका खुलासा अधिकारी नहीं कर रहे हैं, लेकिन तोड़फोड़ के लिए दो दिन पहले से ही तैयारियों में जुट गया है। जानकारी के अनुसार अभी तक नप प्रशासन ने सोमवार को अवैध निर्माण गिराने को लेकर तैयारियों में जुटा है, लेकिन इस अभियान में परिवर्तन भी हो सकता है।

### फार्म हाउस मालिकों में हड़कंप मचा

**नगर** परिषद द्वारा अरावली पहाड़ी में चल रहे अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान की जानकारी फार्म हाउस मालिकों को मिल गई है। इसका परिषद अधिकारी मीडिया के सामने खुलासा करने से बच रहे हैं, लेकिन फार्म हाउस मालिक अपने-अपने अवैध निर्माणों को बचाव में राजनीतिक सहारा लेने में जुट गए हैं। निर्माण कार्यों को तुरन्त रोकते हुए सामग्री को अज्ञात स्थान पर ले जाकर छुपाया जा रहा है।

> **अभी** तक सोमवार को अवैध निर्माण को लेकर अरावली पहाड़ी में अभियान चलाने की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। लेकिन अभियान में अधिक से अधिक अवैध निर्माण को गिराया जाएगा।
>
> **राजेश मेहता**
> **( सचिव नप )**

### ड्यूटी मजिस्ट्रेट की नियुक्ति हुई

**अरावली** पहाड़ी में अवैध निर्माण कार्यों को ध्वस्त करने के इरादे से नगर परिषद ने उपायुक्त से अनुमति लेते हुए मजिस्ट्रेट की नियुक्ति हो चुकी है। इसके साथ-साथ भोंडसी थाना पुलिस को भी पूरे दल बल के साथ अवैध निर्माणों गिराने के दौरान विरोध को रोकने के लिए तैयार कर दिया है।

## मन्दिर के दानपात्र से बीस हजार रुपये चोरी, बदमाश फरार

**तावडू।** नगर के वार्ड नंबर-8 स्थित शिव मंदिर के दानपात्र से अज्ञात बदमाश द्वारा 20 हजार रुपये चोरी करने का मामला सामने आया है। दिनदहाड़े हुई इस वारदात के बाद पुलिस सक्रिय रूप से जांच करने में जुटी है। वार्ड नंबर-8 के निवासी लीलू प्रधान, सागर, दिनेश व संदीप ने बताया कि शनिवार 11.00 बजे के करीब अज्ञात बदमाश मंदिर परिसर में पूजा करने के बहाने आया था। जिसने मौका पाकर मंदिर में रखे दानपात्र का ताला तोड़ दिया और बीस हजार रुपये लेकर फरार हो गया। वहां पर लगे एक सीसीटीवी फुटेज में मोटरसाइकल पर सवार कुछ संदिग्ध नजर आ रहे हैं।शहर थाना पुलिस का कहना है कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी, फ़िलहाल स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस जांच में जुटी है।

# झगड़े में एक युवक की डंडों से पीट-पीट कर हत्या

### पुलिस ने मामला दर्ज कर चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**सेंट्रल** थाना स्थित एल्डिगो मॉल के पास बनी झुग्गियों में किसी बात को लेकर शुक्रवार की रात झगड़ा हो गया। जिसमें लाठी डंडों से घायल एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर बीके अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया। वहीं मृतक के परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एसीपी सेंट्रल सत्यपाल सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में पप्पू, शिव, राजू, और बाबूलाल का नाम शामिल है, जो एल्डिगो मॉल के पास बनी झुग्गियों के रहने वाले हैं। आज सेंट्रल थाने में हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें आरोपी पप्पू, शिव, राजू, बाबूलाल, राममेहर व उसके अन्य साथियों का एल्डिको मॉल के पास बनी झुग्गियों में साहिल, शाहिद और अरमान से किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। जिसमें साहिल को डंडे से चोट मारी थी। शाहिद और अरमान बीच बचाव के लिए आए, परंतु आरोपियों ने उन्हें भी चोट पहुंचाई। झगड़े के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए और पीड़ितों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने साहिल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू की व चार आरोपियों को बीपीटीपी एरिया से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से मामले में पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के बाद कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# नचौली महाविद्यालय की छात्रा अंजलि ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जीता रजत पदक



**फरीदाबाद।** राजकीय कन्या महाविद्यालय नचौली फरीदाबाद बीए प्रथम वर्ष की छात्रा अंजलि ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेपाल में आयोजित एमजीके कराटे चैंपियनशिप में रजत पदक जीता है।

महाविद्यालय पहुंचने पर सिल्वर मेडलिस्ट विजेता अंजली का नचौली कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सुनिधि व अन्य स्टाफ सदस्यों तथा छात्राओं ने स्वागत किया तथा इस विशिष्ट उपलब्धि के लिए उसे बधाई दी। नचौली कॉलेज की खेलकूद प्रभारी शालिनी तुली ने जानकारी दी कि अंजली का चयन एशियाई कराटे चैंपियनशिप के लिए किया गया है, जो शीघ्र ही नेपाल में आयोजित होने वाली है। नचौली महाविद्यालय में इस पहली अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि पर एक उत्सव जैसा माहौल रहा। महाविद्यालय की प्राचार्या ने अंजलि की इस जीत पर अत्यंत गौरवान्वित होते हुए इसे महाविद्यालय की एक विशेष उपलब्धि बताया।

# पलवल में कानूनी जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**पलवल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला एवं सत्र न्यायाधिश एवं चेयरमैन पुनीश जिंदीया तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कुनाल गर्ग के मार्गदर्शन में हरमीत कुमारी पैनल अधिवक्ता द्वारा डॉ. बीआर अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय पलवल में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया।

इस कानूनी जागरूकता शिविर में कॉलेज के प्रिंसीपल डा. बाबूलाल शर्मा व प्रोफेसर पवन कुमार, प्रो. अनिल मौजूद रहे। जागरूकता शिविर में जिला एवं सत्र न्यायाधिश पुनीश जिंदीया ने उपस्थित छात्रों को कानून की जानकारी दी। उन्हें मोटीवेट भी किया। हरमीत कुमारी पैनल एडवोकेट ने उपस्थित छात्रों को सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक जजमेन्ट अरनेश कुमार बनाम् विहार राज्य व शीला बरसे बनाम महाराष्ट्र राज्य, अजमल आमिर कसाब बनाम् महाराष्ट्र राज्य के बारे में पूर्ण रूप से जानकारी दी।

## संक्षिप्त समाचार

### पिकअप गाड़ी में तस्करी के लिए शराब ले जाते दो गिरफ्तार



**पलवल।** पुलिस ने अवैध शराब तस्करी पर प्रहार करते हुए पिकअप गाड़ी को पकड़कर दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके लाखों रुपये की शराब पकड़ी है। गाड़ी में कुल 107 पेटी अंग्रेजी एवं बीयर बरामद की है। शहर थाना प्रभारी निरीक्षक रेनू शेखावत ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि कुछ लोग अवैध रूप से भारी मात्रा में शराब लेकर आ रहे हैं। जिस पर उन्होंने टीम का गठन किया और हुडा सेक्टर-2 मोड़ पर नाकेबंदी कर दी। इसी दौरान दिल्ली की तरफ से एक पिकअप गाड़ी आती हुई दिखाई दी तो पुलिस टीम ने जांच के लिए गाड़ी को रुकवा लिया। पिकअप गाड़ी के रुकते ही उसका चालाक व उसमें बैठा दूसरा युवक भागने लगे, लेकिन पुलिस ने दोनों को दबोच लिया। पकड़े गए युवकों अपना नाम अल्लीका गांव निवासी मुनेश व जैंदापुर गांव निवासी राजकुमार बताया। पुलिस ने गाड़ी की तलाशी ली तो उसमें लाखों रुपए की 55 पेटी अंग्रेजी शराब व 52 पेटी बीयर, कुल 107 पेटी बरामद हुई। आरोपी बरामद शराब के संबंध में कोई लाईसेंस व परमिट नहीं दिखा पाए। बरामद अवैध शराब एवं गाड़ी को कब्जे में लेकर आरोपियों खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों से अवैध शराब के स्त्रोत के बारे में पूछताछ जारी है, जिन्हें अदालत में पेश किया जाएगा। इस नेटवर्क से जुड़े किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

### मंत्री मूलचंद शर्मा का रोडवेज कर्मचारियों ने किया आभार व्यक्त



**फरीदाबाद।** हरियाणा रोडवेज के कर्मचारियों ने शनिवार को प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा का उनके कार्यालय पहुंचकर आभार प्रकट किया। इस अवसर पर मूलचंद शर्मा ने कर्मचारियों का मीठा मुंह कराकर उन्हें भी इमानदारी से बेहतर कार्य करने की बात कही। वहीं कर्मचारियों ने कहा कि इतिहास में पहली बार हरियाणा रोडवेज के बेड़े में जो इतनी बड़ी संख्या में बसें शामिल की गई हैं, ये एक बहुत ही सराहनीय कार्य है। कर्मचारियों ने गुलदस्ता भेंट कर परिवहन मंत्री का धन्यवाद जताया और कहा कि आज परिवहन मंत्री ने रोडवेज विभाग में जान डालने का काम किया है। रोडवेज के मैकेनिक राकेश का कहना है कि उनके 34 वर्ष की इस नौकरी में पहली बार हरियाणा रोडवेज में इतनी भारी संख्या में बसों को शामिल किया गया है। जिससे कर्मचारियों में खुशी की लहर है।

### स्वास्थ्य जांच शिविर का 66 लोगों ने उठाया लाभ

**फरीदाबाद।** भारत विकास परिषद सोशल वैलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित डॉ. सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र की ओर से टूरिज्म फाइनेंस कारपोरेशन इंडिया एवं टेंडर हार्ट के सहयोग से गांव फरीदपुर में नि:शुल्क स्वास्थ्य व आंखों की जांच का शिविर लगाया गया। इस शिविर में 66 लोगों की आंखों व बीपी और शुगर की जांच की गई। शिविरि में आठ लोगों को मोतियबिंद के ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया है। डॉ. सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र में बहुत ही कम दरों पर स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही हैं। जैसे- सीटी स्कैन, ईसीजी, इकोटीएमटी, डायलिसिस सेंटर, एक्स-रे व अल्ट्रासाउंड आदि।

### प्रॉपर्टी डीलरों को बेचा प्लॉट, पैसे नहीं मिले तो कर ली आत्महत्या

**फरीदाबाद।** प्रॉपर्टी डीलरों से परेशान होकर एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मौके से सुसाइड नोट बरामद किया है, जिसमें उसने आत्महत्या का कारण डीलरों द्वारा रुपये न दिए जाने का आरोप लगाया है। सेक्टर-58 थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए विवश करने की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सेक्टर-55 में अजय कुमार अपने परिवार के साथ रहते थे। उनका ऑटो पार्ट्स का काम था। उन्होंने 2018 में सेक्टर-64 में 160 वर्ग गज का प्लॉट प्रॉपर्टी डीलर कपिल जिंदल, हनुमत, कपिल जिंदल की पत्नी सुनीता जिंदल को बेचा था। यह सौदा 51 लाख 50 हजार रुपये मे तय हुआ था। शिकायत में कहा गया है कि डीलरों ने साढ़े सात लाख रुपये पहले ही दे दिए थे, लेकिन बाकी रुपये देने में डीलर आनाकानी कर रहे थे। बार-बार रुपये मांगने पर भी डीलरों ने रुपये नहीं दिए। इससे पीड़ित परिवार की दयनीय हालत होने लगी। परेशान होकर 48 साल के अजय कुमार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। हालांकि पीड़ित परिवार शुरुआत में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर नाराज था, पर पुलिस ने आठ आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

### शशिकांत सिंह इनकम टैक्स बार एसोसिएशन के प्रधान बने



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद इनकम टैक्स बार एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई। जिसमें आपसी सहमति से वरिष्ठ अधिवक्ता शशि कांतसिंह को प्रधान, सीए मनुज गर्ग को उपप्रधान, सीए आरुष गुप्ता को महासचिव, अधिवक्ता संदीप नागर को संयुक्त सचिव एवं कोषाध्यक्ष तथा अधिवक्ता संजय माटा, अधिवक्ता ललित शर्मा, अधिवक्ता चंचल शर्मा, सीए हेमंत खत्री तथा अधिवक्ता राजीव गौर को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। चुनाव अधिकारी अधिवक्ता संजय मंगला के कुशल निर्देशन में टीम का गठन हुआ। नवनियुक्त प्रधान शशिकांत सिंह ने फरीदाबाद इनकम टैक्स बार एसोसिएशन के उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि नवगठित कार्यकारिणी बार के मान, सम्मान एवं आत्मसम्मान के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे और सभी को साथ लेकर चलेंगे तथा सभी के सुख-दुख में साथी खड़ी रहेगी। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि करदाताओं की समस्याओं को प्रभावी तरीके से संबंधित अधिकारियों के समक्ष उठाएंगे और उनके समाधान के लिए भरपूर प्रयास करेंगे। सभी नवनिर्वाचित सदस्यों ने बार के सदस्यों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर बार के पूर्व प्रधान दिनेश अग्रवाल, सुधीर चौधरी, वीपी शर्मा, कमल लखानी एवं दीपक गर्ग, प्रहलाद गर्ग, कुलदीप सिंह, योगेश सिंह, सुनील कुमार, राजेश शर्मा, राजेन्द्र प्रसाद गोयल, देवेंद्र गौर, बार के निवर्तमान प्रधान हर्ष मक्कड़ सहित बार के अधिकांश वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे।

### हरियाणा व्यापार मंडल कोर के सदस्यों ने की मीटिंग



**फरीदाबाद।** नई लीज पॉलिसी पर समीक्षा करते हुए हरियाणा व्यापार मंडल की टीम के सदस्यों ने मीटिंग की। मीटिंग का मुख्य उद्देश्य था कि किस प्रकार बचे हुए 700 से ज्यादा व्यापारियों के हित में काम किया जाए। जो राइट ऑफ वे का शिकार हो रहे हैं। सदस्यों ने कहा कि केसी रोड, न्यू मार्केट-5, नीलम-चौक, ट्रांसपोर्ट मार्केट एवं तिकोना पार्क, ओल्ड प्रेस कॉलोनी, ईस्ट इंडिया कॉटन मिल, ऑटोपिन इंडिया मार्केट के हित में काम हो। इस मामले में जरूरत पड़ने पर कमेटी के मेंबर मुख्यमंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर व कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा से मुलाकात कर इस समस्या का समाधान निकालेंगे।

# सक्रिय रूप से कार्य कर सहयोग करें रोड सेफ्टी अधिकारी : अमित यशवर्धन

### डीसीपी ने मेट्रो पुलिस थाने का किया निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




रोड सेफ्टी अधिकारियों की मीटिंग लेते व मैट्रो थाने का निरीक्षण करते डीसीपी अमित यशवर्धन।

**डीसीपी** ट्रैफिक अमित यशवर्धन ने सड़क सुरक्षा के संबंध में रोड सेफ्टी अधिकारियों की मीटिंग लेकर उन्हें सड़क सुरक्षा के संबंध में अहम दिशा निर्देश दिए। इस बैठक में डीसीपी के साथ एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार भी उपस्थित रहे।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि वाहन चालकों की सुरक्षा पुलिस का प्रथम उद्देश्य है और इसके लिए वह लगातार प्रयास कर रहे हैं। रोड सेफ्टी अधिकारियों को भी हिदायत दी गई कि इस संबंध में वह सक्रिय रूप से कार्य करके अपना योगदान दें। डीसीपी ने कहा कि वाहन चालकों को पुलिस नियमित रूप से अलग-अलग स्थानों पर जाकर जागरूक कर रही है और नियमों का उल्लंघन करने वालों का चालान काटकर उन्हें दंडित भी किया जा रहा है। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा के संबंध में फरीदाबाद पुलिसकर्मी व रोड सेफ्टी अधिकारी को मिलकर कार्य करना होगा और वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी। जिसके लिए वह लगातार प्रयासरत रहेंगे।

**मैट्रों थाने का भी किया निरीक्षण :** डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन ने मैट्रो पुलिस स्टेशन का औचक निरीक्षण किया और पुलिस थाने के रिकॉर्ड जांचें। इसके पश्चात डीसीपी द्वारा कानून व्यवस्था के संबंध में क्राइम मीटिंग ली गई। जिसमें पुलिसकर्मियों को कानून व्यवस्था के संबंध में अहम दिशा निर्देश दिए गए। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन मैट्रो पुलिस स्टेशन पहुंचे, जहां पर उन्होंने थाने का निरीक्षण करते हुए पुलिस रिकॉर्ड की जांच की और पुलिस रजिस्टर चेक किए। इसके बाद मीटिंग में उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारी अपराध के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करें और अपराधियों को गिरफ्तार करके पीड़ित को जल्द से जल्द न्याय दिलाएं।

# कुलपति डॉ. राज नेहरू को मिला आईसीजे ग्लोबल अवार्ड



**फरीदाबाद।** श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू को आईसीजे ग्लोबल अवार्ड-2023 से नवाजा गया है। उन्हें यह सम्मान उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए इंटरनेशनल काउंसिल फॉर जर्नलिस्ट, न्यूज पेपर एसोसिएशन ऑफ इंडिया और एसजीटी यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में दिया गया।

इससे पहले भी उन्हें राष्ट्रीय स्तर के कई अवार्ड मिल चुके हैं। कुलपति डॉ. राज नेहरू देश के पहले कौशल विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति हैं। उन्होंने कौशल शिक्षा में नवाचार के साथ एक आदर्श स्थापित किया है। अनुभव आधारित विद्या को औपचारिक शिक्षा के साथ समन्वित कर कुलपति डॉ. राज नेहरू ने रिकॉग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग की शुरुआत की है। देश के पहले कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति होने के नाते उन्होंने क्लासरूम और इंडस्ट्री को एकीकृत किया है। शिक्षा के इस दोहरे मॉडल को काफी सराहना मिली है। शिक्षा जगत में उनके इस विशिष्ट योगदान को देखते हुए आईसीजे ग्लोबल अवार्ड-2023 से नवाजा गया है। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने इसका श्रेय श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की पूरी टीम को दिया है। उन्होंने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय युवा शक्ति को कौशल प्रदान कर राष्ट्र एवं समाज के लिए उपयोगी बनाने की दिशा में कार्यरत है। भारत उच्च शिक्षा में ग्रॉस इनरोलमेंट रेशो (जीईआर) के मामले में 30 फीसद के साथ काफी नीचे है। श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने आरपीएल के माध्यम से इसे बेहतर बनाने का एक मॉडल प्रस्तुत किया है।

# पलवल में पूर्व मंत्री करण दलाल के फार्म हाउस पर लूटपाट

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**वरिष्ठ** कांग्रेसी नेता एवं पूर्व मंत्री कर्ण सिंह दलाल के फार्म हाउस पर लूटपाट हुई है। वहां तैनात कर्मचारी को जान से मारने की धमकी देकर कुछ लोग लाखों रुपये कीमत का ईंट, सरिया, सीमेंट, रोडी-बजरी व सेटरिंग का सामान लूटकर फरार हो गए। हसनपुर थाना पुलिस ने 12 नामजद सहित अन्य के खिलाफ लूटपाट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

हसनपुर थाना प्रभारी दलबीर के अनुसार जवाहर नगर कैंप निवासी लोकेश ने दी शिकायत में कहा है कि वह पूर्व मंत्री कर्ण सिंह दलाल के बेटे उदयकरन सिंह दलाल व उनके परिवार के मुर्तजाबाद गांव में स्थित खेतों का काम देखता है। ये जमीन हरियाणा की सीमा में है और जमीन का कोई विवाद भी नहीं है। जमीन की देखरेख के लिए वहां घर बन रहा था। इसके लिए वहां पर लाखों रुपये का ईंट, सरिया, सीमेंट, रोडी-बजरी व सेटरिंग का सामान डाला हुआ था।

लोकेश का कहना है कि उत्तर प्रदेश के रामगढ़ी गांव निवासी कंछिद, कल्लू, हरपाल, हरी, हीरा, रामदास, मानसिंह, चंदा, यादराम, पप्पू, नेहरू व लक्ष्मण हथियारों के साथ तीन ट्रैक्टर-ट्राली लेकर आए। उन्होंने वहां काम कर रहे मजदूरों के साथ मारपीट कर लाखों रुपये के सामान को लूट लिया। वहां घर बनाने के लिए खोदी गई नींव को ट्रैक्टरों से मिट्टी डालकर भर दिया। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर चले गए। हसनपुर थाना के पुलिस जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर सुरेश का कहना है कि शिकायत पर सभी आरोपियों के खिलाफ लूटपाट व जान से मारने की धमकी का केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर सामान बरामद कर लिया जाएगा। पूर्व मंत्री कर्ण सिंह दलाल का कहना है कि उनके बेटे उदयकरण के खेत है, जहां पर मकान बनवाने का काम किया जा रहा था।

# मानव रचना ने सातवां मुफ्त कृत्रिम दांत वितरण कार्यक्रम किया आयोजित

### 45 वरिष्ठ नागरिकों को मिला लाभ

### दंत चिकित्सकों ने दांतों की बेहतर देखभाल का परामर्श भी दिया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



वरिष्ठ नागरिकों को किट देते डॉ. ओपी भल्ला।

**मानव** रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज में स्कूल ऑफ डेंटल साइंसेज के प्रोस्थोडॉन्टिक्स विभाग और डॉ. ओपी भल्ला फाउंडेशन की ओर से सातवें मुफ्त कृत्रिम दंत वितरण व चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। संस्थान के संस्थापक डॉ. ओपी भल्ला के मानवीय मिशन को आगे बढ़ाते हुए आयोजित किए गए इस शिविर में 45 वरिष्ठ नागरिकों को निशुल्क कृत्रिम दंत और उनके रख रखाव की किट प्रदान की गई। साथ ही शिविर में दंत चिकित्सकों ने दांतों की सही देखभाल को लेकर जरूरी परामर्श भी दिए।

इस दौरान मानव रचना शैक्षणिक संस्थान की मुख्य संरक्षक सत्या भल्ला ने कहा कि संस्थापक डॉ. ओपी भल्ला हमेशा दूसरों की सेवा और सामाजिक उत्थान पर भरोसा करते थे। उन्हीं की दूरगामी सोच को आगे बढ़ाते हुए सामाजिक कल्याण की दिशा में इस तरह के कार्यक्रम कराए जाते हैं और ये मिशन आगे भी जारी रखेंगे। इस दौरान एमआरईआई के डायरेक्टर जनरल डॉ. एनसी वाधवा, एमआरआईआईआरएस के वाइस चांसलर डॉ. संजय श्रीवास्तव, एमआरयू वाइस चांसलर प्रो. डॉ. आईके भट, डेंटल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अरुणदीप सिंह, पीजी स्टडीज के डायरेक्टर डॉ. पुनीत बत्रा, प्रोस्थोडॉन्टिक्स विभाग के एचओडी डॉ. पंकज धवन आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# युवती से दुष्कर्म के प्रयास का आरोपी किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** सेक्टर-8 थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन व डायल 112 की टीम ने 22 वर्षीय युवती के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम अनिल है, जो मथुरा के कोसी का रहने वाला है और फिलहाल फरीदाबाद में सेक्टर-15 में रह रहा था। आरोपी दिहाड़ी मजदूरी का काम करता है। एक मई को आरोपी ने शराब पी रखी थी और वह गलियों में घूमता घूमता एक मकान में जा पहुंचा, जहां एक 22 वर्षीय युवती घर में अकेली थी। आरोपी ने लड़की से पानी मांगा और लड़की जैसे ही पानी लेकर गेट पर आई और गेट खोला तो आरोपी धक्के से घर में घुस गया। जहां पर उसने लड़की के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। इतने में लड़की का भाई वहां पर आ गया, जिसने आरोपी को मौके से काबू करके पुलिस को सूचना दे दी।

# भगवान परशुराम के अपमान का लेंगे बदला : नवीन जयहिंद

### कहा, 21 मई को पहरावर की जमीन पर ही मनेगा जन्मोत्सव

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



कार्यक्रम का न्यौता देने पहुंचे नवीन जयहिंद।

**नवीन** जयहिंद भगवान परशुराम का जन्मोत्सव 21 मई को पहरावर की धरती पर मनाने का दंम भर रहे हैं। इसी को लेकर शनिवार को नवीन जयहिंद फरीदाबाद में ललकारा का न्योता देने पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने पत्रकारों से बातचीत की। सभी फरीदाबाद वासियों को आने वाली 21 मई को पहरावर पहुंचने का ललकारा दिया।

उन्होंने कहा 21 मई को उसी पहरावर की जमीन पर भगवान परशुराम की अदालत भी लगेगी और जन्मोत्सव भी मनाया जाएगा। इस मौके पर दर्शन लाल, राजेश, भगवान, भूपेंद्र, राजू, हेमराज, हरीश शर्मा, कृष्ण आदि मौजूद थे। नवीन जयहिंद ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार 21 मई तक हमें यह बता दे कि जो पहरावर की जमीन मुख्यमंत्री ने करनाल में हुए ब्राह्मण महाकुंभ में ब्राह्मण समाज को वापस देने का वादा किया था, वह जमीन कहां है? उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के अंदर कंस की आत्मा आई हुई है, इसलिए वह भगवान परशुराम का जन्म उत्सव नहीं मनाने दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह जन्मोत्सव 36 बिरादरी के भाईचारे के सहयोग से भाईचारे लिए मनाया जा रहा है। पहरावर की जमीन पर स्कूल, अस्पताल, मंदिर बनेगा। सरकार को इससे भी आपत्ति है। जयहिंद ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार कायरों की तरह भगवान परशुराम के भक्तों पर वार कर रही है। अगर सरकार में दम है तो वह सीधे मुझसे लड़े। आज सारे समाज को एक साथ आने की जरूरत है, यह अकेले के लिए कार्यक्रम नहीं है 36 बिरादरी के भाईचारे का सहयोग है।

सभी मिलजुल कर इस जन्मोत्सव को मना रहे हैं। धार्मिक अनुष्ठान किसी भी विशेष समाज का नहीं बल्कि सभी का साझा होता है। उन्होंने कहा कि रोहतक के पहरावर में 23 अप्रैल को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया जाने वाला था। लेकिन कार्यक्रम से दो दिन पहले सरकार ने प्रशासन व निगम को मोहरा बना कोर्ट का सहारा लेकर इस कार्यक्रम पर रोक लगा दी। अब आने वाली 21 मई को उसी पहरावर की जमीन पर भगवान परशुराम की अदालत भी लगेगी और जन्मोत्सव भी मनाया जाएगा।

# स्कूलों में हर बुधवार को छात्रों को खिलाई जाएगी आयरन की गोली : डॉ. पुष्पा

### बैठक में डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. रामेश्वरी ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



बैठक में जानकारी देतीं डॉ. पुष्पा कश्यप।

**राष्ट्रीय** बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम के तत्वावधान में खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डिप्टी सिविल सर्जन डॉक्टर रामेश्वरी द्वारा पलवल ब्लॉक के सभी सीआरसी के प्रिंसिपल व मुख्य अध्यापकों को खंड शिक्षा अधिकारी मामराज रावत के नेतृत्व में आरबीएसके, आरकेएसके तथा राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई।

बैठक में बच्चों के दांतों में कैविटी होना, दांतों में कीड़ा लगना, दांतों का पीलापन, मसूड़ों में सूजन व मसूड़ों से खून आना तथा पायोरिया आदि रोगों के बारे में जानकारी दी गई। डॉ. रामेश्वरी ने मुंह के कैंसर के कारण, लक्षण, बचाव व उपचार के बारे में जानकारी दी। उन्होंने शपथ भी दिलाई कि हमें दिन में दो बार सुबह खाना खाने के बाद व रात को ब्रश अवश्य करना चाहिए। हम अपने रिश्तेदारों व घरवालों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

वहीं जिला किशोर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुष्पा कश्यप ने वीकली आयरन फोलिक एसिड सप्लीमेंटेशन कार्यक्रम के तहत आयरन और फोलिक एसिड टेबलेट्स के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को हर बुधवार को आयरन और फोलिक एसिड की एक टेबलेट खिलानी चाहिए। ताकि उनमें खून की कमी न रहे। उन्होंने बताया कि पांच से नौ वर्ष तक के विद्यार्थियों को खाना खाने के बाद आयरन और फोलिक एसिड की गुलाबी टेबलेट तथा नौ से 19 वर्ष तक के विद्यार्थियों को आयरन और फोलिक एसिड की नीली गोली खिलाएं। इस कार्यक्रम से संबंधित आईईसी मैटेरियल जैसे पोस्टर, बैनर, पंपलेट व रिपोर्टिंग फार्म वितरित किए गए। उन्होंने बताया कि जिला नागरिक अस्पताल पलवल में मित्रता क्लीनिक का भी संचालन किया जा रहा है। किशोरावस्था में हारमोंस का बदलाव होता है। जिला किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के सलाहकार मनीष कुमार द्वारा पोस्टर, बैनर, पंपलेट व रिपोर्टिंग फार्म वितरित किए गए।

# मुख्तार अंसारी के मामले में 17 व 20 मई को आयेगा फैसला

**संवाददाता**। गाजीपुर

**बाहुबली** मुख्तार अंसारी पर शनिवार को गाजीपुर की अदालत का फैसला आना था। लेकिन कोर्ट ने फैसले की तारीख बढ़ा दी है। कोर्ट ने मुख्तार अंसारी के खिलाफ दर्ज 307 के केस और करंडा थाना में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मामले में अगली तारीख नियत कर दी है। दोनों मामलों में कोर्ट ने नई तारीख दे दी है। मुहम्मदाबाद में दर्ज 307 के केस में 17 मई को फैसला सुनाया जाएगा। वहीं करंडा थाना में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मामले में 20 मई को फैसला आएगा। बता दें कि गाजीपुर के अपर सत्र न्यायाधीश व विशेष न्यायाधीश एमपी एमएलए दुर्गेश की अदालत मामले की सुनवाई होनी थी। मालूम हो कि करंडा थाना क्षेत्र के ग्राम सबुआ निवासी कपिल देव सिंह हत्याकांड और मुहम्मदाबाद के अमीर हसन की हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी मुख्तार अंसारी के विरुद्ध साल 2009 में गैंगस्टर अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया गया था।





## जेल में बंद अफजाल के कई शस्त्र लाइसेंस निरस्त

**गाजीपुर।** मुख्तार अंसारी के भाई पूर्व सांसद अफ्जाल अंसारी पुत्र सुभानउल्लाह अंसारी निवासी दर्जी टोला युसुफ्पुर थाना मुहम्मदाबाद जनपद का तीन शस्त्र लाइसेंस निरस्त किया गया। पूर्व सांसद अफ्जाल अंसारी को मुकदमा अपराध संख्या 1052ध्2007 धारा 3;1द्ध उत्तर प्रदेश गैंगेस्टर एक्ट में न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायालय चतुर्थ गाजीपुर द्वारा 29 अप्रैल 2023 को दोष सिद्ध करार करते हुए 4 वर्ष की कारावास व 1 लाख रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाते हुए जिला जेल भेज दिया। इसके बाद पूर्व सांसद अफ्जाल अंसारी के नाम से जारी 3 शस्त्र लाइसेन्स 1242ध्द्रु.प्प् थाना मुहम्मदाबादए 1188ध् द्रु.प्प् थाना मुहम्मदाबाद और 1241ध्द्रु.प्प् थाना मुहम्मदाबाद को 3 मई 2023 को जिलाधिकारी आर्यखा अखौरी द्वारा निरस्त कर दिया गया।

# सोखा की गला रेत कर हत्या

**वाराणसी।** चोलापुर थाना क्षेत्र के नेहिया डीह गांव में 50 वर्षीय एक सोखा की बदमाशों ने गला रेत कर हत्या कर दी और मौके से भाग निकले। शनिवार को घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ छानबीन के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नेहिया डीह गांव के ब्राह्मण बस्ती निवासी रामधनी दुबे पुत्र स्वर्गीय राम लखन दुबे झाड़ फूंक सोखागिरी का काम करते थे। शुक्रवार की देर शाम खाना खाकर रामधनी दुबे घर के बाहर सोने चले गये। सुबह दिन चढ़ने पर जब उनकी पत्नी जगाने गई तो रामलखन का खून से लथपथ शरीर देख सन्न रह गई। उनके रोने बिलखने की आवाज सुनकर पड़ोसी भी जुट गए। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई । सूचना पर प्रभारी निरीक्षक मौके पर पहुंचे और फॉरेंसिक टीम को बुलवाया। पुलिस टीम ने घटना स्थल पर देर तक जांच पड़ताल की। घटना की जानकारी पर एडीसीपी मनीष शांडिल्य भी मौके पर पहुंच गये। एडीसीपी ने घर वालों से देर तक पूछताछ की । इस दौरान मृतक के पुत्र अभिषेक दुबे ने आरोप लगाया कि मेरी बहन के ससुराल वालों से काफी दिन से बंटवारे को लेकर तनाव चल रहा था। बहन के ससुराल वाले लगातर पिता ;रामधनी दुबेद्ध को जान से मारने की धमकी दे रहे थे। चोलापुर पुलिस ने बताया कि मृतक के परिजनों की तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। गांव वालों से भी मृतक के बारे में जानकारी ली जा रही है। शांति व्यवस्था बनी हुई है।

## अवैध हथियार बनाते दो आरोपी गिरफ्तार

**मेरठ।** मेरठ जिले की किठौर पुलिस ने शनिवार को छापा मारकर हथियार बनाने वाले दो लोगों को गिरफ्तार कर बड़ी संख्या में अवैध हथियार बरामद किया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कमलेश बहादुर ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि किठौर क्षेत्र में ईशापुर मोड़ के सामने गन्ने के खेत में दो लोग अवैध शस्त्र बनाने का काम कर रहे हैं। बहादुर ने बताया कि सूचना पर थाना किठौर के उप निरीक्षक सत्एन्द्र कुमार की अगुवाई में पुलिस टीम ने देर रात मौके से दो लोगों को अवैध निर्मित तमंचों, जिन्दा कारतूस एवं अवैध शस्त्र बनाने के उपकरणों सहित गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने बताया कि मौके से 315 बोर के पांच और 12 बोर के चार तमंचों सहित कुल नौ अवैध तमंचे एवं चार कारतूस एवं अवैध शस्त्र बनाने में प्रयुक्त उपकरण बरामद हुए हैं।

# पीलीभीत में तालाब में नहाने गए किशोर की डूबने से मौत

पीलीभीत। पीलीभीत जिले के जहानाबाद थाना इलाके में गांव से बाहर तालाब में दोस्तों संग नहाने गए एक किशोर की डूबकर मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। जहानाबाद थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) अशोक पाल ने पत्रकारों को बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम गहलुईया के रहने वाले दामोदर दास का 16 वर्षीय पुत्र महेश कुमार शनिवार सुबह दोस्तों के साथ गांव के बाहर स्थित तालाब में नहाने गया था और नहाते समय अचानक महेश डूबने लगा। पाल ने बताया कि दोस्तों ने महेश को बचाने की कोशिश की लेकिन असफल रहने पर उन्होंने शोर मचाकर ग्रामीणों को एकत्र कर लिया। उन्होंने बताया कि लोगों के सहयोग से महेश कुमार को बाहर निकाला गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी। एसएचओ ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## युवक की चाकू मारकर हत्या

हापुड़। हापुड़ कोतवाली क्षेत्र में गली में खड़े होने को लेकर हुए विवाद में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार रफीक नगर निवासी तसव्वर (20) शुक्रवार की शाम अपने घर के पास गली में खड़ा था। इसी बीच, वहां मोहल्ले का ही चाहत अली अपने तीन साथियों के साथ पहुंचा और तसव्वर को गली में खड़ा होने से मना किया जिसे लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। उसने बताया कि विवाद इतना बढ़ा कि चाहत अली के पक्ष ने तसव्वर पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। तसव्वर को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां देर रात उसकी मौत हो गई। उसने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय पांडेय ने शनिवार को बताया कि कुछ युवकों में आपसी कहासुनी हो थी। इस पर चाकू मारकर एक युवक की हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बाइक फिसली, चालक घायल

फ्तेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के जमालपुर के समीप देर शाम एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित कोकर फिसल गई। जिससे बाइक चालक घायल हो गया। सरकारी एम्बुलेंस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के जमालपुर मवइया गांव निवासी रामनारायन का 30 वर्षीय पुत्र दुर्गा प्रसाद देर शाम किसी काम लिए बाइक पर सवार होकर घर से निकला था। कुछ दूर जाने के बाद इसकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिससे वह घायल हो गया जिसकी सूचना सरकारी एम्बुलेंस को दी गई।

## कार की टक्कर से महिला की मौत

फ्तेहपुर। औंग थाना क्षेत्र के एनएच–2 पर रोड पार करते समय एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन अधेड़ महिला को टक्कर मारता हुआ निकल गया। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को इलाज के लिए कानपुर लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई।जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के शुक्लानगर मजरा रावतपुर गांव निवासी स्व. कृष्ण कुमार सिंह की 57 वर्षीय पत्नी राजेश्वरी देवी उन्नाव जनपद में स्थित चंद्रिका देवी के मंदिर दर्शन करने गई थी। वहाँ से वापस घर लौट रही थी तभी एनएच–2 पर रोड पार करते समय एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन राजेश्वरी देवी को टक्कर मारता हुआ निकल गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। तुरंत परिजन उनको इलाज के लिए कानपुर लेकर पहुंचे। जहां उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

# पति ने पत्नी की हत्या कर खुद भी आत्महत्या कर ली

**रामपुर।** जिले के थाना गंज क्षेत्र में शनिवार को आपसी विवाद के बाद एक व्यक्ति ने कथित तौर पर पत्नी की हत्या कर खुद भी आत्महत्या कर ली। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अनुज चौधरी ने बताया कि थाना गंज क्षेत्र के मोहल्ला बगीचा ऐमना में कस्तूरबा गांधी स्कूल के पास सरकारी आवास में शाहजेब और शहाना रहते थे। दोनों ने छह साल पहले प्रेम विवाह किया था और उनके दो बेटे हैं। उन्होंने बताया कि आज सुबह 11 बजे पति–पत्नी का किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद शाहजेब ने नुकीली वस्तु से पत्नी को बुरी तरह गोद डाला। इस हमले से शहाना की मौके पर ही मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि शाहजेब ने बाद में खुद पर भी नुकीली वस्तु से वार किए। उन्होंने बताया कि पड़ोसी घायलावस्था में शाहजेब को जिला अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# मोटरसाइक्लि के पेड़ से टकराने से दो की मौत

**प्रतापगढ़।** जिला मुख्यालय से करीब चालीस किलोमीटर दूर थाना कोतवाली लालगंज क्षेत्र के रायपुर तियाई गांव के निकट शुक्रवार रात को एक मोटरसाइकिल के पेड़ से टकरा जाने के कारण दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी रोहित मिश्रा ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार देर रात थाना कोतवाली लालगंज क्षेत्र के रायपुर तियाई गांव के निकट एक मोटरसाइकिल की पेड़ से टक्कर हो गई। घटना में मोटरसाइकिल सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। मृतकों की पहचान संदीप यादव (30) और प्रमोद सिंह (46) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि हादसे में घायल हुए व्यक्ति को स्थानीय चिकित्सालय लाया गया, चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देखते हुए उसे एसआरएन प्रयागराज रेफर कर दिया। तीनों एक विवाह समारोह में शामिल होने के बाद मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। सूचना मिलने पर वहां पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# प्रतापगढ़ में बस की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**प्रतापगढ़।** प्रतापपगढ़ जिला मुख्यालय से करीब पंद्रह किलोमीटर दूर थाना कंधई क्षेत्र के एक पेट्रोल पम्प के निकट शुक्रवार की शाम तेज रफ्तार बस की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।कंधई के थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) हितेंद्र ठाकुर ने बताया कि कोहड़ौर क्षेत्र के नरहरपुर निवासी धर्मेंद्र (24) अपनी पत्नी के भाई सदर क्षेत्र के रामपुर गोडे निवासी अजित (22) के साथ किशनगंज से चिलबिला की तरफ बाइक से आ रहे थे। उन्होंने बताया कि शुक्रवार शाम लगभग पांच बजे जैसे ही वे दोनों मंदाह गेट के समीप पहुंचे चिलबिला की तरफ से आ रही बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। बस की टक्कर से गिरकर दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने एंबुलेंस से उन्हें मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

# पीलीभीत में किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म

## आरोपियों को गुस्साए ग्रामीणों ने बांध कर पीटा

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले के सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र में खेत में घास काटने गई एक नाबालिग किशोरी के साथ कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पीड़िता के गांव के रहने वाले उसके भाई ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसकी नाबालिग बहन खेत पर घास काटने के लिए गई हुई थी, तभी मैलानी के रहने वाले पप्पू और उमेश मौका पाकर खेत में पहुंच गए। आरोपियों ने नाबालिग किशोरी के साथ बारी–बारी से दुष्कर्म किया और उसके शोर मचाने के बाद आरोपी मौके से जान से मारने की धमकी देकर भागने लगे। घटना के बाद किशोरी की सूचना पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने आरोपियों को पकड़कर पेड़ में बांधकर पिटाई की। घटना के बाद एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें दोनों ही आरोपी पेड़ से बंधे नजर आ रहे थे। ग्रामीणों ने दोनों आरोपियों को पुलिस को सौंप दिया। सेहरामऊ उत्तरी थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) के के शर्मा ने पत्रकारों को बताया कि पुलिस ने दोनो आरोपियों पप्पू एवं उमेश के विरुद्ध धारा 376 डी (सामूहिक दुष्कर्म) तथा 506 (आपराधिक धमकी) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। एसएचओ ने बताया कि पीड़ित किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है।

## स्कूल में घुसकर बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का आरोप

आगरा (उप्र), छह मई (भाषा) जिले के थाना न्यू आगरा क्षेत्र अंतर्गत एक स्कूल में घुसकर चौकीदार की सात वर्षीय बेटी के साथ युवक ने कथित तौर पर दुष्कर्म किया। आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने पीड़ित बच्ची को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है। पीड़िता के पिता स्कूल में चौकीदार हैं और दिन में स्कूल के बगल स्थित कोचिंग सेंटर में भी काम करते हैं जबकि उनकी पत्नी स्कूल में ही आया के रूप में कार्यरत हैं। पीड़िता के पिता ने बताया कि शुक्रवार को वह कोचिंग गए हुए थे और स्कूल की छुट्टी के कारण पत्नी भी घरेलू सामान खरीदने के लिए गई हुई थी। उनके मुताबिक, इस दौरान पास ही रहने वाला एक युवक, जो पहले स्कूल का छात्र भी था, स्कूल में घुस आया और बच्ची के साथ कथित तौर पर बलात्कार किया। पिता के पहुंचने पर पीड़िता ने आपबीती सुनाई, जिसके बाद उन्होंने थाना न्यू आगरा पुलिस को मामले की जानकारी दी। इस संबंध में थाना न्यू आगरा प्रभारी सर्वेश कुमार सिंह ने बताया कि युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है और उससे पूछताछ जारी है।

## किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की कैद

बहराइच। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले की एक विशेष अदालत ने नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के आरोपी युवक को दोषी करार देते हुए 10 साल की कैद एवं 60 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता संत प्रताप सिंह ने शनिवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि अपर सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो) वरुण मोहित निगम ने मामले की त्वरित सुनवाई करते हुए आरोपी मोहम्मद शरीफ को दोषी करार देते हुए आज उसे 10 साल की कैद-ए-बामुशक्कत व 60 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। सिंह ने बताया कि जुर्माना नही अदा करने पर मुजरिम करार दिए गए युवक को एक साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। घटना का ब्यौरा देते हुए सिंह ने बताया कि रामगांव थाना अंतर्गत एक गांव स्थित अपने घर में सो रही 15 वर्षीय किशोरी से मोहम्मद शरीफ ने छह अप्रैल, 2023 को उसके घर में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास किया और उसे चोट पहुंचाई थी। किशोरी ने शोर मचाया तो आरोपी भाग गया। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर दुष्कर्म की कोशिश, पॉक्सो एक्ट तथा अन्य सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर मात्र दस दिन के भीतर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया और अदालत ने त्वरित सुनवाई करते हुए सजा सुनाई। जिला शासकीय अधिवक्ता मुन्नू लाल मिश्र ने बताया कि अदालत ने विधिक सेवा प्राधिकरण से पीड़िता को प्रतिकर राशि दिलाए जाने की संस्तुति की है।

## बांदा में माहौल बिगाड़ने की कोशिश, केस दर्ज

**बांदा।** शरारती तत्वों के शहर के अंदर संप्रदायिक माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया है ।शहर के एक मोहल्ले में मकान की दीवार पर किसी शरारती तत्व ने कोयले से हिंदुओं भारत छोड़ो लिख दिया था, जिसके बाद जैसे ही लोगों की नजर दीवार पर पड़ी हड़कंप मच गया और मकान मालिक की सूचना पर आनन.फानन में मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल दीवार को साफ कराया व मामले में मुकदमा पंजीकृत शरारती तत्व की पहचान करने में जुट गई है ।वही इस मामले में विश्व हिंदू परिषद ने पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। अपर पुलिस अधीक्षक श्रीनिवास मिश्र ने बताया कि कुछ शरारती तत्वों ने हिंदू घरों में मकान खाली करो भारत छोड़ो लिखा है। समुचित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है और खोजबीन जारी है सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## एएमयू कार्यकारी परिषद में शिक्षक प्रतिनिधियों के चयन को लेकर चुनाव प्रक्रिया हुई शुरू

अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) ने विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद में चार शिक्षक प्रतिनिधियों के चयन के लिए शनिवार को चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी। विश्वविद्यालय की ओर से आधिकारिक तौर पर यह जानकारी दी गई। एएमयू के अधिकारियों के अनुसार चुनाव के बाद तीन साल की अवधि के लिए चार शिक्षकों को कार्यकारी परिषद में चुना जाता है। पिछली बार चुनाव 2018 में हुए थे। उस चुनाव में चुने गए शिक्षकों का कार्यकाल 2021 में समाप्त हुआ था और दो वर्षों से कार्य परिषद में शिक्षक प्रतिनिधियों के पद खाली हैं। वरिष्ठ संकाय सदस्यों ने पिछले महीने घोषणा की थी कि यदि विश्वविद्यालय में लोकतांत्रिक संस्थानों की जल्द से जल्द घोषणा नहीं की जाती है, तो शिक्षकों के पास अपनी मांग के लिए दबाव बनाने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा। एक वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रोफेसर आफताब आलम , जो पहले परिषद में शिक्षकों का प्रतिनिधित्व कर रहे थे, ने इस कदम का स्वागत किया है। उन्होंने कहा,"2018 के बाद से कोई चुनाव नहीं हुआ है और यह प्रक्रिया लंबे समय से लंबित थी। हम अब तारीखों की अधिसूचना का इंतजार कर रहे हैं क्योंकि इन चुनावों में और देरी से अगले कुलपति की नियुक्ति में देरी होगी" अलीगढ़ के कुलपति प्रोफेसर तारिक मंसूर को उत्तर प्रदेश विधान परिषद में सदस्य मनोनीत किए जाने और उनके इस्तीफे के बाद से नए कुलपति की नियुक्ति अभी नहीं हुई है। एएमयू द्वारा जारी एक आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार प्रोफेसर मोहम्मद परवेज को चार शिक्षक प्रतिनिधि के चयन के लिए चुनाव कराने के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।

## मारपीट के बाद इलाज कराकर घर लौट रहे घायल युवक की मौत

**फर्रुखाबाद।** गत दो दिन पूर्व हुई मारपीट में घायल युवक की उपचार के बाद घर आते समय रास्ते में मौत हो गयी। परिजनों में कोहराम मच गया।बीते 29 अप्रैल को अमृतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम तुसौर निवासी गोविन्द पुत्र सत्यपाल व नितिन पुत्र गिरंद का विवाद एक ट्रैक्टर चालक से हुआ था। जिसमे हुई मारपीट में दोनों घायल हो गये थे। जिसमे गोविन्द की हालत गंभीर थी जिन्हें उपचार के बाद लोहिया अस्पताल से सैफई को रिफर कर दिया था। इलाज के दौरान चिकित्सक ने जबाब दे दिया। परिजन उसे लेकर वापस घर लौट रहे थे। उसी दौरान रास्ते में गोविन्द ने दम तोड़ दिया। परिजन शव लेकर घर पंहुचे तो चीत्कार मच गयी। पुलिस नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

# मंत्री ने की भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील

## व्यापारियों से मांगा समर्थन

**फर्रुखाबाद।** ओधोगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ने भाजपा प्रत्याशी को व्यापारियों से जीतने की अपील की शुक्रवार की देर रात उत्तर प्रदेश सरकार के औ ािगिक विकास मंत्री श्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी जनपद फर्रुखाबाद दौरे पर देर रात्रि भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री मोहन अग्रवाल के लोहाई रोड स्थित बाबूजी की गली आवास पर पहुंचे, जहां पर उन्होंने भाजपा प्रत्याशी श्रीमती सुषमा गुप्ता के समर्थन में आयोजित व्यापारी सभा में उन्होंने शहर के गणमान्य व्यापारियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की इस दौरान उन्होंने शहर के व्यापारियों के भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में मत देने की अपील की। रात 10ण्00 बजे चुनाव प्रचार समाप्त हो जाता है, आचार संहिता को देखते हुए उन्होंने सभा को संबोधित नहीं किया, लेकिन कार्यक्रम में उपस्थित व्यापारियों से मुलाकात की।मीडिया को संबोधित करते हुए ओधोगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सुशासन और विकास की सरकार है, 2023 प्रदेश में हो रहे निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी विकास और सुशासन के मुद्दे पर चुनाव लड़ रही है, प्रदेश की बेहतर कानून व्यवस्था व्यापारियों को सुरक्षित माहौल और प्रदेश का सर्वांगीण विकास सिर्फ भारतीय जनता पार्टी की सरकार में ही सुनिश्चित है। प्रदेश की जनता को सिर्फ भाजपा में ही विकास और सुशासन दिखाई देता है, अन्य राजनीतिक दल जाति मजहब के आधार पर प्रदेश को बांटते आए जिसके कारण प्रदेश का विकास संभव नहीं हो सका। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लोक कल्याण के कार्य एवंमुख्यमंत्री आदित्यनाथ के नेतृत्व में सुशासन और विकास की बह रही अविरल धारा में प्रदेश दिन प्रतिदिन नई ऊंचाइयों पर पहुंच रहा है गुंडों माफ्यिाओं और अराजक तत्वों का प्रदेश में कोई स्थान नहीं है, उत्तर प्रदेश की पहचान जो कि माफ्यिाओं गुंडों और अराजक तत्वों की शरण स्थली हुआ करती थी। वर्तमान में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सुशासन और विकास के रास्ते पर अग्रसर है चुस्त–दुरुस्त कानून व्यवस्था एवं विकास अब उत्तर प्रदेश की पहचान हो गई है।

# बांदा में लग रही गुहार और दावे भी हो रहे दमदार

## प्रत्याशियों ने किए विकास के वादे मांगा समर्थन

**आलोक निगम**। बांदा









**स्थानीय** निकाय चुनाव को लेकर बांदा में इन दिनों वादों का शोर है, हर प्रत्याशी मतदाताओं को रिझाने के लिए जोड़तोड़ मे जुटी हैं। इस अभियान में नगर पालिका भाजपा प्रत्याशी श्रीमती मालती बासु ने जनसंपर्क के दौरान वार्ता करते हुए कहा कि जब ट्रिपल इंजन की सरकार हो जाएगी तो यहां अप्रत्याशित विकास होगा नगर में विकास कार्य करना ही हमारी प्राथमिकता में है जहां भी विकास के नाम पर सिर्फ डकैती चल रही है। अब जनता को भाजपा से ही उम्मीदें हैं अध्यक्ष पद की भाजपा प्रत्याशी ने बताया जनता वह सरकार का पैसा अभी तक लूटा जा रहा है ऐसे में विकास की उम्मीद नहीं रहती थी मैं चेयरमैन बंद कर अच्छा विकास कराना चाहती हूं नगर में अभी बहुत से कार्य कराए जाने बाकी हैं जहां की प्रमुख समस्या बीरबल की खिचड़ी सीवर लाइन की है जिसे पूरा करा कर चालू कर आएगी। साथ में ही नगर में अच्छे–अच्छे पार्कों का निर्माण करना और उनका रखरखाव करना प्राथमिकता है।" मालती बासु अपने को जीता हुआ करने रेट आज की तारीख में मान नहीं है वह किसी को भी अपना प्रतिद्वंदी नहीं मान रही है वह कहती हैं जीत पक्की है एल्केन प्रकरण जीत हमारी भी होनी है क्योंकि हमारे साथ बांदा नगर भाजपा विधायक प्रकाश द्विवेदी जी का समर्थन प्राप्त है उन्हीं का आशीर्वाद है जो आज हम यह चुनाव लड़ रहे हैं। उधर, वर्तमान समय में समाजवादी पार्टी के मोहन साहू चेयरमैन पद पर आसीन है। बांदा में वर्तमान समय पर महिला सीट होने की वजह से मोहन साहू ने अपनी धर्म पत्नी गीता देवी साहू को मैदान–ए–जंग में उतार दिया है पति के अधूरे कार्यों को पूरा करना प्राथमिकता गीता देवी ने कहां की मेरे पति हार नहीं माने हैं। बांदा जनपद में नगर पालिका नगर में कांग्रेस पार्टी ने चेयरमैन प्रत्याशी आदिशक्ति दीक्षित ने कहां 5 वर्ष साफ शहर का विकास आपसी द्वंद में फंसा रहा और जनता कराहती रही पालिका की दलाली बंद होगी और लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता होगी खासकर पटरी व गरीब दुकानदारों की स्थाई ठिकाना लोगों को बेहतर पार्क व अन्य सुविधाएं मिलेंगी नगर पालिका अध्यक्ष पद की कांग्रेस प्रत्याशी आदिशक्ति दीक्षित ने कहा नगर की जनता विकास चाहती है इसलिए हम चुनाव मैदान में आए हैं। नगर पालिका में भ्रष्टाचार का होगा खात्मा इस इस बात को बीएसपी प्रत्याशी रिजवाना नोमानी ने कहा। बोलीं पानी की है नगर की जनता बूंद बूंद पानी के लिए तरस रही है बिजली की भी समस्या है शाम होती है मोहल्ले अंधेरे में डूब जाते हैं विद्युत उपकरणों की खरीद में घोटाला होता है इन तमाम मुद्दों पर हम काम करेंगे प्रस्तुत है।

# हादसे में दो बाइक सवारों की मौत

**फर्रुखाबाद।** पड़ोसी जनपद शाहजहांपुर से दवा बाइक से लेकर घर लौट रहे दो युवकों को थाना क्षेत्र के ग्राम इकलहरा के निकट डीसीएम ने रौंद दिया। दोनों की घटना स्थल पर मौत हो गई। हादसे को अंजाम देकर डीसीएम लेकर भाग रहे चालक को ग्रामीणों ने पीछा कर अटैनाघाट पर रोक लिया। घटना की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची और डीसीएम व चालक को कब्जे में लिया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दोपहर कंपिल अटैना मार्ग पर बदायूं की तरफ से बाइक से जा रहे दो युवकों को गांव इकलहरा के पास तेज रफ्तार डीसीएम चालक ने रौंद दिया। बाइक सवार दोनों युवकों की घटना स्थल पर मौत हो गई। घटना स्थल पर भीड़ लग गई। यह देखकर चालक डीसीएम लेकर भाग निकला।आसपास के ग्रामीणों ने बाइकों से पीछा कर डीसीएम को अटैनाघाट पुल के पास घेर कर पकड़ लिया। इसकी जानकारी यूपी 112 पर दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों की शिनाख्त कराई, लेकिन शिनाख्त न होने पर शवों को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। दोपहर बाद शमसाबाद थाना क्षेत्र के गांव हंसापुर गौराईपुर निवासी रघुनंदन और अहिवरन थाने पहुंचे। उन्होंने घटना के संबंध में एसओ से जानकारी की। एसओ ने घटना स्थल पर खीची गई फोटो दिखाई। जिसे देखकर रघुनन्दन ने 18 वर्षीय पुत्र आदेश की शिनाख्त की। दूसरे की अहिवरन ने 20 वर्षीय पुत्र जयशरन के होने की शिनाख्त की। सड़क हादसे में पुत्रों की मौत होने की जानकारी से दो परिवारों में कोहराम मच गया। आदेश की मां रामकुमारी व जयशरन की मां गुड्डी देवी का रो–रोक कर बुरा हाल होगयाअहिवरन ने बताया कि पुत्र जय शरन के पैर में दर्द हो रहा था।या है।

## खड़े ट्रैक्टर में बाइक भिड़ी,एक युवक की जान गई, दूसरा गंभीर घायल

**फर्रुखाबाद।** बाइक से बाजार जा रहे दो युवक खड़े ट्रैक्टर से टकरा गये, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये । उन्हें सीएचसी में भर्ती किया गया । जहाँ एक को मृत घोषित कर दिया गया । जबकि दूसरे की हालत गंभीर होनें पर उसे लोहिया अस्पताल के लिये रिफर कर दिया गया।थाना मेरापुर के ग्राम गिलोदा निवासी 22 वर्षीय उमेश पुत्र शेर सिंह अपने रिश्तेदार 30 वर्षीय सुग्रीव सिंह निवासी बचेली उसहैत बदायूं के साथ बाइक से नवाबगंज बाजरा जा रहा था। सुबह लगभग 7 बजे पिपरा भौजी के निकट मिशन जल के तहत टंकी निर्माण का कार्य हो रहा था। सड़क किनारे ट्रैक्टर खड़ा हुआ था। मजदूर खाना बना रहे थे। उसी दौरान तेजी से बाइक सवार ने खड़े ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। स्वास्थ्य केंद्र में उमेश को मृत घोषित कर दिया। जबकि हालत गंभीर होनें पर सुग्रीव को लोहिया जिला अस्पताल के लिये रिफर कर दिया गया।




## जो भी हो पहचान तो बनी

बदनाम अगर होंगे तो क्या नाम न होगा। यह बात प्रदेश सरकार के एक माननीय पर सटीक बैठ रही है जो कि एक सांसद द्वारा चप्पल से संबंधित दिए गए बयान के बाद चर्चा में आ गए हैं। कई माननीय ऊंचे ऊंचे पदों पर बैठे रहते हैं लेकिन लोग उन्हें जानते नहीं हैं। जाने भी कैसे ? ये माननीय ऊंचे पदों पर बैठकर खुद ही राजयोग का सुख भोग रहे हैं और मिठास वाले विभाग का मीठा रस पी रहे हैं। इन्हें जनता से कोई सरोकार नहीं। शायद इसीलिए जनता भी नहीं जानती कि ये कहां से हैं और कौन से विभाग का दायित्व संभाल रहे हैं। इनकी तो पहचान अभी हाल ही में एक सांसद महोदय ने चप्पल वाला बयान दे कर करा दी जिसमें सांसद महोदय ने कहा कि जो लोग उनकी चप्पल उठाने की औकात नहीं रखते वे पांच पांच गाड़ियों के काफिले में घूम रहे हैं। फिर क्या था। माननीय को इसका जवाब तो देना ही था और वह जनता के सामने बाहर निकल ही आए। माननीय ने चप्पल वाले बयान पर पलट के कहा कि ऐसे नेता सांसद जब पीलीभीत में बीमार होते हैं तो हेलीकॉप्टर से इलाज कराने के लिए दिल्ली चले जाते हैं। सांसद और माननीय के बीच चल रही इस बयानबाजी से हमें फिलहाल कोई सरोकार नहीं है। हम तो बस इतना बताना चाह रहे थे कि जो माननीय इतना मिठास वाले विभाग में रह कर अपने कार्यों से अपनी पहचान ना बना पाए उन्होंने सिर्फ सांसद के चप्पल वाले बयान से ही यूपी में ख्याति प्राप्त कर ली।



## जीतने की ट्रिक

इस बार लुटा के चुनाव को लेकर बड़ी गहमा गहमी रही। एक तरफ विपक्ष तो दूसरी तरफ प्रशासन। प्रशासन ने अपने कैंडिडेट को जिताने के लिए इस बार साम दाम दण्ड भेद सभी का इस्तेमाल किया। इसके पीछे कारण थे विपक्ष के प्रत्याशी। लंबे समय से प्रशासन से अदावत में उलझे नेताजी ने इस बार चुनाव को अपना हथियार बनाया था। अगर नेताजी चुनाव जीत जाते तो दो साल अपना असर जरूर दिखाते क्योंकि नेताजी को प्रोफेसर तो बनना नहीं था कि घूम फिर कर झंडे के नीचे आते। वह तो ऑलरेडी पहले से ही प्रोफेसर हैं। तो उन्हें किस बात की चिंता। वह तो बस प्रशासन को पॉलिटिक्स का अहसास कराना चाहते थे। इस बात का अंदाजा प्रशासन को भी था। सो प्रशासन ने भी अपना ब्रह्मास्त्र लगा दिया। सुनने में आया कि सभी की मोटी फाइलें तैयार की गई थीं और उनसे यह भी कहा गया था कि वोट दो या झेलो। बड़ी बड़ी बैठकें हुईं। सो बेचारे घोटालेबाज करते भी क्या। उन्होंने जांच से बचने के लिए वोट देने का रास्ता अख्तियार किया और दिया भी। जिसका नतीजा रहा कि प्रशासन अपने दोनों कैंडिडेट को जिताने में सफल रहा। इस तरह से मुखिया जी के दो साल का रास्ता साफ हो गया।

## बर्थ डे गिफ्ट

खाकी महकमे में त्वरित कार्रवाई बल (एसटीएफ ) का गठन संगठित माफिया व अपराधियों को नेस्तनाबूद करने के लिए किया गया था। देखा जाए तो तत्कालीन मुख्यमंत्री कल्याण सिंह सरकार का यह निर्णय प्रदेश की कानून-व्यवस्था के लिए काफी हद तक फायदेमंद साबित हुआ है। जिस समय एसटीएफ का गठन हुआ था वह समय ऐसा था कि पूर्वांचल के कुख्यात माफिया श्रीप्रकाश शुक्ला गिरोह के खौफ से बड़े-बड़ों की नींद उड़ी हुई थी। इस गिरोह के सफाए से शुरू हुआ एसटीएफ का सफर आज भी सफलतापूर्वक अनवरत जारी है। एसटीएफ ने बीते कुछ दिनों में जो एनकाउंटर अंजाम दिए गए उसके बाद तो अपराधियों में इस बल का खौफ और भी बढ़ गया है। दो दिन पूर्व ही एसटीएफ का 25वां स्थापना दिवस था और इसे संयोग कहें कि प्लानिंग इसी दिन वेस्ट यूपी के सबसे दुर्दांत अपराधी अनिल दुजाना को एसटीएफ ने मार गिराया। अब हकीकत चाहे जो भी हो लेकिन चर्चा तो यही है कि एसटीएफ के अफसरों ने इतना बड़ा विकट गिराकर अपने बल की सिल्वर जुबली पर खुद को एक शानदार तोहफा दिया है।



## साहब की मुसीबत

छोटे साहब को वीआईपी क्षेत्र से आने के बाद नगर निगम की जिम्मेदारी तो मिल गयी लेकिन वह जिम्मेदारी को संभाल नहीं पा रहे हैं। बेचारे छोटे साहब को शासन की एक बड़ी पावरफुल महिला अधिकारी सुबह पांच बजे ही उठाकर क्षेत्र में एंटी लार्वा, फॉगिंग और कूलर चेक कराने में जुटा देती हैं तो दूसरी ओर चुनावी वर्ष होने के कारण दिन में मीटिंग और वार्डों के कार्यक्रमों में बुलावा भेज देती हैं। सुबह से शाम तक दौड़कर साहब की सांसें उखड़ रही हैं। बेचारे! छोटे साहब पूरे दिन यहां वहां भटकते फिरते हैं। अपने विभाग को समय ही नहीं दे पा रहे हैं। आए दिन कर्मचारी नेता भी बड़े साहब से अपनी नाराजगी जताते हैं और लंबित मांगे सामने रख रहे हैं तो दूसरी ओर ठेकेदार भुगतान न करने पर विकास कार्य ठप करने का अल्टीमेटम दे रहे हैं। अब दो पाटों के बीच में बड़े साहब फंस चुके हैं। सोचते कुछ और हैं, करना कुछ और पड़ रहा है। ऊपर से खस्ता हाल सफाई व्यवस्था जो पटरी पर आई थी फिर बिगड़ने लगी है। बेचारे साहब ! करें तो क्या करें। इनको कुछ समझ नहीं आ रहा है जबकि नगर निगम विभाग को देखने के लिए पांच पांच पीसीएस हैं फिर भी स्वच्छता सर्वेक्षण में टॉप टेन शहरों में नहीं ला पा रहे हैं।

# विपक्ष सिर्फ बयानबाजी के सहारे चुनाव जीतने का स्वप्न देख रहाः भूपेन्द्र चौधरी

### ● लोक कल्याणकारी कार्यों और विकास के एजेंडे पर चुनाव लड़ रही भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकारों द्वारा किये गए लोक कल्याणकारी कार्यों और विकास के एजेंडे पर भाजपा चुनाव लड़ रही हैं। दूसरी तरफ विपक्ष जमींन पर न उतरकर सिर्फ बयानबाजी के सहारे चुनाव जीतने का स्वप्न देख रहा है। उन्होंने कहा कि अभी निकाय चुनाव के लिए प्रथम चरण का ही मतदान सम्पन्न हुआ है लेकिन अपनी हार के भय से विपक्ष ईवीएम पर सवाल उठा कर चुनाव में धांधली का अपना पुराना राग आलापने लगा है। उन्होंने कहा कि हर चुनाव में हार से पहले ही विपक्ष को हार के बहानें गढ़ने में महारत हासिल हो चुकी है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने हापुड़ तथा बुलन्दशहर में जनता से अपना समर्थन व आशीर्वाद देकर निकाय चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने की अपील की। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में विकास को ट्रिपल रफ्तार देने के लिए जनता ने नगर निकाय चुनाव में भाजपा को विजय बनाने का संकल्प ले लिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार उत्तर प्रदेश के सर्वांगीण विकास की प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में लगातार हो रहे विकास कार्यों का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश देश में सर्वोत्तम प्रदेश बनने की दिशा में अग्रसर है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर आगे बढ़ते हुए गांव, गरीब, किसान की आत्मनिर्भरता से आत्मनिर्भर देश व प्रदेश के निर्माण के संकल्प को पूर्ण कर रहा है। प्रदेश की जनता सांस्कृतिक पुनरूत्थान से गर्वित है। भूपेन्द्र चौधरी ने कहा कि सपा, बसपा व कांग्रेस प्रदेश में जातिवादी, परिवारवादी, भ्रष्टाचारी, तुष्टिकरण तथा आपराधिक राजनीति के अवसान से सदमें में है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने जनता से अपील करते हुए कहा कि नगरों को स्वच्छ, सुन्दर व आधुनिक सुविधाओं से युक्त करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की भाजपा

# बच्चों का डिजिटल हेल्थ कार्ड बनाने वाला देश का पहला राज्य बना यूपी

### ● हेल्थ चेकअप के साथ ही बच्चों को मिलेगा 25 हजार रुपए का स्वास्थ्य बीमा कवर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बच्चों** का डिजिटल हेल्थ कार्ड बनाने वाला देश का पहला राज्य उत्तर प्रदेश बना है। प्रत्येक छात्र को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए योगी सरकार ने नगर विकास विभाग और लखनऊ स्मार्ट सिटी के अंतर्गत 'स्कूल हेल्थ प्रोग्राम' की शुरूआत की है। भारत में किसी भी स्कूल में न ही कोई डिजिटल हेल्थ रिपोर्ट कार्ड की सुविधा है और न ही हेल्थ इंश्योरेंस का कवर है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत लखनऊ स्मार्ट सिटी द्वारा स्कूल हेल्थ प्रोग्राम की शुरुआत लखनऊ के तीन स्कूलों में की गई है। इसमें नगर निगम स्कूलों में अध्यनरत 1765 विद्यार्थियों का शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण करके उनका डिजिटल हेल्थ रिपोर्ट कार्ड बनाया जा रहा है। साथ ही इन बच्चों के लिए 25 हजार रुपए के स्वास्थ्य बीमा का भी लाभ दिया जा रहा है। पायलट प्रोजेक्ट के कंप्लीट होने के बाद प्रदेश के अन्य नौ स्मार्ट सिटीज में भी इस प्रोग्राम को एप्रोच किए जाने की संभावना है। स्मार्ट सिटी के तहत हो रही फंडिंग लखनऊ मंडलायुक्त एवं लखनऊ स्मार्ट सिटी की अध्यक्ष डॉ. रोशन जैकब द्वारा इसे शुरू किया गया है। नगर आयुक्त एवं लखनऊ स्मार्ट सिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंद्रजीत सिंह ने उत्तर प्रदेश स्टार्टअप पॉलिसी के अंतर्गत रजिस्टर हेल्थ टेक स्टार्टअप स्टूफिट को यह कार्य निष्पादित किया है। डॉ॰रोशन जैकब ने बताया कि कोविड के दौरान इस स्टार्टअप ने लखनऊ में काफी काम किया था। स्मार्ट सिटी में हमने प्राविधान रखा है कि हेल्थ, एजुकेशन या टेक्नोलॉजी समेत पब्लिक के लिए जो भी अच्छे प्रोग्राम लाते हैं तो उस स्टार्टअप को हम फंडिंग करते हैं। इसी के तहत इन्हें ये जिम्मेदारी दी गई है। ये स्टार्टअप अगर यहां सफल रहते हैं तो अन्य शहरों में भी इस तरह के प्रोग्राम आगे बढ़ा सकते हैं। ये प्रोग्राम बच्चों की हेल्थ के लिए काफी फायदेमंद है। इसमें बच्चों की स्कूल मैपिंग की जाती हैए जैसे राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम स्कूलों का दौरा करके बच्चों का चेकअप करती हैए ये प्रोग्राम उसी का थोड़ा और बेहतर स्वरूप है ताकि बच्चों को वास्तव में इसका लाभ मिल सके। डिजिटल हेल्थ रिपोर्ट कार्ड बनाने वाला यूपी पहला राज्य स्टूफिट के निदेशक डा. एस. हैदर ने बताया कि उनकी 30 से 35 सदस्यीय चिकित्सक एवं पैरा चिकित्सक की मोबाइल हेल्थ टीम है जिसमें हेल्थ वॉलंटियर के साथ साथ टीम कोऑर्डिनेटर होते हैं। जो क्रमशः प्रत्येक बच्चे को अपनी अपनी विशेषज्ञता के अनुसार चेक करते हैं और बच्चों का डिजिटल हेल्थ रिपोर्ट कार्ड बनाते हैं। भारत में किसी भी स्कूल में न ही कोई डिजिटल हेल्थ रिपोर्ट कार्ड की सुविधा है और न ही हेल्थ इंश्योरेंस का कवर। इस पायल प्रोजेक्ट के तहत तीन नगर निगम स्कूलों के 1765 बच्चों के हेल्थ चेकअप की जिम्मेदारी दी गई है। इनमें अमीनाबाद इंटर कॉलेज, कश्मीरी मोहल्ला गर्ल्स इंटर कॉलेज और कश्मीरी मोहल्ला मांटेसरी स्कूल शामिल हैं। हमारी टीम बच्चे को डेस्क टू डेस्क एग्जामिन करके डिजिटल हेल्थ कार्ड बना रही है। हर बच्चे का एक यूनीक आईडी कार्ड बनेगा, जिसके माध्यम से इस हेल्थ कार्ड को बच्चे के अभिभावक, स्कूल और प्रशासनिक अधिकारी डाउनलोड कर सकते हैं। डिजिटल हेल्थ रिपोर्ट का हर छमाही में फॉलोअप भी किया जाता है। इसके साथ ही 25 हजार रुपए का हेल्थ कवर कैशलेस कार्ड भी प्रदान किया जाता है। यदि कोई बच्चा बीमारी की वजह से अस्पताल में एडमिट होता है तो इस कार्ड के जरिए उसका इलाज कराया जा सकता है। बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य होगा बेहतर लखनऊ स्मार्ट सिटी लिमिटेड की यह अनूठी पहल ना सिर्फ समय रहते बच्चों में होने वाली बीमारियों का पता लगाएगी।

### जनसुनवाई समाधान पोर्टल में महत्वपूर्ण बदलाव

# एक मोबाइल नंबर से माह में 10 बार ही कर सकेंगे शिकायत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश सरकार ने जन शिकायतों की सुनवाई और उनके निवारण के लिए जनसुनवाई समाधान (आईजीआरएस) पोर्टल को और प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए इसमें कुछ महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। अब एक मोबाइल नम्बर से एक माह में 10 शिकायत की जा सकेगी। पोर्टल में परिवर्तन इस वजह से किया गया क्योंकि पहले लोग एक मोबाइल नम्बर से 50 शिकायत कर सकते थे। इसमें कई शिकायतें गलत होती थी। इस नई व्यवस्था से शिकायतों का समय-सीमा में निस्तारण तेजी हो सकेगा और गलत जानकारी देने पर भी अंकुश लगेगा। ये संशोधन कानपुर नगर, अयोध्या और पीलीभीत समेत अन्य जनपदों से प्राप्त फीडबैक और विचार विमर्श के बाद किए गए हैं। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के समक्ष इससे संबंधित प्रस्तुतिकरण दिया गया है। डीएम-कमिश्नर ऑफिस में फीडिंग के मंथली टारगेट निर्धारित होंगे। इसके साथ ही 10 मानकों के आधार पर प्रदेश के अधिकारियों की भी मासिक रैंकिंग की जाती है। उसमें भी कुछ अहम संशोधन किए हैं। इसके अंतर्गत मासिक मूल्यांकन प्रपत्र के मानक संख्या एक में विगत छह माह के मासिक औसत के सापेक्ष मासिक शिकायत प्राप्ति के प्रतिशत के आधार पर अंक दिए जाने की व्यवस्था को पूर्णतः हटा दिया गया है। यही नहीं, डीएम, पुलिस कमिश्नर, एसएसपी ऑफिस में संदर्भ फीडिंग के लिए मासिक लक्ष्य पहले से घोषित रहेंगे। इसके साथ ही एल-1 अधिकारी द्वारा शिकायत को फ्लैग लगाकर स्पेशल क्लोज करने की प्रक्रिया में भी परिवर्तन हुआ है। अब एल-1 अधिकारी द्वारा निषेधित विषयों पर फ्लैग चयनित कर आख्या अपलोड करने पर यह अनुमोदन के लिए एल-2 अधिकारियों को प्राप्त होगी। डाटा के अनुसार पिछले छह माह में करीब 6 लाख संदर्भों में एल-1 अधिकारियों द्वारा निषेधित विषयों के फ्लैग लगाए गए हैं। रैंकिंग में प्रोफाइल सत्यापन का नया मानक अधिकारियों की रैंकिंग में प्रोफाइल सत्यापन का नया मानक जोड़ा गया है।

जनपद एवं अधीनस्थ स्तरों के अधिकारियों का प्रोफाइल विवरण डीएम, पुलिस कमिश्नर, एसएसपी, एसपी ऑफिस द्वारा प्रत्येक माह आवश्यक्तानुसार संशोधित या सत्यापित किया जाएगा।

## उप चुनाव के दृष्टिगत एग्जिट पोल पर रहेगा प्रतिबन्धः मनीष शुक्ल

**लखनऊ।** संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष शुक्ल ने बताया कि स्वार एवं छानबे विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के उप निर्वाचन के दृष्टिगत 10 मई बुधवार को प्रातः 7 बजे से सायं 6:30 बजे के बीच की अवधि में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा। संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उप निर्वाचन में मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिये नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घंटों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर भी प्रतिबंध होगा। उक्त निर्देशों का पालन न करने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126/1 का उल्लंघन माना जायेगा तथा उल्लंघन करने वाला व्यक्ति 2 वर्ष तक की कारावास अथवा जुर्माना अथवा दोनों से दंडनीय होगा।

## भंडारे के लिए अब नगर निगम के साथ पुलिस की भी लेनी होगी अनुमति

**लखनऊ।** ज्येष्ठ माह में होने वाले बड़े मंगल के भंडारे के लिए एडवाइजरी जारी कर दी गई है। इसके तहत अब बड़े मंगल पर भण्डारे के आयोजन के लिए आयोजकों को नगर निगम के साथ पुलिस से भी अनुमति लेनी होगी। मगर सड़क बाधित कर लगने वाले पंडालों को अनुमति नहीं मिलेगी। जेसीपी कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र अग्रवाल ने शनिवार को यह निर्देश जारी किए। जेसीपी ने बताया कि बड़े मंगल का त्योहार लखनऊ में बड़े पैमाने पर मनाया जाता है। जगह-जगह पर श्रद्धालु भण्डारे लगाते हैं, जिसमें सैकड़ों लोग शिरकत करते हैं। अक्सर देखने में आता है कि मुख्य सड़क पर ही पण्डाल लगाए जाते हैं। इस वजह से यातायात व्यवस्था में व्यवधान होता है।

# दूसरे चरण का प्रचार समाप्त होने तक योगी के नाम होगा एक और रिकार्ड



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**चुनाव** कोई भी हो, श्रेष्ठतम नतीजे यूं ही नहीं आ जाते। इसके लिए पूरी शिद्दत से दिन-रात लगना होता है। वर्षों से योगी आदित्यनाथ यही काम करते रहे हैं। तब भी जब उनको जीत सुनिश्चित जान पड़ती थी।

गोरखपुर संसदीय सीट का प्रतिनिधित्व करते हुए हुए उन्होंने नगरीय निकाय के एक चुनाव में 74 जनसभाएं करके भाजपा के पक्ष में बाजी पलट दी थी। वह भी तब मेयर भाजपा का ही बनेगा, इसका उनको पूरा यकीन था। नगरीय निकाय चुनावों में भी बतौर मुख्यमंत्री वह यही कर रहे हैं। प्रदेश की कमान संभालने के बाद चुनाव दर चुनाव वह इसी शिद्दत से प्रचार में जान लड़ा देते हैं। फिर तो मौसम भी उनके अभियान के आड़े नहीं आता। नगर निकाय के पहले चरण के चुनावों में मुख्यमंत्री योगी ने 28 जनसभाएं व सम्मेलन किए थे। इस दौरान वह 37 जिलों में से करीब दो दर्जन जिलों में पहुंचे। जिन 10 शहरों में नगर निगम के चुनाव होने थे उन सबमें वह गये थे। पहले चरण का मतदान चार मई को सम्पन्न हो चुका। अपने गृह जनपद गोरखपुर में मतदान के तुरंत बाद मुख्यमंत्री योगी दूसरे चरण के प्रचार के लिए जनपद सिद्धार्थनगर, बस्ती, सुल्तानपुर और अयोध्या के तूफानी दौरे पर निकल गए। अयोध्या के लिए तो यह उनका दूसरा दौरा था। अगले दिन शुक्रवार पांच मई को उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के हापुड़, मेरठ, बुलंदशहर, मेरठ और गाजियाबाद का तूफानी दौरा किया। शनिवार को तय कार्यक्रम के अनुसार वह बतौर स्टार प्रचारक कर्नाटक विधानसभा के लिए चुनावी दौरे पर हैं।

**नौ मई तक के प्रस्तावित दौरों की रूपरेखा तैयारः** आगे उत्तर प्रदेश के नगरीय निकाय चुनावों के लिए उनके दौरों का कार्यक्रम पहले से ही प्रस्तावित है। इस क्रम में आठ मई सोमवार को बाराबंकी, मीरजापुर और अयोध्या एवं 9 मई मंगलवार को कानपुर, बांदा एवं चित्रकूट में उनकी चुनावी सभाएं प्रस्तावित हैं। माना जा रहा है कि दूसरे चरण का प्रचार खत्म होने के बाद जब उनके इस चुनाव के बाबत दौरों की गिनती होगी तो यह खुद में एक रिकॉर्ड होगा। हर चुनावी सभा में भाजपा शासनकाल में हुए स्थानीय स्तर पर विकास कार्य, इन विकास कार्यों को तेज गति देने के लिए लोगों से ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने का अनुरोध होता है। हर चुनाव की तरह सुशासन एवं विकास के लिए अपराध एवं भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति का असरदार तरीके से जिक्र जरूर रहता है।

### विपक्ष कहीं मुकाबले में नहीं

**रही** बात प्रमुख विपक्षी दलों की तो कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व इन चुनावों में कहीं है ही नहीं। बसपा ने समन्वय की सारी जिम्मेदारी मंडलीय समन्वयकों के सिर डाल दी है। पार्टी की मुखिया को अब भी उम्मीद है कि दलित वोट तो उनके हैं ही। मुस्लिम मिल जाएं तो उनकी पार्टी कुछ गुल खिला सकती है। इसी उम्मीद में उन्होंने 17 नगर निगमों में 11 मुस्लिम उम्मीदवार उतारे हैं। रही समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव की बात तो लखनऊ में उनका प्रचार मेट्रो तक सीमित रहा। गोरखपुर एवं सहारनपुर वह जरूर गयेए पर रस्मअदायगी के तौर पर क्योंकि वह पहले चरण के चुनावों के बिल्कुल अंत में निकले।

## मुख्यमंत्री आज अलीगढ़, बदायूं, शाहजहांपुर व बरेली में भरेंगे हुंकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सीएम** योगी आदित्यनाथ रविवार को अलीगढ़, बदायूं, शाहजहांपुर तथा बरेली में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित करते हुए हुंकार भरेंगे। निकाय चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार जिले वार दौरे कर रहे हैं। प्रथम चरण के तहत हुए चुनाव के उपरान्त अब दूसरे चरण के तहत होने वाले मतदान के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार चुनावी दौरे पर हैं। रविवार को मुख्यमंत्री अलीगढ़, बदायूं, शाहजहांपुर तथा बरेली में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह 11:25 बजे नुमाइश ग्राउण्ड अलीगढ़ तथा दोपहर 12:55 ग्रांधी ग्राउण्ड बदायूं में जनसभा को सम्बोधित करेंगें। जबकि दोपहर 2:25 बजे रामलीला मैदान खिरनीबाग शाहजहांपुर तथा दोपहर 03:50 बजे बरेली हॉकी का मैदानए बरेली में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगें। इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी रविवार को रामपुर प्रवास पर रहेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी दोपहर 01:30 बजे बिजारखाता, विधानसभा स्वारए रामपुर में जनसभा को सम्बोधित करेंगें। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी रविवार को बलिया, बस्ती तथा सिद्धार्थनगर में जनसभा को सम्बोधित करेंगे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सुबह 11:25 बजे रामलीला मैदान बलिया तथा दोपहर 01:20 बजे बादशाह मैरेज हॉल मालवीय रोड बस्ती में आयोजित जनसभाओं को सम्बोधित करेंगे। जबकि दोपहर 02:50 बजे तहसील परिसर नौगढ़ सिद्धार्थनगर में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगें और भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील करेंगे। बतादें कि दूसरे चरण का मतदान 11 मई को होना। जबकि मतगणना 13 मई को कराई जाएगी। चुनाव आयोग के निर्देशों के मुताबिक 9 मई की शाम पांच बजे से ही चुनावी रैली, जनसभा पर प्रतिबन्ध लग जाएगा। दूसरे चरण के चुनाव प्रचार के लिए अब प्रत्याशियों के पास मात्र तीन दिन ही बचा है। इन तीन दिनों में प्रत्याशी पूरी ताकत झोंककर जनसभा व रैलियों के माध्यम से जनता तक अपनी आवाज पहुंचा रहा है। इन चुनाव में विपक्ष जहां एक ओर सरकार की खामियां गिना रहा है वहीं दूसरी ओर सत्ता पक्ष सरकार के किए गए कार्यों को जनता के सामने रखकर वोट मांगने का काम कर रहा है।

# मतदाता पहचान पत्र के अलावा 12 विकल्प होंगे मतदान के लिए मान्य

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि 10 मई को स्वार तथा छानबे विधानसभा क्षेत्रों में उप निर्वाचन में मतदान के लिए मतदाताओं को मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। परन्तु ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, वे अपनी पहचान स्थापित करने के लिए 12 वैकल्पिक फोटो पहचान पत्र/दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि वैकल्पिक फोटो पहचान पत्रों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्डए बैंकों, डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्रध्राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये सेवा पहचान.पत्र, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गए सरकारी पहचान पत्र, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी कार्ड मतदान हेतु मान्य होंगे।

# शिक्षकों के कंधे पर ही है भावी पीढ़ी को महान बनाने की जिम्मेदारीः डीएम



### ● सीएमएस में 'शिक्षक धन्यवाद समारोह' का आयोजन, शिक्षकों ने निकाला चरित्र निर्माण मार्च

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सीएमएस** द्वारा 'शिक्षक धन्यवाद समारोह' का भव्य आयोजन गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि डीएम लखनऊ सूर्यपाल गंगवार ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत् शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सी.एम.एस. के शिक्षक छात्रों के सर्वांगीण विकास को समर्पित है और बधाई के पात्र हैं। शिक्षक छात्रों का हौसला व प्रेरणास्रोत होते हैं और भावी पीढ़ी को महान बनाने की जिम्मेदारी शिक्षकों के कंधो पर ही है। उन्होंने छात्रों का आह्वान किया कि अपने गुरुजनों को भरपूर सम्मान करें। गंगवार ने कहा कि सीएमएस सही मायनों में भावी पीढ़ी को जीवन निर्माण की शिक्षा दे रहा हैं, जिसके लिए डा. जगदीश गांधी व डा. भारती गांधी बधाई के पात्र हैं। वास्तव में, डा. गांधी सभी शिक्षकों व छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत हैं, जो बिना थके, बिना रुके, भावी पीढ़ी के हित में लगातार कार्य कर रहे हैं। समारोह में सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गांधी व डा. भारती गांधी ने विद्यालय के कर्तव्यपरायण शिक्षकों के प्रति हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डा. जगदीश गांधी ने सी.एम.एस. शिक्षकों की वर्ष भर की उपलब्धियों का विवरण भी प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में डा. गांधी ने सी.एम.एस. के सभी शिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आप महान शिक्षकों ने अपने छात्रों को गुणवान व चरित्रवान बनाने के प्रयासों में कोई कमी नहीं छोड़ी है। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गांधी ने कहा कि सी.एम.एस. का यही प्रयास है कि प्रत्येक छात्र अपने माता-पिता, शिक्षकों तथा विद्यालय के गर्व का कारण बने। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गांधी किंगडन ने भारत सरकार की नई शिक्षा नीति की चर्चा करते हुए कहा कि विश्व नागरिक के रूप में छात्रों का विकास करना समय की मांग है। उन्होंने शिक्षकों का आहवान किया कि छात्रों को किताबी ज्ञान के साथ उनमें जीवन मूल्यों के विकास व चरित्र निर्माण पर भी विशेष ध्यान दें। इससे पहले, सी.एम.एस. के क्वालिटी अश्योरेन्स एवं इनोवेशन डिपार्टमेन्ट की हेड एवं सुपीरियर प्रिन्सिपल सुस्मिता घोष ने सभी का हार्दिक स्वागत अभिनन्दन किया। समारोह में सी.एम.एस. के विभिन्न कैम्पसों के छात्रों व शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत शिक्षात्मक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अनूठी प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। संगीत नाटिका 'अलादीन', प्रेयर डान्स, सूफी संगीत आदि विभिन्न कार्यक्रमों को सभी ने सराहा। 'फेमिली यूनिटी' पर आधारित वर्ल्ड पार्लियामेन्ट की प्रस्तुति ने भी खूब तालियां बटोरी।

# क्षय रोग उपचार के सुदृढ़ीकरण के लिए 15 मई से विशेष अभियान

● भारत के कुल क्षय रोगियों का 20 प्रतिशत उत्तर प्रदेश में है। प्रदेश सरकार इस लक्ष्य को समयान्तर्गत प्राप्त करने हेतु दृढ़ संकल्पित है।

● आयुष्मान भारत- हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर की महत्वपूर्ण भूमिका



**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**आयुष्मान** भारत योजना सहित हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर टीवी संबंधी सेवाओं को सुदृढ़ीकरण करने के उद्देश्य से 15 मई से विशेष अभियान की शुरुआत की जा रही है। इसके संबंध में राज्य क्षय रोग नियंत्रण अधिकारी लखनऊ डॉ. शैलेंद्र भटनागर द्वारा एक वर्चुअल मीटिंग की गई। इसी संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अनिल कुमार गुप्ता द्वारा भी एक बैठक मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में आयोजित हुई। जिसमें एचआईवी एड्स पर भी चर्चा की गई। जिसमें सभी एसटीएस और एसटीएलएस सहित अन्य कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के संबंध में जानकारी देते हुए जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री जी ने देश से क्षय उन्मूलन का लक्ष्य वर्ष 2025 निर्धारित किया है। भारत के कुल क्षय रोगियों की संख्या का पांचवां भाग (20 प्रतिशत) उत्तर प्रदेश में है। उत्तर प्रदेश सरकार इस लक्ष्य को समयान्तर्गत प्राप्त करने हेतु दृढ़संकल्पित है। इस लक्ष्य की प्राप्ति में आयुष्मान भारत – हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर की महत्वपूर्ण भूमिका है। आयुष्मान भारत. हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर क्षय रोगियों के चिन्हीकरण, जांच, उपचार, ट्रीटमेंट, एडहेरेन्स, निक्षय पोषण योजना के अन्तर्गत डीबीटी, काउन्सलिंग एवं मनोसामाजिक सहयोग प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका अपेक्षित है। उक्त के दृष्टिगत 15 मई 2023 से 21 कार्य दिवसों तक के विशेष अभियान में निम्न गतिविधियाँ कराया जाना सुनिश्चित किया गया है। इसमें विशेष अभियान से पूर्व वीएचएनएससी (विलेज हेल्थ सेनीटेशन एण्ड न्यूट्रीशन कमेटी) की विशेष बैठक का आयोजन हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में किया जाये। जिसमें संबंधित कम्युनिटी हेल्थ आफिसर (सीएचओ), एएनएम, आंगनवाडी, आशा संगिनी, आशा एवं क्षेत्र के टीबी विजेता (टीबी चैम्पियन) प्रतिभाग करेंगे। प्रत्येक कम्युनिटी हेल्थ आफिसर (सीएचओ) द्वारा अपने क्षेत्र में तीन उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रो का चयन निम्न आधार पर किया जायेगा एवं इसकी सूचना ब्लाक चिकित्साधिकारी व अधीक्षक को भी दी जाएगी। प्रत्येक सीएचओ द्वारा अपने क्षेत्र में टीबी फ्री पंचायत के संबंध में ग्राम सभा स्तर पर ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में जागरूकता एवं टीबी की जानकारी प्रदान की जाये। क्षय रोग का इलाज पूर्ण कर चुके क्षय रोगियों को प्रशिक्षण प्रदान कर टीबी विजेता ( टीबी चैम्पियन) के रूप में उनका सहयोग प्राप्त किया जाये। चिन्हित क्षेत्रों में से एक क्षेत्र पर पूर्व निर्धारित तिथि पर सम्बन्धित एसटीएस एवं टीबी एचवी द्वारा भ्रमण कर क्षेत्र में स्थापित किसी सरकारी भवन में एक कैम्प का आयोजन संबंधित आशा एवं एएनएम के सहयोग से किया जायेगा । क्षय रोग के लक्षण ;दो सप्ताह से अधिक खांसीए बुखारए वजन में कमी आनाए रात में पसीना आनाद्ध युक्त व्यक्तियों को चिन्हित किया जायेगा । लक्षण युक्त चिन्हित व्यक्तियों को कैम्प स्थल पर मोबिलाइज किया जायेगा। जहां लक्षणों की पुष्टि करते हुए उनके बलगम (स्पूटम) के दो सैम्पल एक घन्टे के अन्तराल पर संग्रहीत किया जायेगा। संग्रहित सैम्पल को रेफरल स्लिप के साथ संबंधित माइक्रोस्कोपी सेन्टर / नैट प्रयोगशाला पर सैम्पल ट्रान्सपोट के दिशा.निर्देश के अनुरूप एसटीएलएस / एलटी / टीबी एचवी द्वारा यथा शीघ्र भेजा जायेगा। संबंध में सीएचओ के प्रशिक्षण सत्र का आयोजन वर्चुअल पलेटफर्म माध्यम से किया जायेगा । समस्त स्पूटम धनात्मक तथा स्पूटम निगेटिव का परिणाम निश्चय पोर्टल पर अंकित किया जायेगा। डायविटीज (ब्लड सुगर) की जांच उपलब्धता के आधार पर आयुष्मान भारत. हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर / पीएचसी/ सीएचसी/ नैट प्रयोगशाला पर किया जाये। उपचार हेतु प्रारम्भिक सात दिवसों की औषधियाँ क्षय रोगी को उपचार की अवशेष औषधियाँ संबंधित आयुष्मान भारत–हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर स्थानान्तरित की जाये। कम्युनिटी हेल्थ आफिसर द्वारा संबंधित आशा को उसके क्षेत्र में उपचारित क्षय रोगियों हेतु प्रति माह औषधियों प्रदान की जायेगी तथा ट्रीटमेंट, एडहेरेन्स एवं एडवर्स इवेन्ट की मानीटरिंग निःक्षय पोर्टल के माध्यम से की जाये। उपचार पर रखे गये समस्त क्षय रोगियों का बैंक खाता विवरण एवं आईडी सीएचओ/ आशा द्वारा संबंधित एसटीएस को उपलब्ध कराया जाये। क्षय रोग के लक्षणों हेतु परीक्षण किया जाये। यदि उनमे लक्षण (दो सप्ताह से अधिक खांसीए बुखार, वजन में कमी आना, रात में पसीना आना) पाये जाते है तो उनका बलगम परीक्षण एवं अन्य आवश्यक जांच (एक्सरेए क्लीनिकल परीक्षण आदि) सुनिश्चित की जाये। डीपीसी, डीपीपीएमसी, डीपीटीसी एचआईवी काउंसलर शालिनी, सोनम, गजेंद्र, चित्रांशु, जितेंद्र आदि उपस्थित रहे।

## हाईस्कूल के बोर्ड परीक्षा के मेधावी हुए सम्मानित

**संवाददाता।** सीतापुर

हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को सम्मानित किया गया। शंभू दयाल कृषक इंटर कालेज लौली में मुख्य अतिथि जगदेव सिंह डिग्री कालेज अतरौली के प्रबंधक कुवर विक्रम सिंह, लौली विद्यालय के प्रबंधक प्रतिनिधि व भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष संदना सौरभ तिवारी ने मेधावियों को पुरस्कार प्रदान किए। बता दें कि विद्यालय के छात्र प्रवीण यादव, सतेंद्र कुमार ने 91 प्रतिशत सचिन यादव, प्रभाकर सिंह, सुमित, अनुज, प्रियम, अरूण, शिवांक, अमित ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया हैं। सम्मान समारोह में प्रिंसिपल अनीस अहमद, राजेश तिवारी, रामचंद्र अवस्थी, प्रदीप पांडेय, मनोज दुबे, विनीत, विनोद, सतीश, ब्रजेश चंद्रकेश आदि मौजूद रहे।

## प्रत्याशियों के समर्थन में आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का दौरा

● दोपहर दो बजे शहर के खिन्नी बाग में मुख्यमंत्री चुनावी सभा को संबोधित करेंगे

● सीएम के आने की सूचना के बाद पुलिस प्रशासन हुआ अलर्ट

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज सात मई को भाजपा मेयर, पार्षद, नगरपालिका और नगर पंचायत के प्रत्याशियों के समर्थन में में सभा को संबोधित करेंगे। इस सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी देते हुए जिलाधिकारी ने मीडिया को बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री दोपहर दो बजे शहर के खिन्नी बाग में एक चुनावी सभा को सम्बोधित करेंगे। सीएम के आने की सूचना के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। पुलिस ने जहां रूट डायवर्ट करने का मैप भी तैयार कर लिया है। वहीं भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियां भी शुरू कर दी है। लेकिन पार्टी की तरफ से सूचना आने के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया है। पुलिस ने सीएम योगी के कार्यक्रम के दौरान लोगों को जाम से न जूझना पड़े, इसके लिए रूट डायवर्ट कर उसका मैप भी तैयार कर लिया है।

## बीजेपी ने अल्पसंख्यकों की बड़ी मदद की है: नदीम शम्सी

**बरेली** । किला क्षेत्र में मुस्लिमों ने लगाया नारा हर घर कमल खिलेगा कमल। समाज सेवा मंच के अध्यक्ष समाजसेवी नदीम शम्सी ने कहा बीजेपी ने अल्पसंख्यकों की बड़ी मदद की है। आज मुस्लिम समाज के लोग पहले से ज्यादा भारतीय जनता पार्टी को वोट देंगे। मंच की उपाध्यक्ष शाहीन रजा ख़ानम ने घर घर जाकर बीजेपी के महापौर प्रत्याशी उमेश गौतम द्वारा कराए गए विकास कार्य के बारे में बताया और मंच द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा है। पहले मतदान फिर जलपान। समाजसेवी नदीम शम्सी ने कहा सरकार द्वारा अनेकों योजनाओं का लाभ जनता को मिल रहा है। हम सरकार के कामों की प्रशंसा करते हैं। चारों ओर विकास ही विकास हो रहा है। जनसंपर्क करने वालों में। समाजसेवी नदीम शम्सी शाहीन रजा ख़ानम बृजेंद्र प्रताप सिंह जोया ख़ानम तमन्ना मेहरून्निसा निगत शबाना परवीन शाहना आदि।

## ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों को फूल देकर किया गया जागरुक



**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**पुलिस** अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में यातायात पुलिस खीरी द्वारा आमजनमानस को ट्रैफिक्र नियमों का पालन करने के संबंध में पम्पलेट देकरए लाउडस्पीकर आदि माध्यमों से निरन्तर जागरुक किया जा रहा हैं। इसी क्रम में 06ण्05ण्2023 को यातायात प्रभारी खीरीए चिरंजीव मोहन द्वारा ट्रैफिक्र वालंटियरए जसपाल सिंह पाली की टीम के साथ संयुक्त रुप से लखीमपुर शहर में रेलवे स्टेशन के सामने रोड पर ट्रैफिक्र नियमों का पालन न करने वाले व्यक्तियों को फूल व पम्पलेट देकर जागरुक किया गया। साथ ही स्कूली बच्चों के अभिभावकों से अपील की गई कि बच्चों को 18 वर्ष के पश्चात ड्राइविंग लाइसेन्स बनने के बाद ही दो पहिया व चार पहिया वाहन को चलाने के लिए दिया जाए। इसी दौरान आधा दर्जन मोटरसाइकिलों पर लगे मॉडिफइड साइलेंसरों के विरुद्ध एमवी एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए मॉडिफइड साइलेंसर को उतरवाया गया।

## क्विक न्यूज

### राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा ने की 9 मई को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग

**सीतापुर।** राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा ने महाराणा प्रताप जयंती पर 9 मई को सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने की मांग मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर की है। शनिवार को सीएम को संबोधित मांग पत्र सिटी मजिस्ट्रेट अमृता सिंह को सौंपा गया। इस मौके पर प्रदेश सचिव सुनील सिंह गौर एडवोकेट, जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भदौरिया, जिला प्रभारी रिपुदमन सिंह, इंदू सिंह आदि मौजूद रहीं।

### रालोद ने पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री की मनाई जयंती

**लखीमपुर खीरी।** राष्ट्रीय लोक दल पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि पर पार्टी कार्यकर्ता हीरालाल धर्मशाला स्थित हाल में एकत्रित होकर चौधरी साहब को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित इस मौके पर जिला अध्यक्ष पंडित शिव प्रसाद द्विवेदी ने चौधरी साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए उपस्थित कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय लोक दल पार्टी एवं संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मनजीत सिंह के अनुसार



चौधरी साहब आईआईटी से प्रशिक्षित आईबीएम के सॉफ्टवेयर इंजीनियर यदि चाह लेते तो देश के बड़े पूंजीपतियों में शुमार होते लेकिन नहीं क्योंकि किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह जी के इस लाल के जहन में तो हमेशा उठते थे किसानों और गांव की खुशहाली को लेकर अनेक सवाल। इस मौके पर जिला अध्यक्ष पंडित शिव प्रसाद द्विवेदी राजकुमार मिश्रा डॉ अनुराग शुक्ला पंकज कश्यप पवन कुमार एसजे सिंह चौहान चंद्र प्रकाश बाजपेई एडवोकेट नाजिम अली विजय शुक्ला शिवराज सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### सम्मानित होंगे मेधावी व उनके अभिभावक

**सीतापुर।** यूपी बोर्ड परीक्षा 2023 में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले व कालेज के टॉप टेन विद्यार्थियों और उनके अभिभावक को कालेज प्रबंधक द्वारा सम्मानित किया गया। ब्लाक रामपुर मथुरा क्षेत्र के गोंडादेवरिया गांव में स्थित बाबा बालकराम इण्टर कालेज में आयोजित सम्मान समारोह में यूपी बोर्ड परीक्षा 2023 में कालेज के टॉप टेन विद्यार्थियों व उनके अभिभावक को प्रबंधक माया सिंह द्वारा स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इसमे हाईस्कूल में श्रद्धा सिंह, अंशुमान शुक्ल, श्रद्धा सिंह, अंकिता सिंह, श्रेयांश वर्मा, शिवा मिश्र, सौरभ मिश्र, अभय श्रीवास्तव व सचिन चतुर्वेदी एवं इंटरमीडिएट में आराध्या मौर्या, आलोक अवस्थी, अनिता देवी, सहित करीब 20 विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य एबी सिंह, वीरेंद्र शुक्ल, सूरज वर्मा, रमन वर्मा मौजूद रहे।

### बिना परमिट दौड़ रहीं हजारों गाड़ियां

मोहम्मदी खीरी। नगर में शायद एक भी टैक्सी परमिट नहीं है और हजारों की संख्या में इनोवाए बोलेरोए स्कार्पियोए मारूति वेन सहित विभिन्न कंपनियों के चार पहिया वाहन किराया टैक्सी के रूप में सड़क पर दौड़ रही है।अवैध रूप से संचालित इन वाहनों के पास टैक्सी परमिट तो दूर शायद इंश्योरेंस सहित अन्य दस्तावेज भी मिले।अवैध टैक्सियों का परिचालन हर मुख्य सड़क से लेकर गली मोहल्ले और चौक.चौराहों में किसी भी वक्त देखा जा सकता है।इन टैक्सियों के लिए न ही कोई किराया नियत है और न ही नियम।अवैध रूप से संचालित टैक्सियों का जाल जिसे व्यवस्थित नहीं होने के कारण आम लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।और सबसे अहम दुर्घटना होने पर कोई क्लेम भी नही मिलता है।प्राइवेट कोटे से पास चार पहिया वाहनों को किराए पर लेकर चलने वाले लोगों को दुर्घटना की स्थिति में काफी नुकसान उठाना पड़ता है।क्योंकि बीमा कंपनियां उनमें सवार उन यात्रियों को क्लेम देने से मना कर देती हैंएजो घटना के वक्त उसी चार पहिया वाहन में सवार थे।ऐसे में दुर्घटनाग्रस्त लोगों को क्लेम की राशि प्राप्त करने कोर्ट में लंबी लड़ाई भी लड़नी पड़ती है।जिससे समय और धन दोनों की बरबादी होती है।

### भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में बाइक रैली

शाहजहांपुर। भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में मंत्री से लेकर तमाम नेता लगातार चुनाव प्रचार कर रहे हैं। ऐसे में शनिवार की शाम खिरनीबाग रामलीला मैदान के पास विशाल बाइक रैली निकाली गई। बाइक रैली में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री भी शामिल हुए। शाहजहांपुर में पहली बार नगर निगम का चुनाव हो रहा है। भाजपा ने अर्चना वर्मा को मेयर प्रत्याशी बनाया है। भाजपा पूरे दमखम के साथ भाजपा प्रत्याशी को जिताने में लगी है। शनिवार को खिरनीबाग



रामलीला मैदान से विशाल बाइक रैली निकाली गई। इस रैली में सैंकड़ों कार्यकर्ता बाइकों पर सवार पर सवार होकर भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में नारेबाजी करते रहे।इस दौरान वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना भी बाइक रैली के साथ मौजूद रहे। बता दें कि, भाजपा प्रत्याशियों को जिताने के लिए मंत्री से लेकर तमाम नेताओं ने पूरा जोर लगा दिया है। वित्त मंत्री तक वार्डों में जा जाकर छोटी छोटी सभाएं कर पार्षद प्रत्याशियों से लेकर नगरपालिका, नगर पंचायत से लेकर मेयर प्रत्याशी को जिताने के जोर लगा रहे हैं।

### शादी का झांसा देकर बाप बेटों ने किया बलात्कार

**बरेली।** थाना भोजीपुरा क्षेत्र की निवासी एक युवती ने शिकायत करते हुए बताया कि वह नोयडा में प्राइवेट जॉब करती थी तीन वर्ष पहले नवाबगंज के बहोर नगला स्थित अपनी बहन के घर शादी समरोह में गई जहाँ एक युवक से दोस्ती हो गई वह रात के समय युवती के पास आया और शादी का झाँसा देकर सम्बंध बनाए इतना ही नहीं बाद में वह नोयडा आ गया और प्राइवेट जॉब करने लगा इस दौरान भी युवक पीड़िता के घर आता रहा और दो वर्षों तक सम्बंध बनाता रहा पीड़िता के गर्भवती होने पर गर्भपात के लिए कहने लगा और शादी के लिए मना कर दिया। न मानने पर अभद्र व्यवहार किया। तब पीड़िता वापिस भोजीपुरा आई और सारी घटना भाई को बताई आरोप है कि आरोपी का पिता आया और गर्भपात के लिए दबाव बनाने लगा मना करने पर उसने भी पीड़िता के सीने पर पिस्टल तान कर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने मुख्यमंत्री पोर्टल व महिला हेल्पलाइन पर शिकायत की उनके घर पुलिस जाने पर आरोपी एवं उसका जीजा बहला- फुसलाकर बरेली ले गए कोर्ट के सामने शादी का झूठा प्रमाण पत्र ले लिया परंतु शादी नहीं की उसके बाद मैं अपने चाचा के निवास नकटिया लेकर अमरोहा चला गया जहां एक खंडहर में रखकर 10 दिन तक नशे की गोलियां देते हुए बलात्कार किया हालत बिगड़ने पर निजी अस्पताल लेकर आए जहां गर्भपात करा दिया इतने से मन नहीं भरा तो संडे मार्केट डांसर हरियाणा दे गए जहां 15 दिन तक रख कर गलत काम किया उसके बाद फिर रुद्रपुर तहसील रखा। 30 अप्रैल को भोजीपुरा रेलवे स्टेशन पर छोड़ कर चले गए और अब आरोपी का फोन बंद जा रहा है।

# दामाद ने ही पैसों के लालच में की थी अपनी साली व सास की हत्या

● पुलिस ने अभियुक्त और उसकी पत्नी को गिया गिरफ्तार

संवाददाता। लखीमपुर खीरी




**पुलिस** अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज 06.05.2023 को थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 173/23 धारा 302 भादवि की घटना का सफल अनावरण करते हुये मृतका के दामाद व पुत्री को घटना में प्रयुक्त अभियुक्त के खून लगे कपड़ें व आलाकत्ल को बरामद कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों का चालान न्यायालय भेजा जा रहा हैं। दिनांक 02.05.2023 को थाना हैदराबाद पर थाना क्षेत्रान्तर्गत देवीपुर में हुई हत्या की घटना के सम्बन्ध में थाना हैदराबाद पर मु0अ0सं0 173/23 धारा 302 भा0द0वि0 बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना के शीघ्र अनवारण हेतु क्षेत्राधिकारी मोहम्मदी के नेतृत्व में तीन पुलिस टीमों का गठन किया गया था। पुलिस टीमों द्वारा सुरागरसी/पतारसी व ह्युमन इंटीलीजेन्स की मदद से जाँच करने पर घटना में मृतका के दामाद व मृतका की पुत्री का नाम प्रकाश में आया थाए जिसके आधार पर मृतका के दामाद सुरेन्द्र पाल व उसकी पत्नी सुरसती उर्फ सरला को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त सुरेन्द्र पाल द्वारा अपना जुर्म इकबाल करते हुए बताया गया कि सुरेन्द्र पाल अपनी सास सरस्वती जिसके नाम कुल 09 बीघा जमीन थी पिछले लगभग 15 वर्षो से कुल 03 बार मे अब तक साढे सात बीगा जमीन को अपनी सास से बिक्री कराकर सारे पैसें खुद ले लिया तथा अपनी सास व विकलांग साली पूनम को लगभग 12 वर्ष से अपने घर पर ही रख रहा था। अभियुक्त सुरेन्द्र एक शातिर किस्म का व्यक्ति है जिसने अपनी पत्नी सुरसुता को पाँच समूहों मे सदस्य बनवाया था तथा समूहों से पैसे लिया करता था तथा अन्य लोगो के समूहों के खातो से भी यह पैसा निकलवाता था। सूमहो की किस्तें जमा नही कर पा रहा थाए जिसके कारण कुल लगभग 1,50,000/ रुपये का इसके ऊपर कर्जा था जो वापस नही कर पा रहा था इसके पास पैसे का बहुत अभाव था अपनी सास पर दबाव बनाकर ससुराल मे सास के नाम बची डेढ बीघा जमीन की बिक्री कराकर समूह के पैसों की किस्त चुकाना चाहता था। तथा आये दिन इसकी सास इसे बुरा भला कहती थी व ताना मारती थी इन बातो से तंग आकर अन्य कोई किस्त चुकाने का जरिये न जान पूर्व नियोजित योजना के तहत दिनांक 02.05.2023 को दिन मे लगभग 11 व 12 बजे के मध्य मे जब इसकी पत्नी व सास घर से बाहर गयी थी तो सर्वप्रथम इसने अपनी साली पूनम को कुल्हाडी से सिर पर वार करके कमरे के अन्दर हत्या कर दी थीए जिसके 10.15 मिनट बाद जब इसकी पत्नी व सास बाहर से अन्दर आये तब इसने सास को कमरे मे अन्दर ले जाकर गंडासे से वार कर हत्या कर दी एवं इसके पश्चात अभियुक्त ने अपने कपड़े अपनी पत्नी के साथ मिलकर रक्त को धुलने का प्रयास किया तथा कपड़े बदलकर अपनी पकौड़ी व चाट की दुकान ग्राम प्रसादपुर में समय करीब 12 बजे चला गया जहां से पुनः वापस आकर लोगों को गुमराह कर घटना की सूचना 112 कंट्रोल रुम को दिया था। पुलिस द्वारा अभियुक्त सुरेन्द्र पाल व उसकी पत्नी सुरसती उर्फ सरला की निशानदेही पर खून के छींटे लगे हुए पैन्ट–शर्ट को बरामद कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा घटना के सफल अनावरण में हे0का0 अरुन रावत के विशेष योगदान के संबंध में उत्साहवर्धन हेतु पुरस्कृत किया जाएगा।

## डीएम ने स्ट्रॉग रूम का किया निरीक्षण



**संवाददाता।** शाहजहाँपुर

**जिलाधिकारी** उमेश प्रताप सिंह ने गांधी फैज–ए–आम कालेज में ईवीएम के कमिशनिंग कार्य का निरीक्षण किया। जिलाधिकरी ने निर्देश दिये कि कार्यो को आयोग के निर्देशानुसार समय से पूर्ण कराया जाये। उन्होने जीएफ कालेज में बनाये गये स्ट्रॉग रूम का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सेंट पॉल इंटर कालेज में नगर निकाय सामान्य निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारियों को दिये जा रहे प्रशिक्षण का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी कार्मिकों को निर्वाचन प्रक्रिया से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी दी जाये तथा उनसे प्रश्न पूछकर जांच भी की जाये। उन्होने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु सभी कार्मिक निर्देशों को भली भाति समझकर शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सकुशल निर्वाचन सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरा अपर जिलाधिकारी वि0ध्रा0 श्री त्रिभुवन सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## भ्रष्टाचार और वीआईपी कल्चर से मुक्ति दिलाएंगे: डॉ आई.एस तोमर

**संवाददाता।** बरेली

**मेयर** प्रत्याशी डॉ आईएस तोमर ने अपने जनसंपर्क की शुरुआत सुबह सिंधु नगर कॉलोनी से शुरू की जनसंपर्क स्टेडियम रोड होते हुए डेलापीर पुलिस चौकी सब्जी मंडी राजेंद्र नगर इंदिरा समाप्त हुआ तत्पश्चात मोहल्ला पूर्वा गोटिया रविंद्र नगर बदायूं रोड शांति विहार चितौरा मणिनाथ पीपल थान ललिता देवी मंदिर मणिनाथ पुलिया पर समाप्त हुई , रात्रि में ईदगाह बाकरगंज पर एक बड़ी मीटिंग को संबोधित किया ।डॉ तोमर ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले 5 सालों में नगर निगम में भ्रष्टाचार के नए कीर्तिमान स्थापित हुए हैं इसका खामियाजा आम जनता को उठाना पड़ रहा है मैं भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने इस चुनाव में उतरा हूं और आपके द्वारा मिल रहे जनसमर्थन से भावविभोर एवं उत्साहित हूं । पिछले 5 सालों में नगर निगम में जो वीआईपी कल्चर शुरू हुआ है उससे जनता को भारी दिक्कतों का सामना



करना पड़ रहा है मेयर बनते ही पूर्व की भांति ही मेरा ऑफिस के कमरे आम जनता के लिए खुला रहेगा और ना ही कोई पर्ची सिस्टम होगा मेयर की कुर्सी जनता की सेवा के लिए है और इसी मंशा के साथ कार्य होगा । समस्त चिकित्सक समाज ने पुनः जताया डॉ आई. एस तोमर पर विश्वास भारी मतों से जिताने का संकल्प'आज आई.एम.ए हॉल मे एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे ऐलोपैथि , होमयोपैथी , आयुर्वेदक , यूनानी , दांत चिकिसक डाक्टर ने सिरकत की सभी चिकित्सकों ने एक सुर में पुनः डॉक्टर आईएस तोमर पर विश्वास जताते हुए अपना पूर्ण समर्थन दिया । कार्यक्रम में सभी वरिष्ठ चिकित्सक मौजूद रहे ।

# भाजपा सिर्फ अफवाह फैलाती है - रामआसरे विश्वकर्मा

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**अखिल** भारतीय विश्वकर्मा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष/ पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा ने विश्वकर्मा समाज को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वकर्मा परिवार के लिए समाजवादी पार्टी ने काफी योगदान दिया है। जबकि भाजपा सिर्फ कोरी अफवाह फैलाती है और सिर्फझूठ की राजनीति पर टिकी है। उन्होंने कहा कि हमारा सम्मान रखना और सपा महापौर प्रत्याशी माला राठौर के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कर उन्हें जिताना। सपा जिलाध्यक्षध्पूर्व चौयरमैन तनवीर खां ने कहा कि बीजेपी के पास अपना प्रत्याशी नहीं था, इसलिए सपा प्रत्याशी को भाजपा में शामिल कर अपना प्रत्याशी बनाया। साथ ही मुस्लिम समाज का वोट बांटने के लिए सपा प्रत्याशी के विरोध में मुस्लिम प्रत्याशी को भी मैदान में उतारा। कहा कि यह प्रत्याशी जीतने के लिए नहीं चुनाव लड़ रहे हैं, बल्कि दूसरे–तीसरे नंबर पर आने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। ताकि आने वाले अगले चुनाव में वह अपनी बोली लगा सकें।इस दौरान विश्वकर्मा महासभा के जिलाध्यक्ष अमित शर्मा ने पूर्व मंत्री रामआसरे और पूर्व चौयरमैन तनवीर खां का फूलमाला पहनाकर, बुके देकर और शाल उड़ाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व एमएलसी अमित यादव उर्फ रिंकू, पूर्व विधायक प्रत्याशी अनवर अली मौजूद रहे।

# सीएम के चित्रकूट दौरे को लेकर प्रशासन मुस्तैद

## ● डीएम-एसपी ने देखी कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाएं

**संवाददाता।** चित्रकूट



**सूबे** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नौ मई को संभावित भ्रमण के मद्देनजर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बस स्टैंड बेड़ी पुलिया में बने हेलीपैड एवं जनसभा स्थल राष्ट्रीय रामायण मेला सीतापुर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिए कि हेलीपैड के आसपास पानी का छिड़काव करें। साफ-सफाई की व्यवस्था चौकस करें।

शनिवार को डीएम-एसपी ने बस स्टॉप में बने सेफ हाउस का निरीक्षण कर उपजिलाधिकारी कर्वी को निर्देश दिए कि इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करायें। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर में जनसभा स्थल को देखकर पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर से कहा कि सुरक्षा के मद्देनजर डबल बैरिकेडिंग की व्यवस्था करायें। रैन बसेरा के मार्ग को आम जनता के लिए खोलें। गाड़ियों की पार्किंग को पोद्दार इंटर कॉलेज सीतापुर में बनायें। वीआईपी पार्क को रैन बसेरा में बनाया जाए। उन्होंने प्रेस दीर्घा व महिलाओं के लिए अलग से बैरिकेडिंग कराकर बैठने की व्यवस्था कराने के निर्देश दिये। अधिशासी अधिकारी कर्वी से कहा कि पानी के टैंकर की व्यवस्था व मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था कर लें। अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिए कि विद्युत की व्यवस्था के साथ जनरेटर की व्यवस्था भी कर लें। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि जो निर्माण कार्य परिसर में चल रहा है, उसकी सामग्री तत्काल हटाकर बैरिकेडिंग करायें।

निरीक्षण दौरान एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, एसडीएम सदर राजबहादुर, सीओ सिटी हर्ष पांडेय, अधिशासी अभियंता लोनिवि प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ, अधिशासी अभियंता विद्युत आरएस वर्मा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका लालजी यादव समेत भाजपा प्रदेश मंत्री/जिला प्रभारी देवेश, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे, ब्लाक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, महामंत्री अश्वनी अवस्थी समेत अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

## तीन पर गुण्डाएक्ट, छह पर मिनी गुण्डाएक्ट से मची खलबली

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर नगर निकाय चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने की गरज से अपराधियो के खिलाफ जारी कार्यवाही के क्रम में पुलिस ने तीन के विरुद्ध गुण्डाएक्ट व छह लोगों के खिलाफमिनी गुण्डाएक्ट की कार्यवाही की है। इससे अपराधियों में खलबली मची है। शनिवार को प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर वीर प्रताप सिंह ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुण्डा गर्दी करने वाले गुड्डू पुत्र बाबूलाल निवासी खिचरी, इमाम हुसैन पुत्र अली हुसैन उर्फ भुट्टा निवासी महावीर नगर के खिलाफ श्री यूपी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।



# दस मई से शुरू करायें दो सौ बेड का मातृ व शिशु चिकित्सालय : अभिषेक

## ● डीएम ने दिये स्वास्थ्य महकमे के अधिकारियों को निर्देश

**संवाददाता।** चित्रकूट



**जिलाधिकारी** अभिषेक आनंद ने एमसीएच विंग खोह को क्रियाशील करने बाबत कैंप कार्यालय में हुई बैठक में जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से प्रसव कार्य शुरु करने के निर्देश दिये। आवश्यक उपकरण/जांच/औषधियों की उपलब्धता पर चर्चा करते हुए रणनीति को अंतिम रूप दिया।

शनिवार को जिलाधिकारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीएमओ से कहा कि दस मई तक एमसीएच विंग को क्रियाशील हो जाना चाहिए। पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउंड आदि उपकरणों के बारे में चर्चा की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि जो उपकरण नहीं है उसकी मांग शासन से करें। रामनगर व मानिकपुर के लाभार्थियों को नॉर्मल डिलीवरी कराने को प्रेरित करने के कार्य शुरु किये जाए। जटिल केसों को यहां शिफ्ट करायें। एमसीएच विंग चिकित्सालय की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ ऊषा सिंह ने कहा कि महिला स्वीपर की जरूरत होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जिस अस्पताल में स्वीपर महिलायें ज्यादा हैं, उनका यहां तबादला किया जाये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि जब चालू हो जाए तो यहां कैंटीन की भी व्यवस्था करायें। क्षेत्र की आशा व एएनम की बैठक करायें।

# नौ नगर निकायों में 3.91 लाख मतदाता 11 मई को करेंगे मतदान

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**नगर निकायों में मतदाताओं की स्थिति**

| निकाय क्षेत्र | कुल मतदाता | मतदाता |
|---|---|---|
| न.पा.फर्रुखबाद | 2,22,992 | 14,559 |
| न.पा.कायमगंज | 28,037 | 1864 |
| न.पं. कमालगंज | 11635 | 808 |
| न.पं.मोहम्मदाबाद | 20,846 | 1934 |
| न.पं. खिमसेपुर | 24,603 | 2175 |
| न.पं.संकिसा | 17,825 | 546 |
| न.पं. कंपिल | 11,267 | 529 |
| न.पं.शमसाबाद | 31,837 | 1084 |
| न.पं. नवाबगंज | 22,238 | 2688 |
| कुल मतदाता | 3,91,280 | 26,187 |

**9 नगर** निकायों में 3.91 लाख मतदाता 11 मई को करेगे मतदान 11 मई को जनपद की 9 नगर निकायों पर मतदान होना है । जिसको लेकर जिला प्रशासन तैयारियां पूरी करनें में लगा है। जनपद की सभी निकायों को मिलाकर कुल 3.91 लाख मतदाता अपने मताधिकारी का प्रयोग करेगा । जनपद में नौ नगर निकायों में दो नगर पालिका व सात नगर पंचायतों में चुनाव होगा। जिसमे इससे कुल 3.91 लाख मतदात अपने मताधिकार का प्रयोग कर अध्यक्ष और सभा सदों का चुनाव करेगा। इस बार 26,187 नये मतदाता जोड़े जाने के साथ 8681 मतदाताओं के नाम सूची से हटाया गया है । 508 मतदाताओं ने अपने नाम व पते में संशोधन भी करवाया। नवसृजित नगर पंचायत खिमसेपुर, संकिसा व नवाबगंज में पहली बार नगर निकाय का चुनाव होगा।

## गंगा नहाने गए तीन डूबे पिता की लाश बरामद दो की तलाश जारी

**फर्रुखाबाद।** गंगा नहानें गये सगे भाई गंगा मे डूबने लगे ।उन्हें डूबता देख जब पिता बचानें के लिये गंगा में कूदा तो वह भी गहरे पानी के कारण गंगा में डूब गया। पुलिस नें मौके पर आकर गोताखोरों की मदद से उनकी तलाशी की तो खबर लिखे जानें तक पिता का शव बरामद हुआ है। जबकि दोनों भाईयों को तलाश किया जा रहा है।थाना क्षेत्र के ग्राम मकू नगला निवासी शिव कुमार का 10 वर्षीय पुत्र रोहित अपने गाँव के ही 32 वर्षीय संजीब पुत्र अमर सिंह के साथ खेत पर गेंहू फैला रहा था । खेत से वापस आनें के दौरान दोनों गंगा नहानें लगे । गंगा नहानें के दौरान दोनों गहरे पानी में डूबने लगे । उसी दौरान मौके पर पंहुचे शिव कुमार नें दोनों को डूबता देखा तो अपनी जान की परवाह किये बिना ही गंगा में छलांग लगा दी।

# सपा प्रत्याशी एकता के समर्थन में उमड़ी भीड़

## ● विक्की ने ने बुजुर्गो के पैर छूकर समर्थन देने के लिए आशीर्वाद मांगा

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद



सपा प्रत्याशी एकता सिंह के समर्थन में जनता की भीड़ ने अपना समर्थन दोहराया समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी एकता सिंह के समर्थन में अविनाश सिंह विक्की ने मुस्लिम मोहल्लों छोटा बंगसपुरा ,बड़ा वंगसपुरा और घोड़ा नखास में सुबह से सायंकाल तक अपनी टीम के साथ जमकर जनसंपर्क किया। विक्की ने बुजुर्गो के पैर छूकर समर्थन देने के लिए आशीर्वाद मांगा। उन्होंने माता पिता और बाबा दादी सभी से 11 मई को अपने वोट का आशीर्वाद देने का अनुरोध किया।उनके साथ हाजी अहमद अंसारी,मास्टर महमूद अली, खुर्शीद अहमद,असलम नवाब, इकरार, भईया लाल, रहमानी,वाकर अली,पप्पू, राशू मिश्राआदि जनसंपर्क में साथ रहे।

इसके अलावा रात में कई मोहल्लों में नुक्कड़ सभाएं हुई जिसमे भी जनता की काफी भीड़ हुई जिसमे जनता ने अपना समर्थन सपा प्रत्याशी एकता सिंह को देने का वादा किया। दूसरी ओर प्रत्याशी एकता सिंह ने अरविंद सिंह सिक्की के साथ के साथ फतेहगढ़ के मुख्य बाजार कानपुर रोड पर अपनी टीम के साथ दुकानदारों से जनसंपर्क कर वोट मांगे और पूर्व नगर विधायक विजय सिंह एवम पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दमयंती सिंह के समय के विकास की याद दिलाई और पहले की तरह भरपूर विकास करने के लिए 11मई को वोट और समर्थन देने की अपील की । सभी दुकानदार और बाजार की जनता ने वोट देने का वादा किया।उनके साथ कुलदीप भारद्वाज बंटी,अरुण गुप्ता,अरुण यादव, दीपांशु, सौरभ गुप्ता,मोनू गुप्ता, रामराज सिंह आदि लोग साथ रहे।

# सपा-बसपा सरकार में नौकरियों की नीलामी होती थी: नंदी

**संवाददाता।** राठ(हमीरपुर)



**प्रदेश** सरकार के केबिनेट मंत्री नंदलाल गुप्ता नंदी ने भाजपा प्रत्यासी के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि सपा की सरकार में गुंडा माफ़िया का आतंक फैला हुआ था।सरकारी नौकरियां लोगो को पैसे के बलबूते मिलती थी भाजपा सरकाक आते ही भ्रष्टाचार में पूरी तरह नकेल कसी गयी। अब भाजपा की डबल इंजन की सरकार में गुंडे माफ़िया थर थर कांप रहे हैं।भाजपा प्रत्यासी श्रीनिवास बुधौलिया उर्फबबलू महाराज के समर्थन में रामलीला मैदान में विशाल जन सभा को संबोधित करते हुये कहा कि भाजपा सरकार ने गुंडा माफ़ियाओं को सबक सिखाने का काम किया है। सपा बसपा पर हमला बोलते हुए कहा कि सपा सरकार में यादव और मुस्लिम, बसपा सरकार दलितों का राज चलता रहा। नौकरी के नाम पर कोई भी रिश्वत नहीं देनी पड़ रही है। कहां कि देश की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़ी से बड़ी समस्याओं का समाधान किया है। 2014 के पहले लगातार हमले होते रहे। पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों के बदले में प्रधानमंत्री ने वहां घुसकर ईट का जवाब पत्थर से दिया। भाजपा की सरकार में देश के जवानों को खुली छूट मिल रही है। इस दौरान जिला प्रभारी मंत्री मनोहर लाल पंत, सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, विधायक मनीषा अनुरागी, भाजपा जिलाध्यक्ष ब्रजकिशोर गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष पद के भाजपा प्रत्याशी श्रीनिवास बुधौलिया आदि ने संबोधित किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री राजेंद्र चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह किसान, जिलाध्यक्ष जालौन नागेंद्र गुप्ता, रंजना उपाध्याय, अवधेश पाठक, ब्लाक प्रमुख गोहांड अरविंद मुखिया, व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल, छबि लाल वर्मा, उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष बृजेश गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, संगीता, बबली, शुभांकर बुधौलिया सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे

## व्यवस्था परिवर्तन अधिवक्ता संगठन ने की बैठक

**फतेहपुर।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के हाल में शनिवार को व्यवस्था परिवर्तन अधिवक्ता संगठन की एक आवश्यक बैठक आहूत की गई। जिसमें संगठन मजबूती, सदस्यता अभियान के तहत चुनाव को लेकर प्रत्याशी चयन पर चर्चा की गई। उम्मीदवारों से आवेदन भी मांगे गये। बैठक में कई अधिवक्ताओं ने हिस्सा लिया। जिसमें बताया गया कि बार एसोसिएशन के चुनाव में जो उम्मीदवार चुनाव लड़ने के इच्छुक हों वह अपना आवेदन दे सकते हैं। इसके अलावा संगठन मजबूती को लेकर भी चर्चा की गई।

निर्णय लिया गया कि सदस्यता अभियान चलाकर ज्यादा से ज्यादा अधिवक्ताओं को संगठन से जोड़ने का काम किया जायेगा।

# गेहूं की उठान न होने से सरकारी खरीद केंद्रों में पसरा हुआ सन्नाटा

**संवाददाता।** मौदहा (हमीरपुर)



**एक** माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद खरीद केंद्रों में गेहूं की उठान न होने से सन्नाटा पसरा रहा है।अभी तक सबसे अधिक गेहूं की खरीद विपणन शाखा के केंद्र प्रभारी द्वारा की गई है । वही क्रय विक्रय के केन्द्र प्रभारी ने गेहूं की उठान न होने के कारण फिलहाल गेहूं की खरीद करने से जवाब दे दिया है।नगर समेत क्षेत्र के किसानों का गेहूं खरीदने के लिए सरकार ने एक अप्रैल से नगर के कृषि उत्पादन मंडी समिति में विपणन शाखा व क्रय विक्रय शाखा के अलावा नगर की किसान सहकारी समिति में तथा पीसीएफशाखा के गेहूं खरीद केंद्र खुलवा दिए थे। कुछ दिनों तक किसानों के खरीद केंद्रों में कम आने के कारण गेहूं की खरीद धीमी गति से चलती रही लेकिन अब गेहूं खरीद केंद्रों में सन्नाटा पसरा देखने को मिल रहा है।अभी तक सबसे अधिक खरीद विपणन शाखा में 6006 कुंतल गेहूं केंद्र प्रभारी सुभाष चंद्र ने की है।

## क्विक न्यूज

### दीवार गिरने से दो सगी बहनों की मौत, एक घायल

**चित्रकूट।** जिले के मऊ थानाक्षेत्र के ग्राम बंबुरा में आधी रात को कच्ची दीवार गिरने से मलबे में दबकर सगी दो बहनों की मौत हो गई।जबकि एक बच्ची घायल है, जिसका इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम बंबुरा निवासी सुग्गी लाल की पुत्रियों में से तीन वर्षीय शिवानी, छह साल की राजनंदिनी और चचेरी बहन चार वर्षीय नीता रात में सो रही थी. इस दौरान उनके घर की कच्ची दीवार बीते दिनों हुई बारिश के पानी की वजह से नम होने के चलते आधी रात को भरभराकर गिर गई. मलवे में दबकर शिवानी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि राजनंदिनी और नीता को अस्पताल पहुंचाया गया. डॉक्टर (कवबजवत) ने राजनंदिनी को भी मृत घोषित कर दिया है। नीता का इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई।

### युवक की ट्रैक्टर से कुचलकर मौत

**फर्रुखाबाद।** घर के बाहर टहल रहे युवक को ट्रैक्टर नें कुचल दिया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गयी। परिजन उसे उपचार के लिये ले जा रहे थे उसी दौरान रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।जनपद इटावा चौबिया अड़पुर निवासी 20 वर्षीय अजय कुमार पुत्र मान सिंह के चचेरे भाई विकास पुत्र रमेश की शनिवार शाम को बारात जानी थी। घर में खुशियों का बसेरा था। गीत संगीत बज रहे थे । घर के सभी सदस्य बारात की तैयारी में मशगुल थे। उसी दौरान अजय घर के बाहर टहलने निकला तो एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर नें उसे कुचल दिया। जिससे घर में हड़कंप मच गया। परिजन उसे नगर के एक निजी अस्पताल लेकर आये तो उन्होंने हालत नाजुक होनें पर रिफर कर दिया। जिसके बाद उसे परिजन लेकर लोहिया अस्पताल पंहुचे जहां उसे मृत घोषित किया था। अजय का बीते तीन साल पूर्व ही पत्नी गोल्डी से विवाह हुआ था।

### बारातियों और जनातियो के बीच हुई जमकर मारपीट

**फतेहपुर।** खाना न परोसे जाने की बात पर गुरुवार रात शादी समारोह में बरातियों और जनातियों के बीच मारपीट हो गई। बीच-बचाव में दूल्हे के ममेरे भाई के साथ गाली गलौज और मारपीट की गई। आरोप है कि मोबाइल और गले से चेन भी छीन ली गई। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सिरसी गांव निवासी नरेंद्र सिंह ने बताया कि उसके करसवां निवासी ममेरे भाई ननका की बरात थरियांव थाना क्षेत्र के करनपुर मजरे रामपुर गांव गई थी। अगवानी के बाद बरातियों का खाना-पानी चल रहा था। कुछ बराती खाने की पंगत पर बैठे थे। उन्हें खाना नहीं परोसा जा रहा था। तभी उनकी जनातियों से नोकझोक होने लगी। विवाद के दौरान बरातियों पर जनातियों ने खाने की मेज पलटा दी। यह देखकर नरेंद्र बीच-बचाव के लिए पहुंचा। इस पर करनपुर गांव के कुछ लोगों ने उसे लाठी डंडे से पीटा। पिटाई के बाद मोबाइल, चेन लूटकर भाग निकले। ग्रामीणों से पूछताछ में पता चला कि घटना करने वाले मनोज कुमार, संत लाल और रवि हैं। पुलिस ने मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। मोबाइल, चेन नहीं मिल सकी है। थानाध्यक्ष आशुतोष सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में एसआई सहित फायर बिग्रेड, पुलिस जवान तैनात

**जालौन(उरई)।** छत्रसाल इंटर कॉलेज में बले स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतपेटियों को रखा गया है। एसआई समेत फायर बिग्रेड व पुलिस के जवानों को सुरक्षा व्यवस्था में तैनात किया गया है। जो दिन रात मतपेटियों की सुरक्षा में लगे हुए हैं। नगर निकाय चुनाव के मतदान के बाद मतपेटियों को मतगणना होने तक सुरक्षित रखने के लिए छत्रसाल इंटर कॉलेज में स्ट्रांग रूम बनाया गया है। स्ट्रांग रूम में रखी गयी मतपेटियों की सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं। जिससे किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी होने की संभावना न रहे। मतपेटियों की सुरक्षा के लिए एसआई रामप्रसाद, हैड कांस्टेबल नरेंद्र सिंह, कांस्टेबल मदन कुमार, यशवंत सिंह, जितेंद्र कुमार के साथ 2 जवान फायर बिग्रेड के भी तैनात किए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था में तैनात किए गए जवानों में एक एसआई के साथ 6 जवानों को 3-3 घंटे के रोस्टर के अनुसार ड्यूटी पर तैनात किया गया है। वहीं मतपेटियों को सुरक्षित रखने के लिए दोहरी सुरक्षा व्यवस्था बनाई गई है। मतपेटियों की सुरक्षा के लिए प्रशानिक अधिकारी भी समय समय पर स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर रहे हैं। ताकि कोई सुरक्षा में सेंध न लगा सके।

# पेज एक का शेष

## मणिपुर हिंसा...

लिए विभिन्न सरकारी भवनों में कई अस्थाई शिविर स्थापित किए गए हैं। 13,000 से अधिक लोगों ने सेना और राज्य सरकार द्वारा राज्य के भीतर स्थापित विभिन्न आश्रयों और आम लोगों द्वारा स्थापित अस्थाई शिविरों में शरण ली है, जबकि कई अन्य पड़ोसी राज्यों मिजोरम, मेघालय और नगालैंड चले गए हैं। शुक्रवार को जिन इलाकों में उग्रवादी समूहों और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी हुई थी, वहां सड़कों पर बेरीकेड लगाकर और घेराबंदी करके सुरक्षा सुदृढ़ की गई है। ऐसा प्रतीत होता है कि ये उग्रवादी समूह जातीय हिंसा में शामिल हो गए थे। राज्य में लगभग 10,000 सेना, अर्ध-सैन्य और केंद्रीय पुलिस बलों को तैनात किया गया है, जहां बहुसंख्यक मेइती समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने के कदम के खिलाफ बुधवार को कुकी और नगा सहित आदिवासियों द्वारा प्रदर्शन किए जाने के बाद दंगा भड़क गया था। कुल आबादी में मेइती समुदाय करीब 53 प्रतिशत हैं और ज्यादातर इंफाल घाटी में रहते हैं। आदिवासियों में नगा और कुकी शामिल हैं और आबादी में इनकी संख्या करीब 40 प्रतिशत है और ज्यादातर पहाड़ी जिलों में रहते हैं। इस बीच, असम राइफल्स की एक टुकड़ी को इंफाल में सभी नगा छात्रों को रविवार को वापस कोहिमा ले जाने के लिए चुनिंदा जगहों से एकत्रित करने का निर्देश दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि आधिकारिक मृतक संख्या 54 हैं जिनमें से 16 शव चुराचांदपुर जिला अस्पताल के मोर्चरी में रखे गए हैं, जबकि 15 शव इंफाल पूर्वी जिले के जवाहरलाल नेहरू आयुर्विज्ञान संस्थान में रखे गए हैं। अधिकारी ने कहा कि इंफाल पश्चिम जिले के लाम्फेल में क्षेत्रीय चिकित्सा आयुर्विज्ञान संस्थान ने 23 लोगों के मारे जाने की सूचना दी है। पुलिस ने बताया कि चुराचांदपुर जिले में शुक्रवार रात दो अलग-अलग मुठभेड़ों में पांच उग्रवादी मारे गए और इंडिया रिजर्व बटालियन के दो जवान घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि चुराचांदपुर जिले के सैटन में सुरक्षा बलों और उग्रवादियों के बीच एक मुठभेड़ हुई, जिसमें चार उग्रवादी मारे गए। पुलिस ने बताया कि टोरबंग में उग्रवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलियां चलाईं, जिसके चलते सुरक्षा बलों को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। पुलिस ने बताया कि जवाबी कार्रवाई में एक आतंकवादी मारा गया और आईआरबी के दो जवान घायल हो गए। एक रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि सेना ने चुराचांदपुर, मोरेह, काकचिंग और कांगपोकपी जिलों को अपने 'नियंत्रण' में ले लिया है। पीआरओ ने कहा, सुरक्षा बलों द्वारा त्वरित प्रतिक्रिया के कारण हिंसा से प्रभावित क्षेत्रों के विभिन्न अल्पसंख्यक इलाकों से सभी समुदायों के नागरिकों को निकाला गया। नतीजतन, चुराचांदपुर, कांगपोकपी, मोरेह और काकचिंग अब पूरी तरह से नियंत्रण में हैं और कल रात से किसी बड़ी हिंसा की सूचना नहीं है। रक्षा अधिकारी ने कहा, कुल लगभग 13,000 नागरिकों को प्रभावित क्षेत्रों से निकाला गया है और वर्तमान में अस्थाई आश्रय स्थलों में रखा गया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और शीर्ष अधिकारियों के साथ मणिपुर में स्थिति की समीक्षा की, वहीं केंद्र ने शांति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बल और दंगा रोधी वाहनों को भेजा है।

## भाजपा की...

इंजन की सरकार भेदभाव रहित विकास करने के लिए काम कर रही है। मोदी ने कहा, पहली बार, बागलकोट के लोगों को नल के पानी के तीन लाख कनेक्शन मिले। बागलकोट के 25,000 से अधिक लोगों को अपना मकान मिला। आयुष्मान भारत योजना का लाभ बागलकोट के लोगों तक पहुंचा। वर्ष 2018 के चुनाव में जिले के बादामी निर्वाचन क्षेत्र से चुने गए पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया पर कटाक्ष करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा, मैंने सुना है कि सिद्धरमैया कह रहे हैं कि पिछले साढ़े तीन साल में जो भी विकास हुआ है, वह उनकी सरकार के प्रयासों से हुआ है। उनके इकबालिया बयान से स्पष्ट है कि अगर कोई काम करता है तो वह डबल इंजन की सरकार है, जो बिना किसी भेदभाव के काम करती है। मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार के काम के कारण इस क्षेत्र के लोग लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने कहा, राजमार्गों में सुधार हो रहा है और रेलवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, सिद्धरमैया आप सभी को छोड़कर इस जगह से चले गए हैं (पूर्व मुख्यमंत्री इस बार वरुणा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं)। उन्होंने महसूस किया है कि हवा किस दिशा में बह रही है। मोदी ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा, पार्टी का इतिहास 85 प्रतिशत कमीशन का रहा है, वह लोगों की सेवा करने के लिए कभी काम नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत राजीव गांधी ने ऑन रिकॉर्ड कहा था कि जब दिल्ली से एक रुपया भेजा जाता है तो लोगों तक केवल 15 पैसे पहुंचते हैं। उन्होंने कहा, यह किसका पंजा था, जो एक रुपए के 85 पैसे खा जाता था? यह कांग्रेस के काम करने का तरीका था। कांग्रेस के गलत कृत्यों के कारण भारत इतने दशकों तक पिछड़ा रहा। उन्होंने कहा कि नौ साल में भाजपा सरकार ने गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के बैंक खातों में 29 लाख करोड़ रुपए हस्तांतरित किए और एक पैसे की चोरी हुए बिना लोगों तक पैसा पहुंचा। उन्होंने आरोप लगाया कि अगर कांग्रेस की सरकार होती, तो पार्टी नेताओं ने 24 लाख करोड़ रुपए लूटे होते।

## आतंकवाद को...

करने वाली आतंकी प्रवृत्ति के साथ खड़ी नजर आ रही है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि पिछले तीन वर्षों में भाजपा ने कर्नाटक में चोरी का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। शायद देश की सबसे भ्रष्ट कर्नाटक की भाजपा सरकार है। ठेकेदारों के संघ ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर कहा कि 40 प्रतिशत कमीशन लिया जा रहा है। आज तक प्रधानमंत्री ने इसका कोई जवाब नहीं दिया।

## निर्वाचन आयोग...

ट्रबल इंजन करार दिया। निर्वाचन आयोग ने अपने नोटिस में कहा, यह एक उचित धारणा है कि कांग्रेस के पास सामग्रीअनुभवजन्यासत्यापन योग्य साक्ष्य हैं, जिसके आधार पर ए विशिष्टास्पष्ट तथ्य प्रकाशित किए गए हैं, एक ऐसी कार्वाई जिसका लेखक के ज्ञान, इच्छा और ऐसा करने के पीछे की मंशा का पता लगाने के लिए निष्पक्ष रूप से मूल्यांकन किया जा सकता है। इसने कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के अध्यक्ष से कहा कि सात मई 2023 को शाम सात बजे तक अनुभवजन्य साक्ष्य उपलब्ध कराए जाएं, उदाहरण के लिए विज्ञापन में उल्लिखित नियुक्तियों और स्थानांतरण, नौकरियों के प्रकार और कमीशन के प्रकारों के लिए दरों का प्रमाण, और यदि कोई स्पष्टीकरण हो तो साथ में वह भी दिया जाए। इसने कहा कि इसे सार्वजनिक मंच पर भी रखा जाए। इसने कहा कि पार्टी यदि सात मई को शाम सात बजे तक साक्ष्य साझा करने में विफल रहती है, तो उसे कारण बताना होगा कि आदर्श आचार संहिता और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम तथा भादसं के तहत प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन करने के लिए आपके खिलाफ कार्रवाई क्यों शुरू नहीं की जानी चाहिए। निर्वाचन आयोग ने कहा कि विरोधी दलों की नीति एवं शासन की आलोचना संविधान के तहत गारंटीकृत अधिकार के साथ-साथ भारतीय चुनावी प्रक्रिया के तहत विभिन्न राजनीतिक अदाकारों का एक आवश्यक कार्य है। इसने कहा, हालांकि, इस अधिकार का प्रयोग करते हुए और इस आवश्यक कार्य को करते हुए, विभिन्न राजनीतिक दलों से सार्वजनिक संवाद के उच्च मानकों को बनाए रखने और आदर्श आचार संहिता के विभिन्न प्रावधानों तथा संबंधित कानूनों का पालन करने की अपेक्षा की जाती है।

## खालिस्तानी आतंकी...

शामिल था। वह भारत में वीआईपी और आर्थिक प्रतिष्ठानों को लक्षित करने के लिए हथियार एवं गोला-बारूद की आपूर्ति और बाद में घुसपैठ में लिप्त हुआ था। पंजवार को यूएपीए के तहत एक आतंकवादी घोषित करने वाले भारत के गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा था कि वह भारत सरकार के खिलाफ अल्पसंख्यकों को भड़काने के उद्देश्य से रेडियो पाकिस्तान पर अत्यधिक देशद्रोही और अलगाववादी कार्यक्रमों के प्रसारण में भी शामिल था। वह मादक पदार्थ की तस्करी में सक्रिय था और तस्करों और आतंकवादियों के बीच एक प्रमुख वाहक था। मंत्रालय ने कहा था, पंजाब में जाली भारतीय मुद्रा नोट संचालन और मादक पदार्थ के व्यापार को बढ़ावा देने में पंजवार की संलिप्तता अच्छी तरह से प्रलेखित है। उसका संगठन केसीएफ द्वारा पूर्व आतंकवादियों, स्लीपर सेल और जमानत पर रिहा लोगों को फिर से सक्रिय करने के प्रयास किए जा रहे हैं और वह भारत विरोधी ताकतों के साथ सांठगांठ के पक्ष में रहा है। केसीएफ फरवरी 1986 में अस्तित्व में आया और इस संगठन की कार्यप्रणाली आतंकवादी गतिविधियों के लिए आधुनिक हथियार खरीदने के लिए बैंक डकैती और फिरौती के लिए अपहरण करना थी। मंत्रालय के अनुसार परमजीत सिंह पंजवार नीत प्रतिबंधित संगठन भारत में विभिन्न आतंकवादी हमलों में शामिल था, जिसमें अक्टूबर 1988 में फिरोजपुर में वह बम हमला भी शामिल था जिसमें 10 राय सिख मारे गए थे। साथ ही मेजर जनरल बी एन कुमार की भी मौत हो गई थी।

## हुक्का बार...

में पता चला कि हुक्का बार में जन्मदिन की पार्टी चल रही थी। इस पार्टी में अधिकांश नाबालिग लड़के ही शामिल थे। घटना की तकनीकी जांच में सामने आया है कि वारदात में स्थानीय बदमाशों का हाथ हो सकता है। एक नाबालिग आरोपी की पहचान हो गई है। पुलिस ने कहा कि घटनाओं के क्रम और हत्या के पीछे के कारण का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच की जा रही है। आरोपियों को भी शीघ्र पकड़ लिया जाएगा।

## राजौरी में...

कि एक जनवरी को धांगड़ी हमले के पीछे उसका हाथ था। इस हमले में सात लोगों की मौत हुई थी जबकि कई अन्य घायल हुए थे। राजौरी और पुंछ जिलों में आतंकवादियों द्वारा अक्टूबर 2021 से लेकर अब तक किए गए आठ हमलों में 26 सैनिकों सहित कुल 35 लोगों की जान गई है। रक्षा मंत्री राजनाथ ने राजौरी जिले के कांडी वन क्षेत्र का दौरा किया। राजनाथ कुछ देर जम्मू में रुके और फिर सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे व जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के साथ राजौरी में एस ऑफ स्पेड्स डिवीजन मुख्यालय पहुंचे। उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी, व्हाइट नाइट कोर के कोर कमांडर और जम्मू के मंडल आयुक्त ने भी राजनाथ के साथ राजौरी का दौरा किया। राजनाथ ने यहां उन्होंने आतंकवादियों के खिलाफ अभियान में शामिल सैनिकों से संवाद किया और सीमा पर अभियानगत क्षमताओं और सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया।

## भव्य समारोह...

सैन्य कर्मी भी थे। मध्य लंदन की सड़कों के दोनों ओर काफी संख्या में उनके शुभचिंतक झंडे लहरा रहे थे। वहीं, प्रदर्शनकारियों के कुछ समूह ने राजशाही खत्म करने के लिए ट्राफलगर स्क्वायर पर प्रदर्शन किए। कुछ प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किए जाने की भी खबरें हैं। कैमिला ने महारानी मेरी का ताज पहना, जिसे जून 1911 में उनकी (मेरी की) ताजपोशी के लिए निर्मित किया गया था। उस वक्त इसमें विवादित कोहिनूर हीरा भी जड़ा हुआ था, जिसे बाद में हटा कर उसकी एक क्रिस्टल प्रतिकृति जड़ दी गई। महारानी के ताज के आधुनिक प्रारूप में कोहिनूर हीरा नहीं जड़ा हुआ है और यह चांदी के फ्रेमसे बना है जिस पर सोने की तार तथा 2,200 हीरे जड़े हुए हैं। चार्ल्स तृतीय ने राज्याभिषेक समारोह के दौरान दूसरी शपथ--राज्याभिषेक की घोषणा शपथ--लेते हुए कहा कि वह एक धर्मनिष्ठ प्रोस्टैंट हैं। कैंटरबरी के आर्चबिशप ने कहा कि ब्रिटेन में विभिन्न धर्मों का सम्मान किया जाता है। उन्होंने कहा कि चर्च ऑफ इंग्लैंड एक ऐसा माहौल बनाने की कोशिश करेगा, जिसमें सभी धर्मों के लोग मुक्त रूप से रह सकें। इसके बाद चार्ल्स ने पवित्र गोस्पेल पर हाथ रखा और अपने वादे पूरे करने की शपथ ली।

# डाक से मिले मतपत्रों की गिनती से शुरूआत होगी मतगणना की

**संवाददाता।** उरई (जालौन)

**नगरीय** निकाय चुनाव 2023 की 13 मई को होने वाली मतगणना का कार्य प्रात: 8 बजे से शुरू होगा। जिसमें सबसे पहले डाक से मिले मतपत्रों की गिनती से मतगणना की शुरूआत होगी। मतगणना के दिन एक टेबिल पर एक सुपर वाइजर व चार सहायकों की तैनाती होगी। मतगणना के दिन प्रात: सात बजे स्ट्रांग रूम खुलेगा इसके बाद वहां रखी मतपेटियों को मतगणना टेबिल तक पहुंचाया जायेगा। मतगणना के लिये उरई नगर पालिका की 62 टेबिलें, कोटरा की चार व एट नगर पंचायत की 6 टेबिलें लगायी जायेगी। निकाय चुनाव में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद अब प्रशासन पूर्ण रूप से मतगणना की तैयारियों में जुट गया हैं। किस नगरीय क्षेत्र में मतगणना का कार्य कितनी टेबिलों पर होगा इसका डाटा तैयार कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है ताकि मतगणना के दिन किसी भी तरह की अव्यवस्था न होने पाये। बताया जाता है कि नगर पालिका परिषद उरई की मतगणना के लिये 62 टेबिलें, नगर पंचायत कोटरा की मतगणना के लिये चार टेबिलें व नगर पंचायत एट की मतगणना के लिये 6 टेबिलें लगायी जायेगी। मतगणना के दिन प्रात: 7 बजे स्ट्रांग रूम का दरवाजा खोला जायेगा उस दौरान प्रत्याशियों के एजेंट मौके पर मौजूद रहेंगे। इसके बाद मतगणना शुरू होने के दौरान भी स्ट्रांग रूम में रखी मतपेटियों की निगरानी के लिये प्रत्याशियों के तीन-तीन एजेंटों को स्ट्रांग रूम के बाहर रहने की इजाजत दी गयी है। मतगणना के दिन सबसे पहले डाक से प्राप्त मतों की गिनती से मतगणना का कार्य शुरू होगा।

# यूक्रेन ने रूस की हाइपरसोनिक मिसाइल को मार गिराया

**● अमेरिकी रक्षा प्रणाली की मदद**

**भाषा।** कीव

**यूक्रेन की वायु** सेना ने शनिवार को दावा किया कि उसने अमेरिकी पैट्रियट रक्षा प्रणालियों का इस्तेमाल करते हुए राजधानी कीव के ऊपर एक रूसी हाइपरसोनिक मिसाइल को मार गिराया। यूक्रेन को हाल ही में अमेरिका से पैट्रियट रक्षा प्रणाली प्राप्त हुई थी। यह पहली बार है जब यूक्रेन ने रूस की किसी बेहद अत्याधुनिक मिसाइल को मार गिराया है। यूक्रेन की वायु सेना के कमांडर मायकोला ओलेशचुक ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि इस सप्ताह की शुरुआत में किंजल-प्रकार की बैलिस्टिक मिसाइल को यूक्रेन की राजधानी पर रात में हुए हमले के दौरान मार गिराया गया। यह पहली बार था जब यूक्रेन की वायु सेना ने पैट्रियट रक्षा प्रणालियों का इस्तेमाल किया था। ओलेशचुक ने लिखा, हां, हमने अनोखे किंजल को मार गिराया। यह कीव क्षेत्र के आसमान में चार मई को रात के समय हमले के दौरान हुआ। ओलेशचुक ने कहा कि केएच-47 मिसाइल को मिग-31के विमान से रूसी क्षेत्र से दागा गया और पैट्रियट मिसाइल से मार गिराया गया। किंजल नवीनतम और सबसे उन्नत रूसी हथियारों में से एक है। रूसी सेना का कहना है कि हवा से प्रक्षेपित की जाने वाली यह बैलिस्टिक मिसाइल 2,000 किलोमीटर तक मार कर सकती है।



# अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारतवंशी नीरा टंडन को अपना घरेलू नीति सलाहकार नियुक्त किया

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रपति जो बाइडन ने शुक्रवार को भारतीय मूल की अमेरिकी नागरिक नीरा टंडन को अपनी घरेलू नीति सलाहकार के रूप में नामित किया जो घरेलू नीति एजेंडा के निर्माण एवं क्रियान्वयन में उनकी सहायता करेंगी। बाइडन ने कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि नीरा टंडन आर्थिक गतिशीलता और नस्लीय समानता से लेकर स्वास्थ्य देखभाल, अप्रवासन और शिक्षा जैसी मेरी घरेलू नीति के निर्माण और कार्यान्वयन को जारी रखेंगी। टंडन बाइडन की अभी तक घेरलू नीति सलाहकार रहीं सूसन राइस की जगह लेंगी। बाइडन ने कहा, टंडन एशियाई मूल की पहली अमेरिकी होंगी जो व्हाइट हाउस के इतिहास में उसके तीन अहम नीति परिषदों में से एक का नेतृत्व करेंगी। बाइडन ने कहा, वरिष्ठ सलाहकार और स्टाफ सेक्रेटरी के रूप में नीरा ने मेरी घरेलू, आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा टीम में निर्णय लेने की प्रक्रियाओं का निरीक्षण किया। उन्हें सार्वजनिक नीति में 25 वर्षों का अनुभव है, उन्होंने तीन राष्ट्रपतियों की सेवा दी है और लगभग एक दशक तक देश के सबसे बड़े थिंक टैंक में से एक का नेतृत्व किया है। टंडन वर्तमान में राष्ट्रपति बाइडन और स्टाफ सेक्रेटरी के लिए वरिष्ठ सलाहकार के तौर पर सेवा दे रही हैं। उन्होंने बराक ओबामा और बिल क्लिंटन दोनों के प्रशासन में काम किया है। इसके अलावा उन्होंने राष्ट्रपति अभियान में हाथ बंटाने के अलावा कई थिंक टैंक के लिए सेवा दी है। वह सेंटर फॉर अमेरिकन प्रोग्रेस एवं सेंटर फॉर अमेरिकन प्रोग्रेस एक्शन फंड की अध्यक्ष एवं सीईओ (कार्यकारी अध्यक्ष) भी रही थीं।

## क्विक न्यूज

### ईरान ने वर्ष 2018 के सैन्य परेड हमला मामले में ईरानी-स्वीडिश नागरिक को मौत की सजा दी

**दुबई।** ईरान ने वर्ष 2018 में सैन्य परेड पर किए गए हमले के कथित मास्टरमाइंड व ईरान-स्वीडन की दोहरी नागरिकता धारण करने वाले फर्जुल्लाह चाब उर्फ हबीब असुद को शनिवार को फांसी की सजा दे दी। उक्त हमले में कम से 25 लोगों की मौत हुई थी और फर्जुल्लाह उन लोगों में शामिल था जिन्हें पश्चिम से तनाव होने पर तेहरान ने गिरफ्तार किया था। फर्जुल्लाह अरब संघर्ष आंदोलन लिबरेशन ऑफ अहवाज का कथित नेता था जिसे अरब अलगाववादी आंदोलन के तौर पर जाना जाता है। माना जाता है कि आंदोलन के दौरान ईरान के तेल संपन्न कुजेस्तान प्रांत में तेल की पाइपलाइनों और अन्य हमलों को अंजाम दिया गया। इसी समूह ने वर्ष 2018 के हमले के तुरंत बाद इसकी जिम्मेदारी ली थी। फर्जुल्लाह को फांसी तब दी गई है जब पिछले साल ही स्वीडन की अदालत ने वर्ष 1988 में इराक युद्ध के तुरंत बाद ईरान में बड़े पैमाने पर हुए नरसंहार के आरोपी एक ईरानी नागरिक को उम्र कैद की सजा सुनाई है, जिसपर तेहरान ने कड़ी प्रतिक्रिया दी थी।

### पाक सेना प्रमुख के परिवार से जुड़ी निजी जानकारी हासिल करने के मामले में आपराधिक कार्रवाई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी प्राधिकारियों ने सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के परिवार की निजी जानकारी हासिल करने के आरोप में छह अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक कार्वाई शुरू कर दी है। शनिवार को प्रकाशित एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक, नागरिकों के डेटा को संग्रहित करके राष्ट्रीय पहचान पत्र और पासपोर्ट जारी करने का काम करने वाली शीर्ष राष्ट्रीय संस्था राष्ट्रीय डेटाबेल एवं पंजीकरण प्राधिकरण (नाडारा) ने जांच के बाद अपने कर्मचारियों के खिलाफ कार्वाई की। एक आधिकारिक सूत्र ने द डॉन अखबार को बताया कि सेना प्रमुख के परिवार के सदस्यों की निजी जानकारी अवैध रूप से हासिल करने के मामले की चार अलग-अलग टीमों द्वारा जांच की गई, जिसके आधार पर नाडरा के छह कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया। सूत्र के अनुसार, जिन लोगों के इशारे पर सेना प्रमुख के परिवार के सदस्यों के निजी डेटा में सेंध लगाई गई, उनके खिलाफ भी कार्वाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि नाडरा के अध्यक्ष तारिक मलिक ने आरोपी कर्मचारियों के खिलाफ 23 दिसंबर 2022 और दो मार्च 2023 को जांच के आदेश दिए थे।

### संघर्ष रोकने के दबाव के बीच सूडानी पक्षों ने सऊदी अरब में वार्ता शुरू की

**असवान (मिस्र)।** सूडान में संघर्ष कर रहे दोनों पक्षों ने शनिवार से सऊदी अरब में बातचीत शुरू की, जिसका मकसद तीन सप्ताह की भीषण लड़ाई के बाद संघर्षविराम लागू करना है। अमेरिका और सऊदी अरब ने यह जानकारी दी। सूडान में 15 अप्रैल से सेना और अर्द्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के बीच लड़ाई जारी है, जिसमें सैकड़ों लोगों की मौत हुई है। अमेरिका और सऊदी अरब ने एक संयुक्त बयान में कहा कि सूडान में दोनों पक्षों में लड़ाई छिड़ने के बाद पहली बार सेना और अर्द्धसैन्य रैपिड सपोर्ट फोर्सेज या आरएसएफ के प्रतिनिधियों ने सऊदी अरब के तटीय शहर जेद्दा में वार्ता शुरू की है। वार्ता सऊदी अरब और अमेरिका द्वारा प्रस्तावित एक कूटनीतिक पहल का हिस्सा है और इसका उद्देश्य लड़ाई को रोकना है, जिसने सूडान की राजधानी खार्तूम और अन्य शहरी क्षेत्रों को युद्ध के मैदान में तब्दील कर दिया है। संयुक्त बयान में सऊदी अरब और अमेरिका ने दोनों पक्षों से संघर्ष विराम की दिशा में बातचीत में सक्रिय रूप से शामिल होने और संघर्ष को समाप्त करने का आग्रह किया, जो सूडानी लोगों की परेशानियों को दूर करेगा। हालांकि, बयान में वार्ता की समयसीमा को लेकर कोई जानकारी साझा नहीं की गई है। सूडान में 2021 के तख्तापलट के बाद से ही सऊदी अरब सत्तारूढ़ जनरलों और एक लोकतंत्र समर्थक आंदोलन के बीच मध्यस्थता का प्रयास कर रहा है। इस तख्तापलट ने देश में लोकतंत्र की प्रक्रिया को बाधित किया। सेना तथा आरएसएफ के अधिकारियों ने बताया कि वार्ता से खार्तूम तथा पड़ोसी ओम्दुर्मान शहर में मानवीय गलियारे खोलने पर बातचीत होगी जो इस संघर्ष के केंद्र रहे हैं।

### भारत बौद्ध धर्म के जरिए लोगों से लोगों के संपर्क को मजबूत करने का इच्छुक : तरणजीत सिंह संधू

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने बौद्ध धर्म को दुनिया के लिए भारत की सबसे बड़ी देन बताते हुए शुक्रवार को कहा कि नई दिल्ली इसके (बौद्ध धर्म के) जरिए आपसी संबंधों को प्रगाढ़ करने का इच्छुक है। तरणजीत सिंह संधू ने बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में यह बात कही। संधू ने कहा, बौद्ध धर्म 2,500 से अधिक वर्षों के इतिहास के साथ भारत की ओर से दुनिया के लिए सबसे बड़े उपहारों में से एक है। आज यह 100 से अधिक देशों में प्रचलित है। यह एक मजबूत एकीकृत कारक है। मैंने श्रीलंका में अपनी पिछली नियुक्तियों में देखा है कि हमारी साझा बौद्ध विरासत कितनी मजबूत है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार बौद्ध धर्म के साझा धागे से बुने गए लोगों से लोगों के बीच के संबंधों को प्रगाढ़ करने को लेकर उत्सुक है। इस कार्यक्रम में ग्रेटर वाशिंगटन डीसी क्षेत्र के प्रख्यात बौद्ध भिक्षुओं ने भाग लिया। संधू ने 2017 में अंतरराष्ट्रीय वेसाक दिवस के अवसर पर मोदी के श्रीलंका दौरे का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत और नेपाल में बुद्ध सर्किट का विकास, सारनाथ और कुशीनगर जैसे तीर्थस्थलों का कायाकल्प, कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन, लुम्बिनी में भारत अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्कृति एवं विरासत केंद्र और अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संघ भारत की ओर से किए गए प्रयासों के कुछ उदाहरण हैं। संधू ने कुछ अन्य उदाहरणों के रूप में बौद्ध मठों के निर्माण और नवीनीकरण के अलावा बौद्ध संस्कृति और विरासत के लिए अंतरराष्ट्रीय केंद्रों और संग्रहालयों की स्थापना के लिए संयुक्त परियोजनाओं के लिए पड़ोसी देशों और दक्षिण पूर्व एशिया को भारत की ओर से की गई सहायता का भी उल्लेख किया।

### सिंगापुर में भारतीय मूल के एक पूर्व अधिकारी को रिश्वत लेने के अपराध में जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर के चांगी हवाई अड्डा समूह (सीएजी) के एक पूर्व सहायक अधिकारी को अयोग्य कर्मचारियों को एयरसाइड ड्राइविंग परमिट (एडीपी) जारी करने के एवज में रिश्वत लेने के अपराध में शुक्रवार को तीन साल और दो महीने के कारावास की सजा सुनाई गई। द स्ट्रेट टाइम्स में प्रकाशित खबर से यह जानकारी सामने आई है। डीपी परमिट धारक को टैक्सीवे और रनवे को छोड़कर एयरसाइड के किसी भी हिस्से पर चुनिंदा वाहनों को चलाने की अनुमति देता है। एयरसाइड में पासपोर्ट और सीमा शुल्क नियंत्रण जोन को छोड़कर हवाई अड्डा टर्मिनल के बाकी सभी हिस्से आते है, जिनमें हैंगर और कार्गो लोडिंग क्षेत्र भी शामिल है। खबर के मुताबिक, प्रेमकुमार जयकुमार (42) छह अक्टूबर 2015 से 25 दिसंबर 2017 तक सीएजी में कार्यरत था। इस दौरान, उसने सीएजी के निदेशक डियॉन्ग याओ के करीबी कर्मचारियों को एडीपी जारी किए, यह जानते हुए भी कि उन्होंने जरूरी लिखित और प्रायोगिक परीक्षा पास नही की

### पाकिस्तान:प्रधान न्यायाधीश की सेवानिवृत्ति से पहले चुनाव कराने का इच्छुक नहीं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आम चुनाव जल्द कराने को लेकर विपक्ष के दबाव के बावजूद सत्ताधारी गठबंधन देश के मौजूदा प्रधान न्यायाधीश उमर अता बांदियाल की सेवानिवृत्ति से पहले चुनाव कराने के लिए तैयार नही है। एक मीडिया रिपोर्ट में शनिवार को यह जानकारी दी गई। न्यायमूर्ति बांदियाल (64) की सेवानिवृत्ति तिथि 16 सितंबर, 2023 है और उनकी जगह न्यायमूर्ति काजी फैज ईसा को प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किया जाना निर्धारित है जो कि शीर्ष अदालत के दूसरे सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश है। सत्तारूढ़ गठबंधन 16 सितंबर के बाद किसी समय चुनाव कराने की तिथि पर विचार कर रहा है। यह खबर सत्ताधारी पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) के जनकार सूत्र के हवाले से दी गई है। न्यायमूर्ति बांदियाल को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के प्रमुख और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का करीबी माना जाता है। इसलिए सत्ताधारी गठबंधन उनकी सेवानिवृत्ति तक चुनाव टालना चाहता है। अतीत में सत्तारूढ़ गठबंधन के कुछ नेताओं द्वारा दिए गए संकेत के विपरीत सूत्र ने संसद का कार्यकाल बढ़ाने से भी इनकार किया। सूत्र ने कहा, हम 13 अगस्त से आगे नही बढ़ेंगे।

### ब्रिटेनः राजशाही विरोधी समूह रिपब्लिक ने कई सदस्यों को गिरफ्तार किए जाने का दावा किया

**लंदन,।** राजशाही विरोधी समूह रिपब्लिक ने शनिवार को कहा कि उसके कई सदस्यों को गिरफ्तार किया गया, क्योंकि वे महाराजा चार्ल्स तृतीय के राज्याभिषेक का विरोध करने की तैयारी कर रहे थे। समूह ने वेस्टमिंस्टर एबे में महाराजा के जुलूस के दौरान हाथों में नॉट माय किंग की तख्तियां लेकर प्रदर्शन की योजना बनाई थी। समूह ने कहा कि पुलिस को प्रदर्शन के बारे में पहले ही सूचित कर दिया गया था। शनिवार की सुबह समूह के कई सदस्यों को ट्राफलगर स्क्वायर के पास रोक दिया गया और पुलिस वैन में ले जाया गया। हालांकि कुछ लोग मार्ग में विरोध प्रदर्शन करने में सफल रहे। कुछ प्रदर्शनकारी पीले कपड़े पहने हुए थे और महाराजा परजीवी और राजशाही को खत्म करो जैसे नारो के साथ तख्तियां लहराईं। पुलिस ने कहा है कि वे राज्याभिषेक से संबंधित कार्यक्रम में अवरोध पैदा करने वालों के खिलाफ कदम उठाएंगे। हालांकि, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को दबाने के प्रयास के लिए पुलिस की आलोचना भी हो रही है।

# चार्ल्स के मन में भारत के लिए गहरा लगाव

**● सभी धर्मों का सम्मान करने वाला महाराजा**

**भाषा।** लंदन

**महाराजा चार्ल्स** तृतीय की लंदन के वेस्टमिंस्टर एबे में शनिवार को ब्रिटेन के 40वें महाराजा के रूप में ताजपोशी की जाएगी। लंदन में चार्ल्स के भव्य राज्याभिषेक समारोह में उनके दृष्टिकोण की व्यापक झलक देखने को मिल रही है, जिसमें अधिक टिकाऊ जीवनशैली अपनाने की अहमियत, सभी धर्मों का सम्मान और भारत के लिए गहरा प्रेम शामिल है। 74 वर्षीय चार्ल्स पिछले साल सितंबर में अपनी मां महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन के बाद ही ब्रिटेन के नए महाराजा बन गए थे। हालांकि, शनिवार को कैंटरबरी के आर्कबिशप द्वारा एक धार्मिक अनुष्ठान के समापन के बाद हजारों लोगों की मौजूदगी में चार्ल्स की आधिकारिक तौर पर ताजपोशी की जाएगी। धार्मिक अनुष्ठान के अंत में हिंदू, सिख, मुस्लिम, बौद्ध और यहूदी समुदाय के प्रतिनिधि एक सुर में उनका अभिवादन करेंगे।

राज्याभिषेक समारोह में सिख समुदाय का प्रतिनिधित्व कर रहे भारतीय मूल के सांसद लॉर्ड इंदरजीत सिंह ने कहा, जब चार्ल्स वेल्स के राजकुमार थे, तब मेरी उनसे कई बार मुलाकात हुई थी और हमने कई विषयों पर खुलकर बात की थी। इस दौरान, उन्होंने बार-बार दोहराया कि अलग-अलग धर्म एक ही सीख देते हैं और उनका मकसद समाज को अच्छाई की तरफ ले जाना है। चार्ल्स का सभी धर्मों का सम्मान करने वाला दृष्टिकोण भारत और उसकी सदियों पुरानी योग एवं आयुर्वेद जैसी पद्धतियों के प्रति उनके गहरे लगाव से भी परिलक्षित होता है। पिछले कुछ दशकों में ब्रिटिश सिंहासन के उत्तराधिकारी के तौर पर चार्ल्स ने भारत की कई यात्राएं कीं। इस दौरान, उन्होंने ब्रिटिश एशियन ट्रस्ट के माध्यम से भारत में कई धर्मार्थ कार्य किए। चार्ल्स ने दक्षिण एशिया में गरीबी और अन्य समस्याओं से निपटने के लिए 2007 में ब्रिटिश एशियन ट्रस्ट की स्थापना की थी। चार्ल्स ने 2021 में भारत में



कोविड-19 के प्रकोप से निपटने के लिए एक आपातकालीन कोष की शुरुआत करते समय देश के प्रति अपने गहरे लगाव का जिक्र किया था। उन्होंने महामारी के प्रकोप के दौरान भारत के लिए करोड़ों डॉलर का चंदा जुटाने में मदद की थी। चार्ल्स ने तब कहा था, कई अन्य लोगों की तरह, मेरे मन में भी भारत के लिए बहुत प्यार है और मैंने देश की कई शानदार यात्राओं का भरपूर आनंद लिया है। इस अत्यंत मुश्किल समय में भारत को अन्य देशों की मदद की जरूरत है। जिस तरह भारत ने दूसरों की मदद की है, उसी तरह अब हमें भारत की मदद करनी चाहिए। कोविड-19 महामारी के दौरान चार्ल्स को योग के चिकित्सकीय और नैदानिक प्रभावों का एहसास हुआ था। मई 2021 में आयोजित वर्चुअल स्वास्थ्य सम्मेलन वेलनेस आफ्टर कोविड में उन्होंने योग को एक ऐसा सुलभ अभ्यास करार दिया था, जो तनाव से निपटने, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने में खासा मददगार साबित हो सकता है। चार्ल्स ने अप्रैल 2018 में लंदन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मेजबानी की थी, जो साइंस म्यूजियम में नए आयुर्वेदिक सेंटर फॉर एक्सिलेंस का उद्घाटन करने के लिए ब्रिटिश राजधानी पहुंचे थे। इस केंद्र की स्थापना का मकसद योग और आयुर्वेद पर साक्ष्य-आधारित शोध के लिए अपनी तरह का पहला वैश्विक नेटवर्क कायम करना है। बताया जाता है कि चार्ल्स की पत्नी कैमिला नियमित रूप से योग का अभ्यास करती हैं। चार्ल्स आखिरी बार नवंबर 2019 में भारत आए थे। इस दौरान, उन्होंने मुंबई में स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ अपना 71वां जन्मदिन मनाया था।इस हफ्ते की शुरुआत में आयोजित राज्याभिषेक-पूर्व भोज में चार्ल्स ने भारतीय मूल के सांसद लॉर्ड करण बिलिमोरिया से कहा था कि वह जल्द भारत का आधिकारिक दौरा करने को लेकर उत्सुक हैं।

### प्रधानमंत्री सुनक ने राज्याभिषेक समारोह में संदेश पढ़ा

**लंदन।** ऋषि सुनक ने शनिवार को लंदन के वेस्टमिंस्टर एबे में महाराज चार्ल्स तृतीय और महारानी कैमिला के राज्याभिषेक समारोह में भारतीय मूल के ब्रिटिश प्रधानमंत्री के रूप में संदेश पढ़कर इतिहास रच दिया। ब्रिटिश हिंदू नेता (42) ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्रियो द्वारा राजकीय अवसरो पर संदेश पढ़े जाने की परंपरा के मद्देनजर दूसरो की सेवा के विषय को दर्शाते हुए ईसाइयों की एक धार्मिक पुस्तक से संदेश पढ़ा। ब्रिटेन के ध्वज को रॉयल एयर फोर्स के एक कैडेट द्वारा एबे ले जाए जाने के दौरान सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति ने ध्वजवाहको के एक दल का नेतृत्व किया। अक्षता मूर्ति, इन्फोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति की बेटी है। सुनक ने ऐतिहासिक घटना की पूर्व संध्या पर एक बयान में कहा, एबे में, जहां लगभग एक हजार वर्षो से राजाओं की ताजपोशी होती रही है, हर धर्म के प्रतिनिधि पहली बार केंद्रीय भूमिका निभाएंगे। उन्होने कहा, महाराजा चार्ल्स तृतीय और महारानी कैमिला का राज्याभिषेक राष्ट्रीय गौरव का क्षण होगा। सुनक ने ट्वीट किया, ईश्वर महाराजा की रक्षा करें।

# साल 2,000 से अधिक प्रवासियों का अपहरण हुआ

**भाषा।** मेक्सिको सिटी

**मेक्सिको की सरकार** ने शुक्रवार को कहा कि पिछले साल मरानव तस्करी और मादक पदार्थ तस्कर गिरोहों ने 2,000 से अधिक प्रवासियों का अपहरण किया। अधिकारियों ने इस सप्ताह उत्तरी मेक्सिको में अपहृत 10 कोलंबियाई नागरिकों की तलाश के सफल अभियान को अंजाम दिया। मेक्सिको की राष्ट्रीय प्रवासी एजेंसी ने कहा कि प्राधिकारियों ने 2022 में विभिन्न गिरोहों द्वारा अपहरण किए गए अलग अलग देशों के 2,115 प्रवासी नागरिकों को मुक्त कराया। ऐसा प्रतीत होता है कि ए गिरोह मेक्सिको पार करने के लिए प्रवासियों से शुल्क वसूलते हैं और फिर फिरौती के लिए उनका अपहरण करते हैं। हाल के महीनों में मेक्सिको में बड़े पैमाने पर प्रवासियों के अपहरण की घटनाएं हुई हैं। सोनोरा के उत्तरी सीमावर्ती राज्य में अभियोजकों ने कहा कि शुक्रवार देर रात उन्होंने 10 कोलंबियाई लोगों को ढूंढ निकाला, जो एरिजोना से सीमा के पास सैन लुइस रियो कोलोराडो के सीमावर्ती शहर में मंगलवार को लापता हो गए थे। लापता कोलंबियाई नागरिकों में से एक के एक रिश्तेदार ने कहा कि अपहरणकर्ताओं ने अमेरिका में उनके रिश्तेदारों से हजारों डॉलर मांगने के लिए फोन किया था।

# प्रवासी भारतीयों को अपने देश के बारे में निराधार आख्यानों का विरोध करना चाहिए : धनखड़

**भाषा।** लंदन

**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को यहां कहा कि भारत को अपने 3.2 करोड़ विश्वव्यापी प्रवासियों पर गर्व है और इन्हें अपने राजदूतों के रूप में राष्ट्र के बारे में निराधार आख्यानों का विरोध करना जारी रखना चाहिए। लंदन में वेस्टमिंस्टर एब्बे में महाराजा चार्ल्स तृतीय के राज्याभिषेक में भाग लेने दो-दिवसीय यात्रा पर ब्रिटेन गए धनखड़ ने अपने संबोधन में भारत द्वारा किए जा रहे महान विकास कार्यों और इसकी सफलता की कहानी बयां की तथा कहा कि भारत के लोकतंत्र की कोई सानी नहीं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के अमृत काल की उपलब्धियों के बारे में बात की और भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष की अवधि को चिह्नित किया तथा भारत के दशक के अंत तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के सरकार के लक्ष्य पर प्रकाश डाला। धनखड़ ने कहा, भारत के लिए गौरव का क्षण आ गया है और वह क्षण जमीनी हकीकत से परिलक्षित हो रहा है। दुनिया इसे पहचान रही है। उन्होंने लोगों से कहा, आप में से प्रत्एक को भारत का पल-पल का राजदूत बनना होगा। भारत अब विश्व के लिए विनिर्माण गतिविधि का केंद्र है। इसलिए मैं आप सभी से अनुरोध करूंगा कि देश के विकास में योगदान दें, इसकी प्रतिष्ठा में वृद्धि करें और यह सुनिश्चित करें कि सार्वजनिक क्षेत्र में गलत और निराधार आख्यान को तरजीह न मिले।



### राज्याभिषेक समारोह में शामिल हुए धनखड़

**लंदन।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और उनकी पत्नी डॉ सुदेश धनखड़ ने यहां शनिवार को वेस्टमिंस्टर एबे मे ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय के ऐतिहासिक राज्याभिषेक समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व किया। धनखड़ और उनकी पत्नी समारोह मे राष्ट्रमंडल देशो के अन्य राष्ट्राध्यक्षो के साथ बैठे। समारोह मे शामिल होने के लिए शुक्रवार को यहां पहुंचने के शीघ्र बाद धनखड़ ने एक स्वागत कार्यक्रम मे महाराजा चार्ल्स तृतीय से मुलाकात की थी।

# नेपाल के शीर्ष नेताओं ने प्रचंड से विश्वासमत हासिल करने का अनुरोध किया

**भाषा।** काठमांडू,

**नेपाल के** शीर्ष राजनेताओं ने शनिवार को कहा कि सत्ताधारी गठबंधन की एक पार्टी के सरकार से समर्थन वापस ले लेने पर प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड को प्रतिनिधि सभा में एक बार फिर विश्वास मत हासिल करने की जरूरत है। सीपीएन-माओवादी सेंटर के मुख्य सचेतक हितराज पांडेय ने कहा कि सत्ताधारी गठबंधन के शीर्ष नेताओं द्वारा यह निर्णय बालुवातार स्थित प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास में हुई बैठक में लिया गया। इस बैठक में पांच दलों के गठबंधन के शीर्ष नेताओं ने हिस्सा लिया जिसमें प्रचंड के अलावा नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा, सीपीएन-यूनीफाइड सोशलिस्ट के अध्यक्ष माधव कुमार नेपाल और जनता समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष उपेंद्र यादव शामिल हैं। पांडेय ने पीटीआई-भाषा को बताया कि रवि लामिछाने के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी द्वारा सरकार से समर्थन वापस लेने के बावजूद प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार के पास 275 सदस्ईय प्रतिनिधि सभा में पर्याप्त बहुमत है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री को प्रतिनिधि सभा में फिर से विश्वासमत हासिल करने की जरूरत है। सत्ता के बंटवारे को लेकर प्रचंड के साथ वार्ता के विफल होने पर राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने शुक्रवार को सरकार से समर्थन वापस ले लिया और आरोप लगाया कि प्रचंड सरकार भ्रष्टाचार को दूर करने में नाकाम रही।

# मध्य जापान में जोरदार भूकंप, एक की मौत, 20 से ज्यादा घायल

**भाषा।** तोक्यो

*मध्य जापान* में शुक्रवार दोपहर को जोरदार भूकंप आया, जिसमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और 20 से अधिक लोग घायल हो गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने कहा कि जापान के मुख्य द्वीप होन्शू के पश्चिमी तट पर इशिकावा प्रांत में 6.2 तीव्रता का भूकंप आया। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने भूकंप की तीव्रता 6.5 मापी और कहा कि यह लगभग 12 किलोमीटर की गहराई पर केंद्रित था। भूकंप के बाद से अब तक इसके 50 से अधिक झटके महसूस किए गए हैं, जिनमें से एक शुक्रवार की रात को आया 5.8 तीव्रता का भूकंप भी था। इशिकावा प्रांत में नोटो प्रायद्वीप के उत्तरी सिरे पर स्थित सुजु शहर में सबसे अधिक हताहतों और नुकसान की सूचना है। वहां सीढ़ी से गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गई और प्रांत में 22 अन्य के घायल होने की सूचना है, जिनमें से दो गंभीर रूप से घायल हो गए तथा बाकी को मामूली चोटें आई हैं। प्रांत के आपदा प्रबंधन विभाग के मुताबिक, करीब 100 निवासियों ने शुक्रवार रात आश्रय केंद्रों में शरण ली। दमकल एवं आपदा प्रबंधन एजेंसी के अनुसार, टोयामा के पड़ोसी प्रांत में एक व्यक्ति के घायल होने की सूचना है। इस दौरान कई घर भी क्षतिग्रस्त हो गए। शनिवार शाम को बारिश होने का भी पूर्वानुमान है। लोक प्रसारक टेलीविजन एनएचके द्वारा प्रसारित एक वीडियो में एक पर्वतीय क्षेत्र का हिस्सा टूटकर एक घर पर गिरता दिखाई दे रहा है। टेलीविजन द्वारा प्रसारित किए गए एक और वीडियो में लगभग आधे मिनट तक एक कमरा हिलता नजर आ रहा है। शुक्रवार की रात अफ्रीका और सिंगापुर की यात्रा से लौटे प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने भूकंप पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त की और निवासियों से संभावित भूकंप के बाद के झटकों को लेकर सावधानी बरतने का अनुरोध किया। ईस्ट जापान रेलवे कंपनी ने कहा कि इशिकावा प्रांत में टोक्यो और कानाज़ावा को जोड़ने वाली बुलेट ट्रेनों को सुरक्षा जांच के लिए अस्थाई रूप से रोक दिया गया था, लेकिन कुछ देरी के साथ सामान्य परिचालन फिर से शुरू हो गया। परमाणु नियमन प्राधिकरण के अनुसार, क्षेत्र में परमाणु ऊर्जा संयंत्रों में कोई गड़बड़ी नहीं थी।



**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I, Ranbir Singh, S/o Shri Akhe Ram, Cont. 98175 57482, Email: ranbirsingh kadian2@gmail.com, R/o. B-3/82, Sec-6, Rohini, Delhi, has applied for the conversion of aforesaid property. The documents like original Allotment Letter, DDA Possession Letter, Site Possession Letter, Building Plan with Sanction Letter, issued by DDA & all Bank Challan, of aforesaid property have been lost. An F.I.R to this effect has been lodged in police station on dated 26/03/2023. Any person(s) claiming any right, having any objection or found in possession of original document may write/contact with above named person at above address within 15 days from the date of publication of this notice & can personally contact- Deputy Director (LAB Rohini) C-block , 3rd floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I, Deepa, W/o Late Shri Anup Kumar, Cont. 9868383914, Email: deepa411960@gmail.com, R/o. House No 133, Block-F, Pocket-17, Sector-08 Rohini Delhi-110085, has applied for the conversion of aforesaid property. The documents like original Unregistered Conveyance Deed Papers alongwith Covering Letter executed by DDA in favour of my husband Late Shri Anup Kumar, issued by DDA, of aforesaid property have been lost. An F.I.R to this effect has been lodged in police station on dated 23/03/2023. Any person(s) claiming any right, having any objection or found in possession of original document may write/contact with above named person at above address within 15 days from the date of publication of this notice & can personally contact- Deputy Director (LAB Rohini) C-block , 3rd floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I, Chitra Bhattacharjee, S/o Shri Dilip Kumar Bhattarcharjee, Cont. 7206484757, Email: chitrabhattacharjee7206484757@gmail.com, R/o. A-46/2, Floor Block South Delhi-110019 hasve lost the documents like original General Power Attorney, Agreement to Sale in duly registered by S.R. office related documents of property No. 381, BLK-C, Pocket-6, Sector-34, Rohini, Delhi. An F.I.R to this effect has been lodged in police station on dated 24/04/2023. Any person(s) claiming any right, having any objection or found in possession of original document may write/contact with above named person at above address within 15 days from the date of publication of this notice & can personally contact- Deputy Director (LAB Rohini) C-block , 3rd floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.

# सहयोग से स्वस्थ समाज का निर्माण संभव : मुर्मू

भाषा। बारीपदा



**राष्ट्रपति द्रौपदी** मुर्मू ने शनिवार को कहा कि उदारता और सहयोग से एक स्वस्थ समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे वंचितों का हाथ थामकर जीवन में आगे बढ़ने में उनकी मदद करें।

राष्ट्रपति ने कहा कि छात्रों को केवल अपने सुख और हित के बारे में नहीं, बल्कि समाज और देश के कल्याण के बारे में भी सोचना चाहिए। मुर्मू ने यहां महाराजा श्रीराम चंद्र भांजा देव विश्वविद्यालय के 12वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा,सहयोग जीवन का एक सुंदर पक्ष है जिसका छात्रों को अनुसरण करना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा, लोगों में प्रतिस्पर्धा की भावना स्वाभाविक है... यह जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा है... जीवन में आगे बढ़ते हुए जब आप पीछे मुड़कर देखेंगे तो पाएंगे कि समाज के कुछ लोग उनका मुकाबला करने के काबिल नहीं हैं। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे वंचित लोगों का हाथ थामकर आगे बढ़ने में उनकी मदद करें। मुर्मू ने कहा कि छात्रों को हमेशा प्रत्येक प्रतियोगिता में सफल होने के लिए प्रयास करते रहना चाहिए और इसके लिए उन्हें बेहतर कौशल प्राप्त करते रहना चाहिए तथा अधिक दक्षता की ओर बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा, वे (विद्यार्थी) अपनी इच्छा शक्ति से असंभव को संभव में बदल सकते हैं। मुर्मू अपने गृह जिले ओडिशा के मयूरभंज दौरे के तीसरे और आखिरी दिन दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। छात्रों को संबोधित करने से पहले, मुर्मू ने आदिवासी समूहों के प्रतिनिधिमंडलों से विश्वविद्यालय परिसर में मुलाकात की। उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवन में एक सतत प्रक्रिया है और केवल डिग्री हासिल करने का मतलब यह नहीं है कि यह पूरी हो गई है। मुर्मू ने कहा कि स्नातक होने के बाद कुछ छात्र नौकरी करेंगे और कुछ व्यवसाय करेंगे, जबकि अन्य अनुसंधान में शामिल हो सकते हैं, लेकिन नौकरी देने के बारे में सोचना नौकरी करने के बारे में सोचने से बेहतर है। राष्ट्रपति ने विश्वविद्यालय द्वारा एक इंक्यूबेशन सेंटर स्थापित किए जाने और अपने छात्रों, पूर्व छात्रों तथा आम लोगों को स्टार्ट-अप स्थापित करने के लिए सहायता प्रदान किए जाने पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने आदिवासी प्रथाओं और सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित करने के उद्देश्य से अपने परिसर में पवित्र वृक्षवाटिका स्थापित करने के लिए संस्थान की सराहना की। पर्यावरण और स्थानीय जैव विविधता के संरक्षण के लिए पवित्र वृक्षवाटिका महत्वपूर्ण है। यह प्राकृतिक संसाधनों के समुदाय आधारित प्रबंधन का भी एक सर्वोत्तम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि दुनिया ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन की बड़ी चुनौतियों का सामना कर रही है तथा भारत ने प्रकृति के अनुकूल पर्यावरण के लिए जीवन शैली को अपनाने में एक मिसाल कायम की है। मुर्मू ने कहा, हमारी परंपरा में यह माना जाता है कि पेड़, पौधे, पहाड़, नदियों में जीवन होता है। मनुष्य ही नहीं सभी जीव प्रकृति की संतान हैं। इसलिए, यह सभी मनुष्यों का कर्तव्य है कि वे प्रकृति के साथ सद्भाव से रहें।

# प्लीज पापा वापस आ जाओ...

## ● राजौरी विस्फोट में शहीद हुए बलिदानी की बेटी की पुकार

भाषा। दलपत (जम्मू-कश्मीर)



**दस** साल की पवना चिब अपने पिता के चेहरे को छूने के लिए हाथ फैलाते हुए रो पड़ी और कहने लगी, आप उठ क्यों नहीं रहे? मुझे कुछ नहीं चाहिए पापा। प्लीज वापस आ जाओ। पवना के पिता पैराट्रूपर नीलम सिंह शनिवार को उसके सामने एक ताबूत में लेटे थे। पास में खड़ी पवना की मां वंदना अपने पति के निर्जीव चेहरे को लगातार देख रही थी और उसे विश्वास ही नहीं हो रहा था कि उसके पति दुनिया को छोड़कर जा चुके हैं। पैराट्रूपर का सात साल का बेटा अंकित भी गमगीन था।

सिंह उन पांच सैनिकों में शामिल थे जो शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के घने जंगलों वाले कंडी क्षेत्र में आतंकवादियों द्वारा किए गए विस्फोट में शहीद हो गए। आतंकवादियों के सफाए के लिए क्षेत्र में सेना का अभियान अब भी जारी है।

जैसे ही सिंह का पार्थिव शरीर तिरंगे में लिपटे ताबूत में उनके दलपत-चक कृपालपुर गांव पहुंचा, तो लोगों की आंखों से आंसू निकल पड़े लेकिन उनके चेहरों पर सैनिक के बलिदान से उत्पन्न गर्व की अनुभूति साफ दिखी। सैकड़ों की संख्या में लोग धरती के वीर सपूत की एक झलक पाने की कोशिश करते दिखे।

शहीद के पार्थिव शरीर को जम्मू स्थित वायुसेना स्टेशन से एक काफिले में लाया गया, जहां उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और सेना की उत्तरी कोर के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी, सेना, पुलिस और प्रशासन के अन्य शीर्ष अधिकारियों ने वीरगति को प्राप्त हुए जवान को पुष्पांजलि अर्पित की।

वंदना ने जैसे ही अपने पति को अंतिम बार प्रणाम किया, नीलम सिंह अमर रहे के नारों से पूरा गांव गूंज उठा। सिंह का पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### एयर इंडिया के विमान में महिला यात्री को बिच्छू ने काटा

**नई दिल्ली।** पिछले महीने नागपुर से मुंबई जा रही एयर इंडिया की उड़ान में एक महिला यात्री को बिच्छू ने काट लिया था। एयरलाइन ने शनिवार को एक बयान में कहा कि हवाईअड्डे पर उतरने के बाद यात्री को एक डॉक्टर ने देखा और बाद में अस्पताल में इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। एयर इंडिया ने कहा, हमारी उड़ान संख्या एआई-630 पर 23 अप्रैल, 2023 को एक यात्री को बिच्छू के काटने की अत्यंत दुर्लभ और दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना हुई थी। एयरलाइन के अनुसार इसके बाद प्रोटोकॉल का पालन किया गया और विमान का पूरा निरीक्षण करने पर बिच्छू पाया गया। इसके बाद कीट नियंत्रण की उचित प्रक्रिया की गई। एयर इंडिया के एक अधिकारी ने कहा कि इस घटना के बाद एयर इंडिया ने कैटरिंग विभाग से धुलाई सेवा मुहैया कराने वालों को यह सलाह देने को कहा कि वे इस बात की जांच करें कि कहीं उनके यहां कीट तो नहीं फैल रहे और यदि जरूरी हो तो कीट नियंत्रण करें। इससे पहले भी विमान में सरीसृप पाए जाने के मामले सामने आए हैं। पिछले साल दिसंबर में दुबई हवाईअड्डे पर उतरने के बाद एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक विमान में एक सांप मिला था।

### हिमाचल के बिलासपुर में खनन से 62 जलापूर्ति योजनाएं प्रभावित

**बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश)।** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में वैध और अवैध खनन गतिविधियों के कारण कुल 278 पेयजल आपूर्ति योजनाओं में से 62 प्रभावित हुई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक विभिन्न इलाकों से पानी की कमी की खबरें आनी शुरू हो गई है। जिले में खनन गतिविधियों के कारण छोटे कुओं में जल स्तर लगभग डेढ़ मीटर तक नीचे चला गया है। घरों में पानी की आपूर्ति करने के लिए मोटरों का उपयोग करके इन छोटे कुओं में पानी जमा किया जाता है। यहां रहने वाले लोगों ने इस बात की आशंका जताई है कि आगामी गर्मियों के मौसम में पानी की कमी हो सकती है। बिलासपुर के जल शक्ति विभाग ने चेकडैम (लघु बांध) बनाकर जल स्तर बहाल करने के लिए एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की है और इसे उच्च अधिकारियों को भेजा है। इस प्रस्ताव को उपायुक्त बिलासपुर की अध्यक्षता वाली जिला स्तरीय समिति द्वारा अनुमोदित कर राज्य स्तरीय समिति को स्वीकृति हेतु भेजा गया है। अधिकारियों ने कहा कि राज्य सरकार की मंजूरी मिलते ही इस प्रस्ताव को जल जीवन मिशन को फंडिंग के लिए भेजा जाएगा। जलापूर्ति योजना के तहत खुद और नदी घाटों से पानी उठाकर छोटे कुओं (गड्ढों जैसी संरचना) में जमा किया जाता है। फिर इसे शोधित कर पाइप के जरिए इसकी आपूर्ति की जाती है। अधिकारियों ने कहा कि पानी का स्तर नीचे जा रहा है, पाइप पानी नहीं उठा पा रहे हैं, जिससे आपूर्ति प्रभावित हो रही है।

# मुख्यमंत्री चौहान ने मध्य प्रदेश में द केरला स्टोरी को कर मुक्त करने की घोषणा की

भाषा। भोपाल



**मध्य** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को राज्य में द केरला स्टोरी को कर मुक्त करने की घोषणा की है। एक दिन पहले ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्नाटक में एक रैली के दौरान कांग्रेस पर हमला करने के लिए इस फिल्म का इस्तेमाल किया था और फिल्म को आतंकवादी साजिशों को सामने लाने का श्रेय दिया था। चौहान ने कहा, हम मध्य प्रदेश में धर्म परिवर्तन के खिलाफ पहले ही कानून बना चुके हैं। चूंकि यह फिल्म जागरूकता पैदा करती है, इसलिए सभी को यह फिल्म देखनी चाहिए। माता-पिता, बच्चों और बेटियों को इसे देखना चाहिए। इसलिए मध्य प्रदेश सरकार फिल्म द केरला स्टोरी को कर मुक्त करने जा रही है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि यह फिल्म लव जिहाद , धर्म परिवर्तन और आतंकवाद की साजिशों और उसके घृणित चेहरे को उजागर करती है। लव जिहाद एक ऐसा शब्द है जिसका इस्तेमाल अक्सर दक्षिणपंथी कार्यकर्ता मुस्लिम पुरुषों पर शादी करके हिंदू महिलाओं को धर्म परिवर्तन कराने का आरोप लगाने के लिए करते हैं। चौहान ने कहा कि यह फिल्म बताती है कि कैसे क्षणिक भावुकता के कारण लव जिहाद के जाल में फंसकर बेटियां अपनी जिंदगी बर्बाद कर लेती हैं। उन्होंने कहा, यह फिल्म आतंकवाद के विभिन्न रूपों को भी उजागर करती है। चुनावी राज्य कर्नाटक के बेल्लारी में एक रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को कहा, देश का इतना खूबसूरत राज्य, जहां के लोग मेहनती और प्रतिभाशाली हैं। द केरला स्टोरी फिल्म उस राज्य में हो रही आतंकी साजिशों को सामने लाती है। उन्होंने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश को बर्बाद करने की कोशिश कर रहे इस आतंकी प्रवृत्ति के साथ कांग्रेस को खड़ा देखा जा सकता है। कांग्रेस आतंकी झुकाव वाले लोगों के साथ पिछले दरवाजे से राजनीतिक सौदेबाजी में भी लिप्त है। कर्नाटक के लोगों को कांग्रेस से सावधान रहना चाहिए।

# खरगे को विहिप का नोटिस भेजा

## ● बजरंग दल के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी का मामला

भाषा। नई दिल्ली

**विश्व** हिंदू परिषद (विहिप) ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर अपनी पार्टी के कर्नाटक चुनाव घोषणापत्र में बजरंग दल के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए उन्हें कानूनी नोटिस जारी किया है। साथ ही 100 करोड़ रुपए का हर्जाना मांगा है। विहिप की चंडीगढ़ इकाई और उसकी युवा शाखा बजरंग दल ने चार मई को नोटिस जारी कर 14 दिनों के भीतर हर्जाने की मांग की है। इस संबंध में भेजे गए प्रश्नों पर कांग्रेस की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अपने चुनावी घोषणापत्र में कांग्रेस ने कहा कि वह जाति और धर्म के नाम पर समुदायों में नफरत फैलाने वाले व्यक्तियों और संगठनों जैसे बजरंग दल और पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के खिलाफ ठोस और निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। पार्टी ने वादा किया कि कार्रवाई में ऐसे संगठनों के खिलाफ प्रतिबंध शामिल होगा। विहिप के वकील और इसके कानूनी प्रकोष्ठ के सह-प्रमुख साहिल बंसल ने खरगे को भेजे कानूनी नोटिस में आरोप लगाया, आपने घोषणापत्र के पृष्ठ-10 में विश्व हिंदू परिषद के सहयोगी संगठन बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा करके और उसकी तुलना प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया और इसी तरह के आतंकवादी संगठन स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) से करने के लिए मानहानिकारक बयान दिए। बंसल ने कहा कि बजरंग दल पूरी तरह से धर्म और मानव जाति की सेवा के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा, अपमानजनक बयान के कारण मेरे मुवक्किल की प्रतिष्ठा को पहुंचे नुकसान की भरपाई के लिए हर्जाना दिया जाए।

## क्विक न्यूज

### केरल में सड़कों पर कैमरा लगाने की परियोजना में 100 करोड़ का घोटाला हुआ : कांग्रेस

**कोच्चि (केरल)।** केरल में पिनराई विजयन सरकार पर हमला तेज करते हुए विपक्षी दल कांग्रेस ने शनिवार को आरोप लगाया कि सरकार की हाल में शुरू सुरक्षित केरल परियोजना के तहत राज्य की सड़कों पर एआई कैमरा लगाने में 100 करोड़ रुपए तक का भ्रष्टाचार हुआ है। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीशन ने वाम सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के एक करीबी रिश्तेदार ने उन कंपनियों के संघ की पहली बैठक में भाग लिया था जिन्हें इस परियोजना को अमल में लाने का ठेका दिया गया। सतीशन ने कहा, मुख्यमंत्री के रिश्तेदार ने बैठक में काफी बात की थी। उन्होंने तब कहा था कि यह एक महत्वाकांक्षी परियोजना है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर राज्य में यह परियोजना पूरी हो जाती है तो इसे अन्य राज्यों में भी लागू किया जा सकता है। आरोपों को साबित करने के लिए विपक्ष को सबूत दिखाने के लिए कहने वाले उद्योग मंत्री पी राजीव की आलोचना करते हुए सतीशन ने कहा कि वह घोटाले की जांच की घोषणा होने पर जांच एजेंसियों को दस्तावेजी सबूत सौंपने के लिए तैयार हैं। सतीशन ने मीडिया को कैमरा लगाने, नियंत्रण कक्ष स्थापित करने तथा उसके सालाना देखरेख का जिम्मा संभालने वाली निजी कंपनी को दिए कथित वित्तीय प्रस्ताव की जानकारियां भी जारी की। उन्होंने आरोप लगाया कि यह साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत है कि परियोजना में 100 करोड़ रुपए का भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष यह आरोप नही लगा रहा है कि उद्योग मंत्री तथा विभागीय सचिव इस घोटाले में शामिल थे लेकिन दोनों को भ्रष्टाचार की जानकारी थी और उन्होंने इसे छिपाया। इस बीच, परिवहन मंत्री एंटनी राजू ने मामले में मुख्यमंत्री का बचाव किया और कहा कि लोगों को पता चल जाएगा कि विपक्ष द्वारा लगाए आरोप निराधार हैं।

### समलैंगिकता एक विकार, सर्वेक्षण का निष्कर्ष

**नई दिल्ली।** कई चिकित्सक और संबद्ध चिकित्सा पेशेवर समलैंगिकता को एक विकार मानते है, जो समलैंगिक शादियों को कानूनी मान्यता देने की सूरत मे समाज में और बढ़ेगा। यह दावा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की महिला शाखा से संबद्ध संगठन संवर्धिनी न्यास के सर्वेक्षण में किया गया है। आरएसएस के समानांतर महिला संगठन राष्ट्र सेविका समिति की एक वरिष्ठ कार्यकर्ता ने कहा कि सर्वेक्षण के निष्कर्ष देशभर के चिकित्सा पेशेवरों से मिली 318 प्रतिक्रियाओ पर आधारित है, जिनमे आधुनिक विज्ञान से लेकर आयुर्वेद तक, आठ अलग-अलग उपचार पद्धतियों के चिकित्सा पेशेवर शामिल है। संवर्धिनी न्यास के मुताबिक, सर्वेक्षण में शामिल 70 फीसदी चिकित्सक और संबद्ध चिकित्सा पेशेवरों ने समलैंगिकता को एक विकार बताया, जबकि 83 प्रतिशत ने समलैंगिक संबंधों में यौन रोगों के संचरण की अधिक आशंका होने की पुष्टि की। संगठन के अनुसार, सर्वेक्षण में हिस्सा लेने वाले चिकित्सा पेशेवरों ने कहा कि समलैंगिक शादियों को कानूनी मान्यता देने का फैसला मरीजो को ठीक करने और उन्हे सामान्य स्थिति मे लाने के बजाय समाज में इस विकार को और बढ़ावा दे सकता है। न्यास ने कहा, सर्वेक्षण के नतीजे दर्शाते है कि इस तरह के मनोवैज्ञानिक विकार से जूझ रहे मरीजों को ठीक करने के लिए काउंसलिंग बेहतर विकल्प है। सर्वेक्षण मे समलैंगिक शादियों को कानूनी मान्यता देने की मांग पर कोई भी निर्णय लेने से पहले जनता की राय जानने का सुझाव दिया गया है। न्यास के मुताबिक, सर्वेक्षण मे शामिल 67 फीसदी चिकित्सकों ने कहा है कि उन्हे लगता है कि समलैंगिक माता-पिता बच्चो की अच्छी परवरिश नही कर पाएंगे।

### संघ का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम कल से नागपुर में

**नागपुर(महाराष्ट्र)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के देशभर से चुने गए कार्यकर्ता यहां हेडगेवार स्मृति मंदिर में आठ मई से शुरू हो रहे 25-दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेगे। संगठन के एक पदाधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोमवार से शुरू हो रहे संघ शिक्षा वर्ग-तृतीय वर्ष के लिए विभिन्न राज्यो से आरएसएस के स्वयंसेवकों का चयन किया गया है। पदाधिकारी ने बताया कि वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम दो जून को संपन्न होगा। हेडगेवार स्मृति मंदिर एक स्मारक है, जो रश्मिबाग इलाके मे स्थित है। यह स्मारक संघ के प्रथम दो नेता बी हेडगेवार और एम. एस. गोलवलकर के लिए समर्पित है।

### उत्तराखंड में जनसंख्या नियंत्रण के लिए कानून जरूरी

**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)की उत्तराखंड इकाई के अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने प्रदेश के लिए जनसंख्या नियंत्रण कानून को जरूरी बताते हुए शनिवार को कहा कि पार्टी शीघ्र ही इस विषय पर सरकार के साथ मंत्रणा करेगी। यहां संवाददाताओ से बातचीत मे भट्ट ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण का विषय हम सबके सामने है और इस पर प्रदेश भर मे चर्चा हो रही है। उन्होने कहा कि भाजपा देवभूमि की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं धार्मिक पहचान को लेकर प्रतिबद्ध है और राज्य मे जनसांख्यिकीय परिवर्तन रोकने और जनसंख्या नियंत्रण के लिए कानून को जरूरी मानती है। भट्ट ने कहा कि पार्टी शीघ्र ही सरकार के साथ इस विषय पर मंत्रणा करेगी। उन्होने कहा कि प्रदेश की पुष्कर सिंह धामी सरकार देश का सबसे सख्त धर्मांतरण कानून लाई जबकि समान नागरिक संहिता कानून का मसौदा अपने अंतिम चरण मे है। उन्होने कहा कि भूमि जिहाद के खिलाफ सख्त भू कानून भी शीघ्र लाया जाएगा। भट्ट ने कहा कि धामी सरकार द्वारा लिए गए निर्णय देश भर मे सराहे जा रहे है। एक अन्य सवाल के जवाब में भट्ट ने कहा कि मंत्रिमंडल विस्तार या दायित्व वितरण पर कर्नाटक विधानसभा चुनाव के बाद चर्चा की जाएगी। उन्होने कहा कि संगठन से जुड़े तमाम विषयो जैसे मंत्रिमंडल विस्तार, दायित्व वितरण या बागेश्वर उपचुनाव, सब पर कर्नाटक विधानसभा चुनावों के बाद चर्चा होगी। गौरतलब है कि पिछले माह बागेश्वर से भाजपा विधायक और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री चंदन रामदास के निधन से रिक्त हुई सीट पर उपचुनाव होना है।

### युवाओं का रखेंगे ध्यान

**नई दिल्ली।** हिप-हॉप रॉयल्टी एवं चार्ट-टॉपिंग रैपर, किंग ने कैम्पस ओजी कलेक्शन के लॉन्च के लिए जाने-माने फुटवियर ब्राण्ड कैम्पस एक्टिववियर लिमिटेड के साथ हाथ मिलाया है। कैम्पस का नया ओजी जिसे खासतौर पर युवाओं को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। यह साझेदारी म्युजिक और फैशन का बेहतरीन संयोजन है, जो किंग को आइकोनिक स्टाइल एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति के साथ कैम्पस एक्टिववियर के आधुनिक एवं ट्रेंडी फुटवियर्स को दर्शाता है। इस साझेदारी के बारे में बात करते हुए निखिल अग्रवाल, सीईओ, कैम्पस एक्टिववियर लिमिटेड ने कहा, ''हमारे नए कैम्पस ओजी कलेक्शन के लिए फैशन और हिप हॉप आइकन किंग के साथ साझेदारी करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। यह सिर्फ फैशन की नहीं बल्कि अपने विचारों की अभिव्यक्ति का भी शक्तिशाली माध्यम है, जिसके साथ आप अपने व्यक्तित्व को दर्शा सकते हैं और आत्मविश्वास के साथ चमक सकते हैं।

### फरीदाबाद में व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या

फरीदाबाद । हरियाणा के फरीदाबाद स्थित सेक्टर-12 में एक व्यक्ति की कथित तौर पर पीट-पीट कर हत्या करने के आरोप में चार लोगो को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार देर रात को एडेल्को मॉल इलाके मे चारो आरोपियो की दो लोगो से झगड़ा हुआ। पुलिस के मुताबिक साहिल और अरमान की पिटाई करने के बाद पप्पू, शिव, राजू और बाबूलाल मौके से फरार हो गए। सहायक पुलिस आयुक्त (मध्य) सत्यपाल सिंह ने बताया कि दोनो घायलों को उनके परिवार के सदस्य अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने साहिल को मृत घोषित कर दिया जबकि अरमान का इलाज किया जा रहा है।

# विपक्ष को साथ लाने के लिए न्यूनतम साझा कार्यक्रम तैयार करेंगे: पवार

**बारामती ( महाराष्ट्र )।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) अध्यक्ष शरद पवार ने शनिवार को यहां कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले विपक्ष का एक साझा न्यूनतम कार्यक्रम तैयार किया जाएगा। राकांपा का अध्यक्ष पद छोड़ने का फैसला वापस लेने के एक दिन बाद पुणे जिले स्थित अपने गृहनगर बारामती पहुंचे पवार ने कहा कि वह विपक्षी दलों को एकसाथ लाने में भूमिका निभाएंगे। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, अगले 10-11 महीनों में कई जगहों पर चुनाव होंगे...नीतीश कुमार, अरविंद केजरीवाल, चंद्रशेखर राव, ममता बनर्जी जैसे नेता विपक्ष को एकजुट करने की कोशिश कर रहे हैं। पवार ने कहा, मैं न्यूनतम साझा कार्यक्रम बनाकर विपक्ष को साथ लाने में भागीदारी करूंगा। राकांपा के वरिष्ठ नेता एवं उनके भतीजे अजित पवार की योजनाओं संबंधी अटकलों के बारे में पूछे जाने पर पवार ने कहा, अजित पवार को लेकर भ्रम का माहौल बनाया जा रहा है। ऐसी चर्चा थी कि वह भाजपा में शामिल होंगे, लेकिन क्या कुछ हुआ? राकांपा प्रमुख ने कहा कि अजित पवार ऐसे व्यक्ति हैं जो जमीन पर काम करना पसंद करते हैं और उनके बारे में अटकलों में कोई सच्चाई नहीं है। इससे पहले पवार के यहां पहुंचने पर राकांपा के स्थानीय पदाधिकारियों ने पवार का स्वागत किया। इस बीच पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके समर्थन में नारेबाजी की। पार्टी सूत्रों ने बताया कि सोलापुर जाने से पहले पवार स्थानीय राकांपा नेताओं और कार्यकर्ताओं से मिलेंगे। पवार ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के बढ़ते दबाव के बाद शुक्रवार को राकांपा अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने का अपना फैसला वापस ले लिया था। पवार के पार्टी अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के फैसले से 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले विपक्षी एकता के प्रयासों पर सवालिया निशान लग गया था। अपनी राजनैतिक कौशल के लिए प्रसिद्ध 82 वर्षीय मराठा दिग्गज पवार ने कहा कि महाराष्ट्र और देशभर के विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने उनसे पार्टी अध्यक्ष के रूप में बने रहने का अनुरोध किया था। पवार ने कहा कि वह अपने सहयोगियों और पार्टी कार्यकर्ताओं की भावनाओं का अपमान नहीं कर सकते, जिन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वह अपना फैसला वापस ले लें।



# कर्नाटक को किसी नेता के आशीर्वाद की जरूरत नहीं : सोनिया गांधी

भाषा। हुबली (कर्नाटक)



**कांग्रेस** की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि जनता 10 मई को उन लोगों को जवाब देगी, जो प्रदेश को लूट रहे हैं। उन्होंने यहां एक चुनावी सभा में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के एक बयान का परोक्ष रूप से हवाला देते हुए यह भी कहा कि कर्नाटक को किसी नेता के आशीर्वाद की जरूरत नहीं है, क्योंकि राज्य के लोग अपनी मेहनत पर भरोसा करते हैं। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख ने लोगों का आह्वान किया कि भाजपा की अंधेरनगरी के खिलाफ आवाज बुलंद करना सबकी जिम्मेदारी है। सोनिया गांधी ने आरोप लगाया, डकैती डालना सत्ता में बैठे लोगों का धंधा हो गया है। इन्होंने (भाजपा) डकैती डालकर सत्ता हथिया ली है। इसके बाद उनकी 40 प्रतिशत सरकार जनता को लूटने में लग गई है। उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा का उल्लेख करते हुए दावा किया, इस यात्रा से भाजपा को इतनी घबराहट हुई कि वह हर तरह के दमन पर उतारू हो गई है। इनके नेता किसी सवाल और चिट्ठी का जवाब नहीं देते। वे संवैधानिक संस्थाओं को अपनी जेब में समझते हैं। सोनिया गांधी ने सवाल किया, क्या किसी सरकार में इतनी मनमानी देखी थी? क्या लोकतंत्र ऐसे चलता है? उन्होंने नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह के हालिया बयानों का हवाला देते हुए कहा, आज हालत यह है कि ए खुलेआम धमकी देते हैं। ए कहते हैं कि अगर ए नहीं जीते तो कर्नाटक को मोदी जी का आशीर्वाद नहीं मिलेगा। यह कहते हैं कि अगर भाजपा नहीं जीती, तो दंगा हो जाएगा। आप कर्नाटक के लोगों को इतना विवश और लाचार नहीं समझें। सोनिया गांधी ने कहा, कर्नाटक के लोग किसी के आशीर्वाद पर नहीं, अपनी मेहनत पर भरोसा करते हैं। कर्नाटक के लोग डरपोक और लालची नहीं है। वो 10 मई को बताएं कि कर्नाटक के लोग किस मिट्टी के बने हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया, जनता का भाग्य किसी नेता के अशीर्वाद से तय नहीं होता। जनता अपने भविष्य का फैसला खुद करती है।

# बलिदान हुए सिद्धांत का दो माह पहले ही हुआ था विवाह

## ● राजौरी मुठभेड़

भाषा। दार्जिलिंग ( पश्चिम बंगाल)



**जम्मू-कश्मीर** के राजौरी में आतंकवाद विरोधी अभियान में शहीद हुए सेना के जवान सिद्धांत छेत्री की दो महीने पहले ही शादी हुई थी। शहीद जवान सिद्धांत छेत्री पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले के बिजनबाड़ी इलाके के रहने वाले थे। सिद्धांत के बड़े भाई ओम प्रकाश छेत्री हाल ही में सेना से सेवानिवृत्त हुए हैं। ओम प्रकाश छेत्री ने शनिवार को कहा कि सिद्धांत में केवल देश की सेवा करने का जुनून था। ओम प्रकाश छेत्री ने फोन पर पीटीआई-भाषा से कहा, मेरे भाई में देश सेवा करने का जज्बा था। इसलिए, वह 2020 में सेना में शामिल हुआ था। उसके अच्छे प्रदर्शन के कारण उसे पैरा (विशेष बल) में नियुक्त किया गया। दो महीने पहले ही उसकी शादी हुई थी और वह जम्मू-कश्मीर में अपनी ड्यूटी पर लौट आया था। घर से लौटने के 15 दिन के भीतर ही वह शहीद हो गया। ओम प्रकाश छेत्री ने अपने छोटे भाई का पार्थिव शरीर लेने के लिए बागडोगरा हवाई अड्डे के लिए जाते समय रास्ते में यह बात कही। सिद्धांत सेना के उन पांच जवानों में शामिल थे, जो शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के घने जंगलों वाले कांडी इलाके में आतंकवादियों द्वारा किए गए विस्फोट में शहीद हो गए थे। इस घटना में मेजर रैंक के एक अधिकारी भी गंभीर रूप से घायल है। यह मेजर पैरा (एसएफ) के अधिकारी हैं, जो भारतीय सेना में पैराशूट रेजिमेंट की विशेष बल बटालियनों का एक समूह है। ए इकाइयां आतंकवाद-रोधी, बंधक बचाव, आतंकवाद-रोधी और विशेष टोही अभियान जैसी विभिन्न भूमिकाओं में विशेषज्ञ हैं। सिद्धांत के बड़े भाई ने कहा, वह केवल 24 साल का था। उसकी पत्नी सिर्फ 22 साल की है और दार्जिलिंग की रहने वाली है। सिद्धांत की मौत की खबर सुनने के बाद से वह बार-बार बेहोश हो रही है। हमारे माता-पिता बिल्कुल मौन हो गए हैं और एक शब्द नहीं कह पा रहे हैं। सिद्धांत का पार्थिव शरीर जम्मू से वायु सेना के विशेष विमान से बागडोगरा हवाईअड्डे पर पहुंचा। वहां से इसे सड़क मार्ग से बंगडूबी सैन्य अड्डा ले जाया गया, जहां शहीद पैराट्रूपर को पूरा सैन्य सम्मान दिया गया।

# मेइती लोगों की भीड़ से रक्षा करने के लिए कुकी महिलाओं ने बनाई मानव शृंखला

भाषा। इंफाल, चुराचांदपुर

**मणिपुर** में हाल में हुई हिंसा के बाद चुराचांदपुर में मेइती समुदाय के लोगों को भीड़ से बचाकर सेना के वाहनों में सवार होने का वक्त देने के लिए कुकी समुदाय की महिलाओं ने मानव श्रृंखला बनाकर भलमनसाहत का परिचय दिया।

हिंसा प्रभावित क्षेत्रों से सेना मेइती समुदाय के लोगों को बाहर निकाल रही थी और कुकी महिलाओं ने अपने प्रयासों के माध्यम से भीड़ को उन्हें नुकसान नहीं पहुंचाने दिया। पहचान जाहिर नहीं करने के इच्छुक एक स्थानीय निवासी ने पीटीआईभाषा को बताया, हिंसा प्रभावित क्षेत्र से लोगों को सुरक्षित निकाले जाने के दौरान महिलाएं सड़क पर लाइन बनाकर खड़ी हो गई और भीड़ को आगे नहीं बढ़ने दिया, न हीं उन्हें तोड़-फोड़ करने दी। घटना का वीडियो जल्दी ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

स्थानीय निवासी ने कहा, भीड़ उन्हें (मेइती) नुकसान ना पहुंचा सके, यह सुनिश्चित करके कुकी महिलाओं ने मानवता का गंभीर संदेश दिया है। व्यक्ति का दावा है कि मणिपुर में जिस दिन हिंसा अपने चरम पर थी उसी दिन (बृहस्पतिवार) उन्होंने अपनी आंखों से पूरी घटना देखी। लिनथोई चानू नामक व्यक्ति ने ट्वीट किया कि ट्विटर पर साम्प्रदायिक घृणा और समुदायों के बीच संबंधों में और तनाव पैदा होने की तमाम सूचनाएं आ रही हैं।

# पाथिराना के झटके से मुंबई इंडियंस जीत से भटकी

**● चेन्नई सुपरकिंग्स ने 6 विकेट से हराया, तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचा**

**भाषा।** चेन्नई



**मथीशा पथिराना की** अगुवाई में तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से चेन्नई सुपरकिंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में शनिवार को यहां चिर प्रतिद्वंद्वी मुंबई इंडियंस पर 14 गेंद शेष रहते छह विकेट से जीत दर्ज की। पथिराना ने चार ओवर में महज 15 रन देकर तीन विकेट लिए, जिससे मुंबई आठ विकेट पर 139 रन ही बना सकी। चेन्नई ने 17.4 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत से चेन्नई की टीम 11 मैचों में 13 अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई। मुंबई इस मैच के बाद 10 मुकाबलों में 10 अंक के साथ छठे स्थान पर है। पथिराना ने आखिरी ओवरों में कमाल की गेंदबाजी की तो वहीं शुरुआती तीन ओवरों में दीपक चाहर और तुषार देशपांडे ने तीन विकेट चटकाकर मुंबई को बैकफुट पर धकेला। दोनों को दो-दो सफलता मिली। रविंद्र जडेजा ने एक विकेट चटकाया। चेन्नई के लिए डेवोन कॉनवे ने एक छोर संभाले रखा और 42 गेंद में 44 रन की पारी खेली। उन्हें दूसरे छोर से ऋतुराज गायकवाड़ (16 गेंद में 30 रन), अजिंक्या रहाणे (17 गेंद में 21 रन) और शिवम दुबे (18 गेंद में 26 रन) का अच्छा साथ मिला। मुंबई के लिए पीयूष चावला ने चार ओवर में 25 रन देकर दो विकेट लिए। ट्रिस्टन स्टब्स और आकाश मेधवाल को एक-एक सफलता मिली। मुंबई के लिए नेहाल वढेरा (51 गेंद में 64 रन) ने इंडियन प्रीमियर लीग में पहली अर्धशतकीय पारी खेली। वढेरा ने अपनी पारी में आठ चौके और एक छक्का लगाया। उन्होंने इस दौरान सूर्यकुमार यादव (22 गेंद में 26 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 55 और ट्रिस्टन स्टब्स (21 गेंद में 20 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 54 रन की साझेदारी की। चेन्नई ने आक्रामक तरीके से लक्ष्य का पीछा करना शुरू किया। ऋतुराज गायकवाड़ ने शुरुआती ओवर में ग्रीन के खिलाफ दो चौके जड़ने के बाद तीसरे ओवर में अरशद खान के खिलाफ दो छक्के और दो चौके लगाए। दूसरे छोर से डेवोन कॉनवे ने भी चौथे ओवर में जोफ्रा आर्चर के खिलाफ दो चौके जड़े। पांचवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आए पीयूष चावला ने पहली ही गेंद पर गायकवाड़ को अपनी फिरकी में फंसा कर पहले विकेट के लिए 26 गेंद में 46 रन की उनकी साझेदारी को तोड़ा। क्रीज पर आए अजिंक्य रहाणे (17 गेंद में 21 रन) ने चावला के खिलाफ तो वहीं कॉनवे ने पदार्पण कर रहे राघव गोयल के खिलाफ चौका मारा। रहाणे नौवें ओवर में चावला के खिलाफ छक्का लगाने के बाद पगबाधा हो गए। अंबाती रायुडु एक बार फिर असफल रहे, 11 गेंद में उनकी 12 रन की पारी को स्टब्स ने खत्म किया। शानदार लय में चल रहे शिवम दुबे ने राघव गोयल के खिलाफ 14 ओवर में दो छक्के जड़ टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचाया। एक छोर से संभल कर बल्लेबाजी कर रहे डेवोन कॉनवे हालांकि टीम को जीत दिलाने तक क्रीज पर नहीं रहे। वह मेघवाल की गेंद पर पगबाधा हुए। पारी के 18वें ओवर में शिवम दुबे ने छक्का लगाया जबकि महेंद्र सिंह धोनी (नाबाद दो) ने एक रन लेकर टीम को जीत दिला दी। इससे पहले मुंबई इंडियंस के लिए इशान किशन (नौ गेंद में सात रन) के साथ कप्तान रोहित शर्मा (शून्य) की जगह कैमरुन ग्रीन (चार गेंद में छह रन) ने पारी का आगाज किया लेकिन टीम का यह फैसला कारगर नहीं रहा।

## स्कोरबोर्ड

**मुंबई इंडियंस पारीः** ग्रीन बो देशपांडे 06, किशन का तीक्षणा बो चाहर 07,रोहित का जडेजा बो चाहर 00, वढेरा बो पथिराना 64, सूर्यकुमार बो जडेजा 26,स्टब्स का जडेजा बो पथिराना 20,डेविड का गायकवाड़ बो देशपांडे 02,खानका गायकवाड़ बो पथिराना 01,आर्चर नाबाद 03,चावला नाबाद 02,अतिरिक्त : (लेग बाईः 05, वाइडः 03) 08,कुल योग (20 ओवर में आठ विकेट पर) 139 रन,**विकेट पतनः** 1-13, 2-13, 3-14, 4-69, 5-123, 6-127, 7-134, 8-137,**गेंदबाजीः** चाहर 3-0-18-2,देशपांडे 4-0-26-2,जडेजा 4-0-37-1,अली 1-0-10-0, तीक्षणा4-0-28-0,पथिराना 4-0-15-3

**चेन्नई सुपरकिंग्स पारीः** गायकवाड़ का इशान बो चावला 30,कॉनवेपगबाधा मेधवाल 44,रहाणे पगबाधा चावला 21,रायुडु का गोयल बो स्टब्स 12, दुबे नाबाद 26, धोनी नाबाद 02,अतिरिक्तः (लेगबाईः 02 , नोबॉलः01 , वाइडः02) 05,**कुल योगः** (17.4 ओवर मे चार विकेट पर) 140 रन,विकेट पतन :1-46, 2-81, 3-105, 4-130,**गेंदबाजीः** ग्रीन1-0-10-0,आर्चर4-0-24-0,खान 1.4-0-28-0, चावला4-0-25-2, गोयल 4-0-33-0, स्टब्स 2-0-14-0, मेधवाल1-0-4-1

## आईपीएल-16 स्टेडियम से

### रोहित को कुछ समय की विश्राम की जरूरतः गावस्कर



**नई दिल्ली।** महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर मानना है कि भारत और मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से ब्रेक (विश्राम) लेकर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए पूरी तैयारी करनी चाहिए। गावस्कर का मानना है कि टी20 लीग में लंबे समय तक कम स्कोर के बाद रोहित का आत्मविश्वास डगमगा गया है। उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, मैं चाहूंगा कि रोहित फिलहाल ब्रेक ले और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए खुद को फिट रखे। वह आखिरी के कुछ मैचों के लिए वापसी कर सकते है लेकिन फिलहाल उन्हें खुद को थोड़ा विश्राम देना चाहिए। डब्ल्यूटीसी का फाइनल लंदन के ओवल में सात से 11 जून तक होना है। चेन्नई सुपर किंग्स ने शनिवार को चेपॉक में छह विकेट की आसान जीत के साथ मुंबई इंडियंस के खिलाफ इस मैदान पर 13 साल के बाद जीत दर्ज की।

### जितेश शर्मा के लिए किसी भी समय आ सकता है राष्ट्रीय टीम का बुलावाः जोशी

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व मुख्य चयनकर्ता और पंजाब किंग्स के मौजूदा स्पिन गेंदबाजी कोच सुनील जोशी का मानना है कि जितेश शर्मा देश के सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर बल्लेबाजों में शामिल है और उन्हें किसी भी समय राष्ट्रीय टीम में शामिल किया जा सकता है। जितेश पिछले दो श्रृंखलाओं में भारतीय टी20 टीम का हिस्सा थे लेकिन उन्हे किसी भी मैच में खेलने का मौका नही मिला। उन्होंने पिछले 24 महीनों में पंजाब किंग्स की तरफ से इंडियन प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन किया है और इसे देखते हुए उन्हे आगामी टी-20 श्रृंखला में भारतीय टीम में जगह मिल सकती है। जोशी ने पीटीआई से कहा, जितेश शानदार खिलाड़ी है। इससे उनके कौशल का पता चलता है कि उन्हें संजू सैमसन की जगह भारतीय टीम में शामिल किया गया था। पिछले 18 महीनों में घरेलू और आईपीएल में उनके प्रदर्शन के कारण वह कई अन्य विकेटकीपरों से आगे है।

### राष्ट्रीय टीम से जुड़ेंगे जोश लिटिल, गुजरात के लिए आगामी कुछ मैचों में नहीं खेलेंगे

नई दिल्ली। आयरलैंड के तेज गेंदबाज जोश लिटिल अपनी राष्ट्रीय टीम की तरफ से बांग्लादेश के खिलाफ एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलने के लिए स्वदेश लौट गए है और वह गुजरात टाइटंस की तरफ से इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी कुछ मैचो में नही खेल पाएंगे। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज को बांग्लादेश के खिलाफ नौ मई से शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए आयरलैंड की टीम में शामिल किया गया है। गुजरात टाइटंस के क्रिकेट निदेशक विक्रम राठौड़ ने मीडिया को जारी विज्ञप्ति में कहा, हम जोश को शुभकामनाएं देते है जो वनडे में आयरलैंड का प्रतिनिधित्व करने के लिए वापस लौट रहे है।

### पथिराना को टेस्ट क्रिकेट से दूर रहना चाहिएः धोनी



चेन्नई। चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने युवा तेज गेंदबाज मथीश पथिराना को श्रीलंका क्रिकेट के लिए शानदार कौशल करार देते हुए शनिवार को कहा कि उन्हें टेस्ट क्रिकेट से दूर रहना चाहिए। दिग्गज लसिथ मलिंगा की तरह एक्शन वाले 20 साल के इस गेंदबाज ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ चार ओवर में 15 रन देकर तीन विकेट झटके और मैन ऑफ द मैच चुने गए। धोनी ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा कि स्लिंग एक्शन वाले गेंदबाजो को चोटिल होने का खतरा अधिक रहता है। उन्होंने पाथिराना और श्रीलंकाई क्रिकेट प्रशासकों को उन्हे खेल के सभी प्रारूपों में खेलने के खिलाफ आगाह किया। धोनी ने कहा, जिन गेंदबाजों का एक्शन जटिल होता है बल्लेबाजो के लिए उसकी गेंदों को पढ़ना मुश्किल होता है। पथिराना की बात करें तो उसकी निरंतरता और तेजी उसे खास बनाती है। , मुझे लगता है कि उसे टेस्ट क्रिकेट नही खेलना चाहिए, उसके बारे में सोचना भी नही चाहिए। वह केवल आईसीसी टूर्नामेंट ही खेल सकता है। वह युवा है और वह श्रीलंकाई क्रिकेट के लिए काफी अहम साबित होगा। पिछली बार वह यहां आया था तब काफी दुबला था लेकिन अब थोड़ा मजबूत हो गया है। धोनी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। उन्होने हालांकि खुलासा किया कि वह पहले बल्लेबाजी करना चाहते थे, लेकिन टीम की बैठक में उनके मत से मेल खाने वालो की संख्या कम थी। मै टॉस के फैसले को लेकर पशोपेश में था, मै पहले बल्लेबाजी करना चाहता था लेकिन टीम ने बारिश की संभावना को ध्यान में रखते हुए पहले गेंदबाजी का फैसला किया। अगर किसी तरह का भ्रम होता है तो हम बैठकर इसके बारे में बात करते है। मुझे लगा कि विकेट धीमा हो जाएगा और इसके पीछे यही कारण था, और अगर बारिश भी आती है तो मैच का अधिकांश हिस्सा हो चुका होता। मुंबई के कप्तान रोहित से जब टीम की हार का कारण पूछा गया तो उन्होंने कहा, हमने हर विभाग में गलती की।

### एसआर ग्लोबल स्कूल बीकेटी फाइनल में

**लखनऊ।** एसआर ग्लोबल स्कूल बीकेटी ने प्रथम टीएचएस कप अंडर-14 इंटर स्कूल लेदर बाल क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में सीएमएस चौक को 11 रन से हराते हुए फाइनल में स्थान सुरक्षित किया। टेंडर हार्ट्स स्कूल कुर्सी रोड के खेल मैदान पर आयोजित इस टूर्नामेंट में शनिवार को खेले गए मैच में एसआर ग्लोबल स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 121 रन बनाए। जवाब में सीएमएस चौक निर्धारित ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 110 रन ही बना सका और जीत से 11 रन दूर रह गया।

### फुटबॉल टूर्नामेंट 7 मई से

**लखनऊ।** वरिष्ठ पत्रकार व खेल प्रमोटर स्वर्गीय सुभाष मिश्र की स्मृति में सुपर स्पोर्ट्स कप सेवन ए साइड नाइट फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे संस्करण का आयोजन आगामी 7 व 8 मई 2023 को होगा जिसमें लखनऊ की आठ बेहतरीन टीमें खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। सुपर स्पोर्ट्स सोसायटी के तत्वावधान में होने वाले दो दिवसीय इस नाइट फुटबॉल टूर्नामेंट के मुकाबले लामार्टिनियर कॉलेज की बेकर फील्ड पर खेले जाएंगे।

### डीएसएस क्लब जीता

**लखनऊ।** मैन ऑफ द मैच कामरान 44 रन दो विकेट के आलराउंड खेल से डीएसएस क्लब ने प्रथम आइरिस क्राउन स्कूल कॉरपोरेट टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में बनारस क्रिकेट क्लब को 29 रन से मात दी। दिन के दूसरे मैच में तारिक क्रिकेट क्लब ने एफ्रोए वारियर्स को 7 विकेट से पराजित किया। कैरियर क्रिकेट ग्राउंड पर पहले मैच में डीएसएस क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए जीशान नाबाद 63 कामरान नाबाद 44 व शरीफ36 की पारियों से निर्धारित ओवर में 7 विकेट पर 191 रन का स्कोर बनाया। जवाब में बनारस क्रिकेट क्लब की टीम 19.4 ओवर में 162 रन पर सिमट गयी।

### शाजी एएफसी कार्यकारी समिति के सदस्य चुने

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के महासचिव शाजी प्रभाकरण को शनिवार को ढाका में दक्षिण एशियाई फुटबाल महासंघ (एसएएफएफ) कांग्रेस के दौरान एशियाई फुटबाल परिसंघ (एएफसी) कीसमिति का सदस्य चुना गया। पिछले साल एआईएफएफ के महासचिव का पद संभालने वाले प्रभाकरण को एसएएफएफ के प्रतिनिधि के रूप मे एएफसी कार्यकारी समिति के लिए चुना गया है।

### रेट हल्केट, एलन टैन हॉकी शिविर से जुड़े

बेंगलुरु। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के नवनियुक्त विश्लेषणात्मक कोच रेट हल्केट और वैज्ञानिक सलाहकार एलन टैन यहां के भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) केंद्र मे नए मुख्य कोच क्रेग फुल्टन के नेतृत्व मे टीम शिविर मे शामिल हुए। यह दोनो गुरुवार को नई दिल्ली पहुंचे थे और फिर वहां से बेंगलुरु आए। भारत 26 मई से होने वाले एफआईएच प्रो लीग के आगामी यूरोपीय चरण के लिए अपनी तैयारी शुरू कर रहा है और रेट तथा एलन दोनों फुल्टन के साथ मिलकर काम करेंगे।

### अल्कराज ने मैड्रिड ओपन के फाइनल में

मैड्रिड। स्पेन के कार्लोस अल्कराज ने घरेलू दर्शकों के अपार समर्थन के बीच सीधे सेटो मे जीत दर्ज करके मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल मे जगह बनाकर अपना 20 वां जन्मदिन मनाया।अल्कराज ने शुक्रवार को खेले गए मैच मे 17वी वरीयता प्राप्त बोर्ना कोरिच को आसानी से 6-4, 6-3 से पराजित किया। इसके बाद उन्होने सेंटर कोर्ट पर केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया। विश्व मे दूसरे रैंकिंग के अल्कराज का फाइनल मे मुकाबला यान लेनार्ड स्ट्रफ से होगा।

# सॉल्ट के तूफान में उड़ा आरसीबी

**● दिल्ली कैपिटल्स सात विकेट से जीता**

**भाषा।** नई दिल्ली



**विकेटकीपर** बल्लेबाज फिल सॉल्ट के तूफानी अर्धशतक से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के एकतरफा मुकाबले में शनिवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को सात विकेट से हराकर प्ले ऑफ में जगह बनाने की उम्मीदें बरकरार रखी। आरसीबी के 182 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली ने सॉल्ट की 45 गेंद में छह छक्कों और आठ चौकों से 87 रन की पारी के अलावा कप्तान डेविड वार्नर (22) के साथ उनकी पहले विकेट की 60, मिशेल मार्श (26) के साथ दूसरे विकेट की 59 और रिली रोसेयु (22 गेंद में नाबाद 35, तीन छक्के, एक चौका) के साथ तीसरे विकेट की 52 रन की साझेदारी से 20 गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 187 रन बनाकर जीत दर्ज की। इस जीत के साथ दिल्ली ने आरसीबी के खिलाफ लगातार चार हार के क्रम को भी तोड़ दिया। टीम अंक तालिका में 10 मैच में आठ अंक के साथ नौवें स्थान पर है। आरसीबी की टीम 10 मैच में 10 अंक के साथ पांचवें स्थान पर बनी हुई है। आरसीबी ने इससे पहले विराट कोहली (46 गेंद में 55 रन, पांच चौके) और महिपाल लोमरोर (29 गेंद में 54 रन, छह चौके, तीन छक्के) के अर्धशतक और दोनों के बीच तीसरे विकेट की 55 रन की साझेदारी से चार विकेट पर 181 रन बनाए। कोहली ने कप्तान फाफ डुप्लेसी (45) के साथ भी पहले विकेट के लिए 82 रन जोड़े। दिल्ली की ओर से मार्श सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 21 रन देकर दो विकेट चटकाए। मुकेश कुमार और खलील अहमद ने एक-एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे दिल्ली को वार्नर और सॉल्ट की सलामी जोड़ी ने 31 गेंद में 60 रन जोड़कर तूफानी शुरुआत दिलाई। वार्नर ने मोहम्मद सिराज के पहले ओवर में दो चौकों के साथ शुरुआत की जिसके बाद सॉल्ट ने जोश हेजलवुड के ओवर में चौका और छक्का मारा। वार्नर ने वानिंदु हसरंगा का स्वागत छक्के और चौके के साथ किया। सॉल्ट ने पांचवें ओवर में सिराज को निशाना बनाते हुए उनकी लगातार गेंदों पर दो छक्के और एक चौका मारा लेकिन वार्नर हेजलवुड की गेंद को हवा में लहराकर मिड ऑफ पर डुप्लेसी को कैच दे बैठे। मार्श ने आते ही हेजलवुड पर छक्का और चौका मारा जिससे दिल्ली ने पावरप्ले में एक विकेट पर 70 रन बनाए। यह दिल्ली का मौजूदा सत्र में सर्वश्रेष्ठ जबकि आरसीबी का सबसे खराब प्रदर्शन है। सॉल्ट ने लेग स्पिनर कर्ण शर्मा पर दो चौकों के साथ 28 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और नौवें ओवर में टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। मार्श ने हर्षल पटेल की दूसरी ही गेंद पर चौका जड़ा लेकिन अगली गेंद पर लोमरोर को कैच दे बैठे। उन्होंने 17 गेंद में तीन चौके और एक छक्का मारा।हर्षल के पारी के 13वें ओवर में रिली रोसेयु ने दो जबकि सॉल्ट ने एक छक्का मारा। इस ओवर में 24 रन बने। दिल्ली को अंतिम छह ओवर में सिर्फ 23 रन की जरूरत थी और टीम ने सॉल्ट का विकेट गंवाकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। सॉल्ट को कर्ण ने बोल्ड किया।इससे पहले आरसीबी ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद डुप्लेसी और कोहली ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई।

## स्कोरबोर्ड

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोरः** कोहली का खलील बो मुकेश 55,फाफ डुप्लेसी का अक्षर बो मार्श 45,मैक्सवेल का सॉल्ट बो मार्श 00,लोमरोर नाबाद 54, कार्तिक का वार्नर बो खलील 11,रावत नाबाद 08,अतिरिक्तः 08,**कुलः** 20 ओवर में चार विकेट परः 181 रन,विकेट पतनः 1-82, 2-82, 3-137, 4-172,**गेंदबाजीः**खलील 4-0-45-1,अक्षर 3-0-17-0, इशांत 3-0-29-0,मुकेश 3-0-30-1,मार्श 3-0-21-2,कुलदीप 4-0-37-0

**दिल्ली कैपिटल्सः**वार्नर का डुप्लेसी बो हेजलवुड 22, फिल सॉल्ट बो कर्ण 87, मार्श का लोमरोर बो हर्षल 26,रोसेयु नाबाद 35,पटेल नाबाद 08,**अतिरिक्तः** 09,**कुलः** 16.4 ओवर में तीन विकेट परः 187 रन,**विकेट पतनः** 1-60, 2-119, 3-171,**गेंदबाजीः**सिराज 2-0-28-0,मैक्सवेल1.4-0-14-0,हेजलवुड 3-0-29-1 ,हसरंगा 4-0-32-0, कर्ण 3-0-33-1,लोमरोर1-0-13-0, हर्षल 2-0-32-1

# बिंदयारानी ने उठाया चांदी का भार

**● एशियाई चैंपियनशिप में रजत पदक जीता**



**जिन्जू (कोरिया)।** भारतीय भारोत्तोलक बिंदयारानी देवी ने खराब शुरुआत से उबरकर शनिवार को यहां एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप में महिलाओं के 55 किग्रा भार वर्ग में रजत पदक जीता। राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता बिंदयारानी ने कुल 194 किग्रा (83 किग्रा ़ 111 किग्रा) वजन उठाकर दूसरा स्थान हासिल किया। 55 किग्रा भार वर्ग हालांकि ओलंपिक में शामिल नहीं है। बिंदयारानी ने कहा, मैं आज के अपने प्रदर्शन से खुश हूं। ट्रायल्स से पहले मेरे बाएं घुटने में चोट लग गई थी। यह चोट ठीक होने के बाद मेरा दाहिना घुटना दर्द करने लग गया जिससे मेरी तैयारियां प्रभावित हुई और मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाई। ईश्वर की कृपा से आज मेरे शरीर ने पूरा साथ दिया। बिंदयारानी ने क्लीन एवं जर्क में भी रजत पदक जीता। मणिपुर की यह खिलाड़ी स्नैच और क्लीन एवं जर्क में एक एक बार भार उठाने में नाकाम रही। हालांकि वह यदि इन दोनों प्रयासों में सफल भी रहती तब भी स्वर्ण पदक नहीं जीत पाती। चीनी ताइपे की चेन गुआन लिंग ने 204 किग्रा (90 किग्रा ़ 114 किग्रा) के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि वियतनाम की वो थी क्विन न्हु 192 किग्रा (88 किग्रा ़ 104 किग्रा) ने कांस्य पदक हासिल किया। ओलंपिक में शामिल नहीं होने के कारण 55 किग्रा में भाग लेने वाले शीर्ष खिलाड़ी इससे कम या अधिक भार वर्ग में हिस्सा ले रहे हैं। बिंदयारानी ने स्नैच में पहले दो प्रयासों में 80 किग्रा और 83 किग्रा भार उठाया। इसके बाद उन्होंने 85 किग्रा भार उठाने का प्रयास किया लेकिन उसमें वह असफल रही।

# हार्दिक की गुजरात टाइटंस का सामना क्रुणाल की लखनऊ सुपरजाइंट्स से

**भाषा।** अहमदाबाद



**मौजूदा चैंपियन** और अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहे गुजरात टाइटंस का मुकाबला इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रविवार को यहां जब लखनऊ सुपरजाइंट्स से होगा तो इस मैच में पंड्या बंधुओं हार्दिक और क्रुणाल के कप्तानी कौशल की भी परीक्षा होगी। हार्दिक ने जहां कई अवसरों पर भारतीय टीम की अगुवाई की है और पिछले साल से गुजरात टाइटंस के कप्तान है वहीं क्रुणाल घरेलू क्रिकेट में बड़ौदा टीम की कप्तानी करते रहे हैं तथा नियमित कप्तान केएल राहुल के चोटिल होने के कारण उन्हें लखनऊ सुपरजाइंट्स की कप्तानी सौंपी गई है। यह पहला अवसर है जबकि आईपीएल में दो भाई अलग-अलग टीमों की अगुवाई कर रहे हैं। हार्दिक की अगुवाई में गुजरात टाइटंस ने शानदार प्रदर्शन किया है और अभी उनकी टीम 14 अंक लेकर अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज है। क्रुणाल ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ जिस पहले मैच में लखनऊकी कप्तानी की वह बारिश से धुल गया था। उनकी जिम्मेदारी टीम का मनोबल बढ़ाने की भी होगी जिसे अपने नियमित कप्तान के अलावा तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट की भी कमी खलेगी। लखनऊअभी 11 अंक लेकर अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। उसे चेन्नई के खिलाफ मैच बारिश की भेंट चढ़ जाने से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था।

### हार की हैट्रिक से बचने के लिए उतरेगी राजस्थान रॉयल्स की टीम

**जयपुर।** पिछले दो मैचो मे हार से पस्त राजस्थान रॉयल्स को अगर हार की हैट्रिक से बचना है तो उसे सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच मे बल्लेबाजी मे बेहतर प्रदर्शन करना होगा। रॉयल्स के बल्लेबाजो ने शुक्रवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ बेहद खराब प्रदर्शन किया था और उसकी पूरी टीम 118 रन पर आउट हो गई थी। मुंबई इंडियंस और गुजरात के हाथो हार के बावजूद रॉयल्स ने चोटी की चार टीम मे अपनी जगह बनाए रखी है। उसने अभी तक पांच मैच जीते है जबकि इतने ही मैचो मे उसे हार का सामना करना पड़ा है। उसे हालांकि आगामी मैचो मे किसी भी तरह का ढीला प्रदर्शन महंगा पड़ सकता है।

### आकाश और निशांत विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के प्री-क्वार्टर फाइनल में

**ताशकंद।** भारत के आकाश सांगवान (67 किग्रा) और निशांत देव (71 किग्रा) ने शनिवार को यहां अपने मुकाबले जीतकर आईबीए पुरुष विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। आकाश ने शुरुआत से ही चीन के फू मिंग्के के खिलाफ दबदबा बनाया और 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से जीत दर्ज की। मिंग्के के पास आकाश की तेजी का कोई जवाब नहीं था और भारतीय मुक्केबाज लगातार विरोधी मुक्केबाज के मुक्कों से बचने में सफल रहा। आकाश प्री क्वार्टर फाइनल में मंगलवार को कजाखस्तान के दुलात बेकबाओव से भिड़ेंगे। दूसरी तरफ मिडिलवेट वर्ग में निशांत ने दक्षिण कोरिया के ली सेंगमिन को बाहर का रास्ता दिखाया। पिछले दौर में विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता अजरबेजान के सरखान अलिएव को पछाड़ने वाले निशांत ने अपनी तकनीकी दक्षता का नमूना पेश करते हुए सेंगमिन के खिलाफ 5-0 से जीत हासिल की।

# उप्र के खिलाड़ियों का दबदबा



**● पहले दिन पांच स्वर्ण पदक जीते**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने प्रथम नेशनल कोबुडो मार्शल आर्ट चैंपियनशिप-2023 के पहले दिन शानदार प्रदर्शन के साथ 5 स्वर्ण पदक जीतते हुए अपना दबदबा कायम किया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम बहुउद्देशीय हाल में आयोजित चैंपियनशिप में उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने भी तीन स्वर्ण पदक जीते। चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय व विशिष्ट अतिथि रजत डिग्री कॉलेज के चेयरमैन डा.आरजे सिंह चौहान व उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव रजत आदित्य दीक्षित ने किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए कोबुडो मार्शल आर्ट एसोसिएशन ऑफइंडिया के चेयरमैन आनंद किशोर पाण्डेय ने किया। पहले दिन हुए मुकाबलों में बालक काता 7 साल में उत्तर प्रदेश के सूर्यांश विक्रम सिंह ने स्वर्ण व राघव गुप्ता ने रजत पदक जीता। बालक काता 10 साल में उत्तर प्रदेश के अरमान शुक्ला ने स्वर्ण व विराट श्रीवास्तव ने रजत पदक जीता। बालक काता 13 सालद्ध में उत्तराखंड के भार्गव सिंह नितवाल ने स्वर्ण व उत्तर प्रदेश के आदर्श प्रजापति ने रजत पदक जीता। बालक काता 12 सालमें उत्तर प्रदेश के नितेंद्र कुमार ने स्वर्ण व आकाश कश्यप ने रजत पदक जीता। बालक काता 8 सालद्ध में उत्तर प्रदेश के समृद्ध गौतम ने स्वर्ण व अग्रिम कटियार ने रजत पदक जीता। बालक काता ;7 सालद्ध में उत्तर प्रदेश के अभिषेक श्रीवास्तव ने स्वर्ण पदक जीता। बालक काता-14 साल में उत्तराखंड के अस्तित्व यदुवंशी व बालिका काता14 साल में उत्तराखंड की आर्यही कुमारी ने स्वर्ण पदक जीते।

# चोपड़ा का लक्ष्य, एक और जीत पर

**● आगामी प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की इच्छा**



**दोहा।** भारत के भाला फेंक के एथलीट नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग के अपने खिताब के बचाव के लिए पहले चरण में जीत दर्ज कर शानदार शुरुआत की लेकिन इस ओलंपिक चैंपियन ने कहा कि वह सत्र की आगामी प्रतियोगिता में अपने प्रदर्शन को नए मुकाम पर ले जाना चाहेंगे। पिछले साल डायमंड लीग फाइनल की ट्रॉफी हासिल करने वाले चोपड़ा ने शुक्रवार को सत्र के पहले चरण में कई स्टार खिलाड़ियों की मौजूदगी में 88.67 मीटर भाला फेंककर पहला स्थान हासिल करके अपने अभियान की बेहतरीन शुरुआत की। चोपड़ा ने कहा, यह जीत आसानी से नहीं मिली लेकिन मैं बहुत खुश हूं। यह वास्तव में मेरे लिए बहुत अच्छी शुरुआत है। मैं इस सत्र में फिट रहना चाहूंगा और अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखना चाहूंगा। मैं आगामी प्रतियोगिताओं में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा। मेरी योजना फिट बने रहने और पहले से बेहतर प्रदर्शन करने की है। चोपड़ा का लक्ष्य 90 मीटर की दूरी को पार करना है। विश्व एथलेटिक्स के अनुसार वह अब 27 जून को चेक गणराज्य में ऑस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। चोपड़ा पिछले कुछ समय से तुर्किए के अंताल्या में अभ्यास कर रहे थे। इस भारतीय स्टार ने कहा, मुझे उम्मीद है कि आगामी प्रतियोगिताओं में मैं पहले स्थान पर रहकर अपनी निरंतरता बनाए रखूंगा। चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में पहले प्रयास में ही अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। यह उनका कुल मिलाकर चौथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। ओलंपिक चैंपियन को इस दौरान दर्शकों का अपार समर्थन मिला क्योंकि काफी भारतीय दर्शक वहां पहुंचे थे।

### मोदी ने बधाई दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाला फेंक के एथलीट नीरज चोपड़ा को अपने सत्र के शुरू मे ही डायमंड लीग का खिताब जीतने के लिए बधाई और आगामी प्रतियोगिताओ के लिए शुभकामनाएं दी। मोदी ने ट्वीट किया, वर्ष की पहली प्रतियोगिता और पहला स्थान। नीरज चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग मे 88.67 मीटर भाला फेंककर चमक बिखेरी। उन्हे बधाई। भविष्य की प्रतियोगिताओ के लिए शुभकामनाएं। पिछले साल सितंबर मे स्विट्जरलैंड मे डायमंड लीग फाइनल की ट्रॉफी जीतने वाले 25 वर्षीय ओलंपिक चैंपियन चोपड़ा ने कई स्टार खिलाड़ियों की मौजूदगी के बावजूद बेहतरीन प्रदर्शन करके दोहा डायमंड लीग का खिताब जीतकर अपने सत्र की शानदार शुरुआत की।

### महापंचायत सफल होने की उम्मीद : प्रदर्शनकारी पहलवान

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे पहलवानों को उम्मीद है कि रविवार को जंतर-मंतर पर होने वाली खाप महापंचायत सफल होगी और इससे उन्हें और अधिक समर्थन मिलेगा। बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक सहित शीर्ष पहलवान 23 अप्रैल से यहां जंतर-मंतर पर भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं और एक नाबालिग सहित सात पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के आरोप में उनकी गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। विनेश ने शनिवार को कहा, जंतर मंतर पर हमारे धरने का आज 14वां दिन है। तथ्य यह है कि आप लोग (समर्थक) यहां हैं और हम भी यहां हैं। हम उन सभी को धन्यवाद देना चाहते हैं जो यहां हमारे साथ यहां बैठे हैं और हमारा समर्थन कर रहे हैं। इंसाफ की इस लड़ाई में हमारे साथ खड़े होने के लिए हम पूरे देश का शुक्रिया अदा करना चाहते हैं।